# *Chapter 3*

# *Bhagwan Rushabhdev*

## સુપાર્શ્વ-ચંદ્રપ્રભુ-સુવિધિનાથ જિન વંદના...

जिणवर-सुपास ! रक्खसु, पुढवीमलयम्मि चंदणसरिच्छ ! ।
सिरियपइट्ठनिवकुलाऽऽहारवरत्थंम ! अम्हे वि ।।७।।

શ્રી પ્રતિષ્ઠ રાજાના કુળરૂપી ગૃહના પ્રતિષ્ઠાસ્તંભરૂપ અને પૃથ્વી માતારૂપ મલયાચલમાં ચંદન સમાન હે **સુપાર્શ્વનાથ !** મારી રક્ષા કરો. ૭

महसेणकुलमयंको !, लक्खमणाकुक्खिमाणसमराल ! ।
भयवं चंदप्पहजिण !, तारसु अम्हे भवोदहिओ ।।८।।

મહાસેન રાજાના વંશરૂપી આકાશમાં ચંદ્ર સમાન અને લક્ષ્મણા દેવીની કુક્ષિરૂપી સરોવરમાં હંસ સમાન એવા હે **ચંદ્રપ્રભુ !** તમે અમારી રક્ષા કરો. ૮

सुग्गीवतणय ! रामा-देवी-णंदणवणुव्विकप्पतरू ! ।
सुविहिजिणो मज्झ दिससु, परमपयपयासगं मग्गं ।।९।।

સુગ્રીવરાજાના પુત્ર અને શ્રીરામાદેવી રૂપ નંદનવનની ભૂમિમાં કલ્પવૃક્ષ રૂપ એવા હે **સુવિધિનાથ!** અમારું શીઘ્ર કલ્યાણ કરો. ૯

# 1

# ।। श्री ऋषभपञ्चाशिका ।।

**धनपाल**

પ્રસ્તાવના :

ઋષભપંચાશિકા ગ્રંથ શ્રી ઋષભદેવ ભગવાનની કાવ્યાત્મક સ્તુતિનો અદ્‌ભૂત ગ્રંથ છે. તેમાં કવિશ્રી ધનપાલે અલ્પ શબ્દોમાં ભગવાન ઋષભદેવનું જીવન ચરિત્ર સુંદર રીતે વર્ણવ્યું છે.

जयजंतुकप्पपायव ! चंदायव ! रागपंकयवणस्स।
सयलमुणिगामगामणि ! तिलोअचूडामणि ! नमो ते।।१।।

(जगज्जन्तुकल्पपादप ! चन्द्रातप ! रागपङ्कजवनस्य।
सकलमुनिग्रामग्रामणी- स्त्रिलोकचूडामणे ! नमस्ते।।)

હે જગત્‌ના જીવો પ્રતિ વાંછિત ફળ આપનાર હોવાથી કલ્પવૃક્ષ (સમાન યોગીશ્વર) ! રાગરૂપી (સૂર્ય વિકાસી) કમલોના વન પ્રતિ (તેને નિમીલન કરનાર હોથાવી) ચન્દ્ર-પ્રભા (તુલ્ય પરમેશ્વર) ! હે સકલ (કળાથી યુક્ત એવા) મુનિ-ગણના નાયક ! હે સ્વર્ગ, મૃર્ત્યુ અને પાતાળ (અથવા અધોલોક, મધ્યલોક અને ઉર્ધ્વલોક) રૂપી ત્રિભુવનની (સિદ્ધશિલારૂપી) ચૂડાને વિષે (તેના શાશ્વત મંડનરૂપ હોવાને લીધે) મણિ (સમાન ઋષભદેવ ! સ્વામિન્ !) આપને (મારો ત્રિકરણ શુદ્ધિપૂર્વક) નમસ્કાર હો. (૧)

जय रोसजलणजलहर ! कुलहर ! वरनाणदंसणसिरीणं।
मोहतिमिरोहदिणयर !, नयर ! गुणगणाण पउराणं ।।२।।

(जय रोषज्वलनजलधर ! कुलगृह ! वरज्ञानदर्शनश्रियोः ।
मोहतिमिरौघदिनकर ! नगर ! गुणगणानां पौराणाम्।।)

હે ક્રોધરૂપી અગ્નિને (શાંત કરવામાં) મેઘ (સમાન) ! હે ઉત્તમ (અપ્રતિપાતી) જ્ઞાન અને દર્શનની (અથવા જ્ઞાન અને દર્શનરૂપી) લક્ષ્મીઓના (આનંદ માટે) કુલ-ગૃહ (તુલ્ય) ! હે અજ્ઞાનરૂપી અંધકારના સમૂહનો (અંત આણવામાં) સૂર્ય (સમાન) ! હે (તપ, પ્રશમ ઇત્યાદિ) ગુણોના સમુદાયરૂપ નાગરિકોના (અથવા અનેક ગુણોના સમુદાયોના નિવાસ માટે નગર તુલ્ય ! આપ જયવંત-સર્વોત્કૃષ્ટ વર્તો. (૨)

---

Upcoming Vol. XXI

दिट्ठो कहवि विहडिए, गंठिम्मि कवाडसंपुडघणंमि।
मोहंधयारचारयगएण जिण ! दिणयरुव्व तुमं ।।३।।

(दृष्टः कथमपि विघटिते ग्रन्थौ कपाटसम्पुटघने।
मोहान्धकारचारकगतेन जिन ! दिनकर इव त्वम्।।)

(અનેક ભવોથી એકત્રિત થએલ હોવાથી) દ્વારના યુગલ જેવી ગાઢ (રાગ-દ્વેષના પરિણામરૂપ) ગાંઠનો જ્યારે મહામહેનતે નાશ થયો, ત્યારે હે જિનેશ્વર ! (૨૮ પ્રકારના) મોહરૂપી અંધકારથી વ્યાપ્ત થવા કારાગૃહમાં રહેલા મને સૂર્ય સમાન આપનું દર્શન થયું. (૩)

भविअकमलाण जिणरवि ! तुह दंसणपहरिसूससंताणं।
दढबद्धा इव विहडंति, मोहतमभमरविंदाइं।।४।।

(भव्यकमलेभ्यो जिनरवे ! त्वदर्शनप्रहर्षोच्छ्वसद्भ्यः।
दृढबद्धानीव विघटन्ते मोहतमोभ्रमर वृन्दानि।।)

(મિથ્યાત્વરૂપી રાત્રિનો નાશ કરનારા અને સન્માર્ગના પ્રકાશ કરનારા એવા) હે જિન-સૂર્ય ! આપના દર્શનરૂપી પ્રકૃષ્ટ આનંદથી વિકસિત થયેલાં ભવ્ય કમળોમાંથી-દઢ બંધાએલા એવા પણ-મોહાન્ધકારરૂપી ભ્રમરોના સમુદાયો છૂટા પડી જાય છે. (૪)

लट्ठत्तणाहिमाणो, सव्वो सव्वट्ठसुरविमाणस्स।
पइं नाह ! नाहिकुलगर-, घरावयारूम्मुहे नट्ठो ।।५।।

(शोभनत्वाभिमानः सर्वः सर्वार्थसुरविमानस्य।
त्वयि नाथ! नाभिकुलकर, गृहावतारोन्मुखे नष्ट ।।)

હે નાથ ! જ્યારે આપ નાભિ (નામના સાતમા) કુલકરના ગૃહમાં અવતાર લેવાને તૈયાર થયા જ્યારે આપ તેમના ઘરમાં અવતર્યા, ત્યારે સર્વાથસિદ્ધ નામના દેવ વિમાનનો સુંદરતા (પ્રધાનતા) સંબંધી સમસ્ત ગર્વ ગળી ગયો. (૫)

पइं चिंतादुल्लहमुक्खसुक्खफलए अउव्वकप्पदुमे।
अवइन्ने कप्पतरु जयगुरु ! हित्था इव पओत्था ।।६।।

(त्वयि चिन्तादुर्लभमोक्षसुखफलदेऽपूर्वकल्पद्रमे।
अवतीर्णे कल्पतरवो जगद्गुरो ! ह्रीस्था इव प्रोषिताः ।।)

સંકલ્પ વડે દુર્લભ એવા મોક્ષના સુખરૂપ ફળને આપનારા એવા અપા અપૂર્વ કલ્પવૃક્ષ (આ પૃથ્વી ઉપર) અવતર્યા એટલે હે વિશ્વના ગુરૂ ! કલ્પ વૃક્ષો જાણે શરમાઈ ગયા હોય તેમ અદૃશ્ય થઈ ગયા.(૬)

अरएणं तइएणं, इमाइ ओसप्पिणीइ तुह जम्मे।
फुरिअं कणगमएणं, व कालचक्किक्कपासंमि ।।७।।

(अरकेण तृतीयेनास्यामवसर्प्पिण्यां तव जन्मनि।
स्फुरितं कनकमयेनेव कालचक्रैकपार्श्वे ।।)

કાલ-ચક્રના એક પડખે આ અવસર્પિણી (કાલ) માં આપના જન્મને વિષે ત્રીજો આરો સુવર્ણમય હોય તેમ શોભી રહ્યો. (૭)

जम्मि तुमं अहिसित्तो, जत्थ य सिवसुक्खसंपयं पत्तो।
ते अट्ठावयसेला, सीसाभेला गिरिकुलस्य ।।८।।

(यत्र त्वमभिषिक्तो यत्र च शिवसुखसंपदं प्राप्तः
तावष्टापदशैलौ, शीर्षापीडौ गिरीकुलस्य ।।)

જે સુવર્ણના ગિરિ ઉપર આપનો (જન્મ) અભિષેક થયો તે એક અષ્ટાપદ (મેરૂ) પર્વતે તેમજ જયાં આપ શિવ સુખની સંપત્તિ (નિર્વાણ)ને પામ્યા મે (વિનીતા નગરીની સમીપમાં રહેલો આઠ પગથીઆવાળો) બીજો અષ્ટાપદ પર્વત, એ બે પર્વતો (સમસ્ત) પર્વતોના સમૂહના મસ્તકને વિષે મુકુટરૂપ થયા. (૮)

धन्ना सविम्हयं जेहिं, इत्ति कयरज्जमज्जणो हरिणा।
चिरधरिअनलिणपत्ताऽभिसे असलिलेहिं दिट्ठो सि।।९।।

(धन्याः सविस्मयं यैर्झटिति कृतराज्यमज्जनो हरिणा।
चिरघृतनलिनपत्राभिषेकसलिलैर्दृष्टोऽसि।।)

હે જગન્નાથ ! ઇંદ્ર દ્વારા જલદી રાજ્યાભિષેક કરાયેલા એવા આપને વિસ્મયપૂર્વક લાંબા કાળ સુધી કમળનાં પત્રો વડે અભિષેક-જલધારણ કરવાપૂર્વક જે (યુગલિકોએ) જોયા તેઓ ધન્ય છે. (૯)

दाविअविज्जासिप्पो, वज्जरिआसेसलोअववहारो।
जाओ सि जाण सामिअ, पयाओताओ कयत्थाओ ।।१०।।

(दर्शितविद्याशिल्पो व्याकृताशेषलोकव्यहारः।
जातोऽसि यासां स्वामी प्रजास्ताः कृतार्थाः ।।)

જેમણે (શબ્દ-લેખન-ગણિત-ગીત ઇત્યાદિ) વિદ્યાઓ અને (કુંભકારાદિક) શિલ્પો દેખાડ્યાં છે, તેમજ જેમણે (ખેતી, પશુ-પાલન, વાણિજ્ય, લગ્ન ઇત્યાદિ) સમસ્ત પ્રકારનો લોક-વ્યવહાર પણ સારી રીતે સમજાવ્યો છે, એવા આપ જે પ્રજાઓના સ્વામી થયા છો, તે પ્રજા પણ કૃતાર્થ છે. (૧૦)

बंधुविहत्तवसुमई वच्छरमच्छिन्नदिभधणनिवहो।
जह तं तह को अन्नो निअमधुरं धीर ! पडिवन्नो ।।११।।

(बंधुविभक्तवसुमतिः वत्सरमच्छिन्नदत्तधननिवहः।
यथा त्वं तथा कोऽन्यो नियमधुरां धीर ! प्रतिपन्नः।।)

જેમણે (ભરતાદિક પુત્રો અને સામન્તોરૂપી) બાન્ધવોમાં પૃથ્વી વહેંચી આપી છે તથા જેમણે એક વર્ષ પર્યંત નિરંતર ધનના સમૂહનું દાન કર્યું છે, એવા આપે જેવી રીતે (દીક્ષા-સમયે સમસ્ત પાપમય આચરણના ત્યાગરૂપી) નિયમ ધુરાને ધારણ કરી, તેવી રીતે હે ધીર ! અન્ય કોણ ધારણ કરી શકે? (૧૧)

सोहसि पसाहिअंसो कज्जलकसिणाहिं जयगुरु जडाहिं।
उवगूढविसज्जिअरायलच्छिबाहच्छडाहिं व ।।१२।।

(शोभसे प्रसाधितांसः कज्जलकृष्णाभिर्जगद्गुरोजटाभिः।
अपगूढविसर्जितराजलक्ष्मीबाष्पछटाभिरिव ।।)

હે જગદ્ગુરુ ! (રાજ્ય સમયે) આલિંગન કરાયેલી અને (દીક્ષા-સમયે) ત્યાગ કરાયેલી એવી રાજ્ય લક્ષ્મીની જાણે અશ્રુધારા જ હોય તેવી કાજળના જેવી શ્યામ જટા વડે અલંકૃત સ્કંધવાળા આપ શોભી રહ્યા છો. (૧૨)

## 2

# ।। कर्मयोगी और आत्मधर्म-प्रणेता भगवान् ऋषभदेव ।।

**प्रेमसुमन जैन**

भारतीय संस्कृति में जो प्राचीन ऋषि, मुनि और आत्मविद्या के सिद्धस्त महात्मा हुए हैं, उनमें भगवान् ऋषभदेव का प्रमुख स्थान है। ऋषभदेव भारतीय संस्कृति और चिन्तन के विकास के पुरोधा हैं । श्रमण संस्कृति के आदि प्रवर्तक के रूप में उन्हें प्राचीन साहित्य और पुरातत्व में स्मरण किया गया है । भारत में प्रचलित जैन धर्म को साम्यता के प्रारम्भिक काल में श्रमण, व्रात्य, आर्हत, निर्ग्रन्थ आदि नामों से जाना जाता था । वैदिक साहित्य में इन शब्दों का प्रयोग जैन धर्म के अर्थ में किया गया है और भगवान् ऋषभदेव को जैनधर्म का आदि प्रर्वतक माना गया है। जैन पुराणकारों ने भी भगवान् ऋषभदेव के चरित्र में यही चित्रण किया है । उन्हें कृषि सभ्यता और नागरिक जीवन का जन्मदाता भी माना है। भगवान् ऋषभदेव द्वारा ही स्थापित जैन धर्म को नेमिनाथ, पार्श्वनाथ एवं महावीर ने अपने युग के अनुसार विभिन्न रूपों में विकसित किया है । जैनधर्म के आदि प्रणेता भगवान् ऋषभदेव का संक्षिप्त जीवन चरित इस प्रकार है।

*** पूर्वज :**

जैन मान्यता के अनुसार सृष्टि का कोई आदिकाल नहीं होता और न ही कोई अंतिम काल। सृष्टि निरन्तर कालचक्र के अनुसार परिवर्तित होती रहती है। इसी परिवर्तन के प्रारम्भिक कल्प में भगवान् ऋषभदेव का अस्तित्व स्वीकार किया गया है, जिसे आधुनिक इतिहासकार आदि मानव का पाषाण युग कहते हैं। उस समय मनुष्य अविकसित था। उसे सामाजिक बोध नहीं था। भाई-बहिन ही पति-पत्नी के रूप में रहने लगते थे, इसे युगलियां संस्कृति का काल कहा जाता है। उस समय वृक्षों से ही जीवन निर्वाह हो जाता था। अतः मनुष्य कोई कर्म नहीं करता था। इस कारण उस वन-संस्कृति को भोग युग भी कहा गया है। जैन पौराणिक मान्यता के अनुसार उस समय चौदह कुलकर हुए हैं, जो तत्कालीन मनुष्यों को जीवन-निर्वाह के कार्यों की शिक्षा देते थे। ऐसे कुलकरों में चौदहवें कुलकर श्री नाभिराज हुए, जिन्होंने भोग-भूमि के लोगों को कर्मूभमि की ओर गमन करना सिखाया। इनको मनु भी कहा गया है। इन्हीं नाभिराज और उनकी पत्नी मरूदेवी के पुत्र के रूप में ऋषभदेव का जन्म हुआ।

*** जन्म एवं परिवार :**

ऋषभदेव के जीवन आदि के सम्बन्ध में जो विवरण तिलोयपण्णत्ति, आदिपुराण, हरिवंशपुराण आदि प्राचीन ग्रन्थों में उपलब्ध हैं उसके अनुसार ऋषभदेव का जीव आषाढ़ कृष्णा द्वितीया के दिन महारानी

**Karmayogi & Aatmadharma-praneta Bhagwan Rushabhdev Vol. VII Ch. 45-A, Pg. 2944-2948**

मरूदेवी के गर्भ में अवतरित हुआ। नौ माह पूर्ण होने पर चैत्र कृष्ण नवमी के दिन सूर्योदय के समय मरूदेवी ने पुत्ररत्न को जन्म दिया, जिस पर इन्द्र इत्यादि देवों ने जन्मोत्सव मनाया। माता मरूदेवी के द्वारा देखे गए स्वप्नों में वृषभ (बैल) की प्रमुखता होने के कारण बालक का नाम भी वृषभदेव रख दिया गया, जिसका अर्थ है- श्रेष्ठ धर्मप्रणेता। माता-पिता उन्हें ऋषभ नाम से पुकारते थे। ऐसी मान्यता है कि ऋषभदेव जन्म से ही मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान के धारक थे। उनके शरीर और बाल्यकाल की अनेक विशेषताएँ साहित्यकारों ने अंकित की हैं।

भगवान् ऋषभदेव तीर्थङ्कर परम्परा के प्रथम तीर्थङ्कर हैं। अतः मान्यता के अनुसार उन्होंने स्वयं बिना किसी को गुरु बनाए अनेक विद्याओं और कलाओं की शिक्षा प्राप्त की। युवावस्था प्राप्त होने पर नाभिराज ने यशस्वती और सुनन्दा नामक कन्याओं से ऋषभदेव का विवाह किया। आवश्यक निर्युक्ति में इनके नाम सुमंगला और सुनन्दा मिलते हैं। समय आने पर महादेवी यशस्वती ने पुत्र भरत और ब्राह्मी नामक पुत्री को जन्म दिया। बाद में इनके ९८ पुत्र भी हुए। ऋषभदेव की दूसरी रानी सुनन्दा से पुत्र बाहुबली और पुत्री सुन्दरी का जन्म हुआ। अभिधान राजेन्द्रकोश में इन सौ पुत्रों के नाम भी मिलते हैं। श्रीमद्भागवत में भी ऋषभदेव के सौ पुत्रों का उल्लेख है, जिनमें भरत सबसे बड़े थे।

## * विद्या एवं कलाओं की शिक्षा :

भगवान् ऋषभदेव अपने पिता नाभिराज की भाँति अपने युग की जनता को उनके जीवन-निर्वाह के क्षेत्र में विभिन्न कर्मों की शिक्षा प्रदान करते रहते थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान माना जाता है। स्त्री-शिक्षा के ऋषभदेव प्रथम गुरु हैं। ऋषभदेव ने साहित्य के तीनों अंगों-व्याकरणशास्त्र, छन्दशास्त्र और अलंकारशास्त्र के ग्रन्थों की स्वयं रचना की और उन्हें अपनी पुत्रियों को भी पढ़ाया। उन्होंने ब्राह्मी पुत्री को लिपिविद्या (वर्णमाला) लिखना सिखाया और पुत्री सुन्दरी को अंकविद्या (संख्या) लिखना सिखाया। इस प्रकार लिपिविद्या और अंकविद्या का अविष्कार भगवान् ऋषभदेव द्वारा हुआ। उन्होंने अपने ज्येष्ठपुत्र भरत को अर्थशास्त्र और नृत्यशास्त्र सिखाया। वृषभसेन नामक पुत्र को गंधर्वशास्त्र की शिक्षा दी। अनन्त विजय नामक पुत्र को चित्रकला का अभ्यास कराया। प्राचीन शास्त्रों से पता चलता है कि ऋषभदेव ने बहत्तर कलाओं और चौसठ विज्ञानों की शिक्षा अपने पुत्रों को देकर उनकी शिक्षा का प्रसार जनमानस में भी किया। इस प्रकार ऋषभदेव ने शिक्षा के द्वारा भोगयुग को कर्मयुग में बदलने के लिए अपूर्व श्रम और पुरुषार्थ किया।

## * कृषि संस्कृति और नागर-सभ्यता का पाठ :

कल्पवृक्षों के निरन्तर कमी होने के कारण उस युग के मनुष्यों के जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पाती थी। अतः लोग राजा नाभिराज के पास गए। उन्होंने प्रजा की समस्याओं के समाधान के लिए राजकुमार ऋषभ को संकेत किया। तब ऋषभदेव ने प्रजा को कर्म करने की शिक्षा देते हुए असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य और शिल्प इन छः कर्मों को करने की जानकारी प्रदान की। आदिपुराण और आवश्यक चूर्णि में तत्कालीन आजीविका के विभिन्न उपायों और कार्यों का वर्णन प्राप्त होता है । इन छः कर्मों से अनाज तो प्राप्त होता था किन्तु उसे पकाकर कैसे खाया जाय, इससे लोग अभिज्ञ थे। तब ऋषभदेव ने प्रजा को अग्नि के उपयोग की जानकारी कराई और कुम्हार के पहिये (चाक) के उपयोग द्वारा बर्तनों के निर्माण और गति की शिक्षा दी। इस प्रकार इन विभिन्न कर्मों द्वारा वन-संस्कृति के लोगों

ने कृषि संस्कृति और नागरिक-सभ्यता के जीवन में प्रवेश किया। उस समय की प्रजा ने इन कार्यों की जानकारी के प्रति ऋषभदेव को **प्रजापति** की उपाधि से भी सम्बोधित किया है। यथा-

**प्रजापतिर्यः प्रथमं जीनिविषुः शशास कृष्यादिषु कर्मसु प्रजाः।**

-(स्वयम्भू स्त्रोत)

आजीविका और व्यवसाय की व्यवस्था प्रारम्भ होने से समाज में वर्णों का भी निर्माण हुआ, जो कार्यकुशलता और गुणों के आधार पर था। जो विपत्ति से रक्षा करते थे वे क्षत्रिय कहलाए, और जो जीवन-निर्वाह के लिए कृषि, व्यापार, पशुपालन आदि कार्य करते थे वे वैश्य कहलाए। शिल्प द्वारा आजीविका और सेवा करने वाले को शुद्र कहा गया। महाभारत के शान्तिपर्व में ऋषभदेव को आदिदेव भी कहा गया है क्योंकि वे छात्र धर्म के आदि प्रर्वतक थे। क्षत्रियों में से ही अहिंसा जीवन शैली को अपनाने वाले लोग बाद में ब्राह्मण के नाम से जाने गए। इसी समय आतप, वर्षा और शीत आदि से रक्षा के लिए विभिन्न भवनों, नगरों और जनपदों का निर्माण हुआ। इस प्रकार कबीलों की सभ्यता से नागर सभ्यता में प्रवेश कराने वाले ऋषभदेव को आदि ब्रह्मा भी कहा गया है।

### * राज्य एवं दण्ड व्यवस्था :

जैसे-जैसे समाज नागर-सभ्यता का अभ्यासी हुआ वैसे ही वहाँ विवाह-व्यवस्था और समाज-व्यवस्था की भी आवश्यकता हुई। ऋषभदेव ने इस सम्बन्ध में भी मार्गदर्शन किया और प्रजा की इच्छा से जब उन्हें पिता नाभिराज ने राजा बनाया तब ऋषभदेव ने राज्यतन्त्र और दण्ड-व्यवस्था का भी विधान किया। उस समय के राजाओं में दण्डधर राजा और महामण्डलिक राजा के पद भी निर्मित हुए। कुरूवंश और सोमवंश की स्थापना भी हुई। इस प्रकार ऋषभदेव ने समाज की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न नागरिक व्यवस्थाओं का सूत्रपात किया। उनके विविध लोकोपयोगी कार्यों से प्रभावित होकर ऋषभदेव के लिए इक्ष्वाकु, गौतम, काश्यप, पुरू, कुलधर, विश्वकर्मा आदि नाम भी प्रचलित हो गए थे।

### * तपस्वी जीवन :

ऋषभदेव ने कर्मभूमि की रचना करके जन-कल्याण तो कर लिया था किन्तु वे आत्मकल्याण के मार्ग को नहीं भूले थे। जीवन के प्रसंगों से उन्हें संसार की दशा और मनुष्य जीवन की सार्थकता का बोध बना हुआ था। एक दिन राजदरबार मे नर्तकी नीलांजना की अचानक मृत्यु देखकर ऋषभदेव के मन में सांसारिक भोगों से वैराग्य उत्पन्न हो गया। अन्य ग्रन्थों से ज्ञात होता है कि उपवन में भ्रमण करते हुए पुष्पों की क्षणिकता देखकर उन्हें वैराग्य जन्मा था। ऋषभदेव के विरक्ति भाव की प्रशंसा देवों ने भी आकर की। ऋषभदेव ने ज्येष्ठ पुत्र भरत को अयोध्या का राज्य देकर और अन्य पुत्रों को विभिन्न देशों के राज्य देकर दीक्षा ग्रहण कर ली। जिस स्थान पर उन्होंने दीक्षा ली थी वह स्थान प्रजाग/प्रयाग के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

ऋषभदेव ने मुनि अवस्था में कठोर तपस्या की। उनकी जटाएँ भी बढ़ गईं। इस कारण उनका केशी नाम भी प्रसिद्ध हो गया। साधक जीवन में सर्वप्रथम राजा श्रेयांस ने ऋषभदेव को जिस दिन इक्षुरस का प्रथम आहार दिया वह दिन अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। पुराणों से ज्ञात होता है कि ऋषभदेव ने एक हजार वर्षों तक मुनि अवस्था में अनेक देशों में विहार किया। अन्त में पुरिमताल नगर,

प्रयाग के उद्यान में एक वटवृक्ष के नीचे वे ध्यानस्थ हो गए। तब उन्हें फागुन सुदी एकादशी को केवलज्ञान प्राप्त हुआ। वहाँ पर आकर कुबेर ने समवसरण की रचना की। देवों की प्रार्थना पर भगवान् ऋषभदेव ने दिव्यध्वनि द्वारा उपदेश देकर धर्मचक्र-प्रर्वतन किया, जिससे सभी प्राणी लाभान्वित हुए। परम्परा से ज्ञात होता है कि भगवान् ऋषभदेव के संघ में मुनियों की संख्या चौरासी हजार थी और साढ़े तीन लाख आर्यिकाएँ थीं। श्रावक-श्राविकाओं की संख्या आठ लाख थी। इससे ज्ञात होता है कि ऋषभदेव द्वारा प्रतिपादित तत्कालीन जैन धर्म लोकधर्म था।

## * कैलाश पर्वत से निर्वाण :

भगवान् ऋषभदेव सर्वोच्च ज्ञान प्राप्त करने के उपरान्त सम्पूर्ण देश में बिहार करते हुए जनमानस को धर्म स्वरूप समझाते रहे। यह वही आत्मधर्म था जो आगे चलकर श्रमण परम्परा और जैन धर्म के नाम से विख्यात हुआ। ऋषभदेव ने पहले गृहस्थ जीवन में प्रजा के भौतिक जीवन और आहार-विहार को बदला तथा आत्मदर्शी और केवलज्ञानी बनकर जनमानस के आचार-विचार को बदल दिया। इस प्रकार ऋषभदेव लोगों के लिए महादेव के रूप में स्थापित हो गए। अन्त में उन्होंने कैलाशपर्वत पर जाकर ध्यान लगाया और उन्हें माघ कृष्णा चर्तुदशी को निर्वाण की प्राप्ति हो गई। यही तिथि शिवजी के लिंग-उदय की मानी जाती है, जिसके स्मरण में शिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। कैलाश पर्वत प्राचीन भारतीय संस्कृति के आदिदेव ऋषभ का मोक्ष-प्राप्ति-स्थल होने से तीर्थ बन गया। और ऋषभदेव समग्र भारतवासियों के आदिदेव बन गए। जैन सम्पद्राय के जिस प्रकार वे प्रथम तीर्थंकर हैं उसी प्रकार वैदिक परम्परा के लोगों के लिए वे राम और कृष्ण से भी प्राचीन कल्याणकारी देवता हैं, जिन्हें विष्णु भगवान् का अवतार माना जाता है। इसीलिए अथर्ववेद (१९.४२.४) में कहा गया है कि- सम्पूर्ण पापों से मुक्त तथा अहिंसक वृत्तियों के प्रथम राजा, आदित्य स्वरूप श्री ऋषभदेव का मैं आवाहन करता हूँ। वे मुझे बुद्धि एवं इन्द्रियों के साथ बल प्रदान करें-

**अहो मुंचं वृषभ याज्ञिमानां विराजन्तं प्रथमध्वराणाम्।**
**अपां न पानमश्विना हुवे धिय इन्द्रियेण इन्द्रियंदत्तभोगः।।**

## * पुरातत्व और समन्वय के आधार :

भारत की प्राचीन परम्पराओं और साहित्य में योगी ऋषभदेव आत्मधर्म के आदि महापुरुष सिद्ध होते हैं। पुरातत्वविद् रायबहादुर चन्दा का कथन है कि सिन्धुघाटी की मोहरों में एक मूर्ति में मथुरा से प्राप्त ऋषभदेव की खड्गासन मूर्ति के समान त्याग और वैराग्य के भाव दृष्टिगोचर होते हैं। डॉ. राधाकुमुद मुखर्जी भी मानते हैं कि मोहनजोदड़ो के कायोत्सर्ग देवताओं का साम्य ऋषभदेव के योगीरूप से है। अतः शैवधर्म की तरह जैन धर्म का मूल भी ताम्रयुगीन सिन्धुसभ्यता तक चला जाता है। डॉ. एन.एन वसु का मत है कि लेखनकला और ब्रह्मविद्या का आविष्कार ऋषभदेव ने किया था। अनेक पुरातत्वविदों ने निष्कर्ष दिया कि ऋषभादि २४ तीर्थङ्करों की मान्यता सुदूर प्राचीनकाल में प्रचलित थी।

ऋषभदेव की इसी प्राचीनता के कारण ऋषभदेव और शिव के स्वरूप एवं व्यक्तित्व में कई समानताएँ दृष्टिगोचर होती हैं। शिवपुराणों में तो स्पष्ट कहा गया है कि आदिदेव शिवलिंग के रूप में प्रकट हुआ है और शंकर का ऋषभ अवतार होगा। शिवजी का दिगम्बरत्व रूप, जटाधारी, तपस्वी, अपरिग्रही, नान्दीवाहन,

कैलाश पर्वत शिवधाम, गंगावतरण, आदि अनेक प्रसंग/विशेषताएँ ऋषभदेव के जीवन से भी जुड़ी हुई हैं। दोनों अवैदिक देवता हैं और लोक देवता के रूप में प्रसिद्ध हैं। कामदेव पर दोनों ने विजय प्राप्त की है और आत्मज्ञान का तृतीय नेत्र प्रकट किया है। अतः ऋषभदेव किसी जाति, सम्प्रदाय, वर्ग विशेष के देवता नहीं हैं, अपितु वे आत्मधर्म के आदि प्रणेता हैं जिन्होंने कर्म और धर्म की समान रूप से शिक्षा दी है। वास्तव में ऋषभदेव भारतीय संस्कृति के समन्वय के सूत्र हैं, जिसमें सभी धर्म सरोवर आकर आश्रय पाते हैं और उनमें अनेकान्त का कमल खिलता है। प्राचीन मनीषी पं. सुखलाल संघवी ने यह निष्कर्ष ठीक ही दिया है कि- ''ऋषभ जीवन बहुत दीर्घकाल से आर्यजाति का आदर्श माना जाता रहा है। और समस्त मानव जाति का विशुद्ध आदर्श बनने की योग्यता भी रखता है।'' ऋषभदेव परिपूर्ण पुरुष थे। उन्होंने काम, अर्थ, धर्म और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों को स्वयं जिया और दूसरों के लिए इनके आदर्श स्थापित किये। मानवीय गुणों के विकास की सभी सीमाएँ उन्होंने उद्घाटित की हैं, यही सच्चा जैन धर्म है । मूर्त और अमूर्त जगत् के बीच, प्रवृत्ति और निवृत्ति के बीच, अभाव और प्रभाव के बीच सन्तुलन स्थापित करने की कला भगवान् ऋषभदेव ने मानव को सिखायी यही उनका अवदान है। यही उनकी पहिचान है। वर्तमान युग का जैनधर्म तो ऋषभदेव द्वारा प्ररूपित आत्मधर्म के पौधे की अनेक फसलों में से एक अनमोल फल है।

**सन्दर्भ :**


१. तिलोयपण्णत्ति (यतिवृषभ)
२. आदिपुराण (जिनसेन)
३. हरिवंशपुराण (जिनसेन)
४. आवश्यकनिर्युक्ति, चूर्णि एवं वृत्ति (आगमोदय समिति)
५. भगवान् ऋषभदेव-एक परिशीलन-(देवेन्द्र मनि)
६. जैनधर्म- (पं. कैलाशचन्द्र शास्त्री)
७. जैनधर्म का प्राचीन इतिहास- (पं. बलभद्र जैन)
८. भारतीय संस्कृति में जैनधर्म का योगदान-(डॉ. हीरालाल जैन)
९. चार तीर्थंकर- (पं. सुखलाल संघवी)
१०. हिन्दू सभ्यता- (राधा कुमुद मुखर्जी)
११. हिन्दी विश्वकोश, जिल्द। एवं ३
१२. धम्मकहाणुयोगो- मुनि कन्हैयालाल ''कमल'', भाग-१

# 3

# ।। जैन महापुराण : कलापरक अध्ययन ।।

**पी. एल. वैद्य**

**प्रस्तावना :**

जैन पुराणों में महापुराण निःसन्देह सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और विस्तृत है।

इस ग्रन्थ में लेखिका ने एलोरा की जैन गुफाओं एवं महापुराण की कलापरक सामग्री के तुलनात्मक अध्ययन का यथेष्ट प्रयत्न किया है।

यहाँ इस लेख में ग्रन्थ के तृतीय अध्याय में से ऋषभनाथ के जीवन से सम्बन्धित कुछ घटनाओं की विस्तारपूर्वक चर्चा की है।

## * ऋषभनाथ (या आदिनाथ) :

आदिपुराण में ऋषभनाथ को वृषभदेव कहा गया है जो एक ओर शिव और दूसरी ओर उनके वृषभ लांछन से सम्बन्धित है। ज्ञातव्य है कि ऋषभदेव का लांछन वृषभ है। वृषभदेव वर्तमान अवसर्पिणी काल के २४ तीर्थंकरों में आद्य तीर्थंकर हैं और इन्हीं से जैन धर्म का प्रारम्भ माना जाता है। आद्य तीर्थंकर होने के कारण ही इन्हें आदिनाथ भी कहा गया है।

जैन पुराणों में इनके जीवन, तपश्चरण, केवलज्ञान व धर्मोपदेश के विस्तृत विवरण के साथ ही वैदिक साहित्य जैनेतर पुराणों तथा उपनिषदों आदि में भी इनका उल्लेख हुआ है।[१] पउमचरिय में २४ तीर्थंकरों की वन्दना के प्रसंग में ऋषभनाथ को जिनवरों में वृषभ के समान श्रेष्ठ तथा सिद्धदेव, किन्नर, नाग, असुरपति एवं भवनेन्द्रों के समूह द्वारा पूजित बताया गया है। इसी प्रकार एक अन्य स्थल पर ऋषभनाथ को स्वयंभू, चतुर्मुख, पितामह, भानु, शिव, शंकर, त्रिलोचन, महादेव, विष्णु हिरण्यगर्भ, महेश्वर, ईश्वर रुद्र और स्वयं सम्बुद्ध आदि नामों से देवता एवं मनुष्यों द्वारा वंदित बताया गया है।[२] इन्हें प्रथम नृप, प्रथम जिन, प्रथम केवली, प्रथम तीर्थंकर तथा प्रथम धर्मचक्रवर्ती कहा गया है।[३] शिवपुराण में शिव के आदि तीर्थंकर ऋषभदेव के रूप में अवतार लेने का उल्लेख भी हुआ है।[४] ऋषभदेव के साथ वृषभ तथा शिव के साथ नन्दी समान रूप से जुड़ा है। इसी प्रकार ऋषभदेव का निर्वाण स्थल कैलाश पर्वत माना

---

१ हीरालाल जैन, 'भारतीय संस्कृति में जैनधर्म का योगदान', पृ.११ आदिपुराण, प्रस्तावना, पृ. १३-१४।

२ पउमचरिय १.१ २८, ४९; ४.४।

३ जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति २.३०।

४ शिवपुराण ४.४७, ४८।

---

**Rushabhdev & Shiv in Jain Mahapuran Vol. IV Ch. 22-B, Pg. 1257-1263**

गया है और शिव भी कैलाशवासी माने जाते हैं।[5] महाभारत के अनुशासन पर्व में जहाँ एक ओर शिव का ऋषभ नाम आया है,[6] वहीं दूसरी ओर आदिपुराण में वृषभदेव को शुंभ, शिव, मृत्युंजय, महेश्वर, शंकर, त्रिपुरारि तथा त्रिलोचन आदि नामों से संबोधित किया गया है।[7] शिव के मस्तक पर जटामुकुट और ऋषभनाथ के साथ कंधों पर लटकती जटाओं और यक्ष के रूप में गाय के मुखवाले गोमुख यक्ष की परिकल्पना भी दोनों की एकात्मकता का संकेत देते हैं। गोमुख यक्ष का वाहन वृषभ है और उसके एक हाथ में परशु दिखाया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि महायोगी शिव के स्वरूप के आधार पर ही जैन परम्परा के आदि तीर्थंकर ऋषभदेव की कल्पना की गयी। भागवत्पुराण में वर्णित ऋषभ का सन्दर्भ ऋग्वेद के केशी और वातरशना मुनि के स्वरूप से साम्यता रखता है।[8] ऋग्वेद[9] की एक ऋचा में केशी और वृषभ का एक साथ उल्लेख आया है। ऋग्वेद में उल्लिखित वातरशना मुनियों के नायक केशी मुनि का ऋषभदेव के साथ एकीकरण हो जाने से जैन धर्म की प्राचीनता पर महत्त्वपूर्ण प्रकाश पड़ता है।[10] इस आधार पर जैन धर्म की संभवित प्राचीनता ई. पू. १५०० तक मानी जा सकती है।[11] श्रीमद्भागवत्[12] में भी ऋषभदेव का उल्लेख आया है जिसके अनुसार वासुदेव ऋषभरूप में नाभि और मरुदेवी के यहाँ अवतरित हुए। जैनेतर पुराणों-मार्कण्डेय पुराण,[13] कूर्मपुराण,[14] अग्निपुराण,[15] वायुमहापुराण[16], ब्रह्माण्डपुराण[17], वाराहपुराण[18], लिंगपुराण[19], विष्णुपुराण[20] तथा स्कन्दपुराण[21], में ऋषभदेव के अनेक उल्लेख हैं जो शिव से सन्दर्भित हैं।

ऋषभ का जन्म इन्द्र द्वारा रचित अयोध्या नगरी के राजा व चौदह कुलकरों में अन्तिम कुलकर नाभिराज के यहाँ हुआ था।[22] श्वेताम्बर परम्परा में इनका जन्म चैत्र-शुक्ल अष्टमी के दिन माना गया है।[23] श्वेताम्बर परम्परा में ऋषभ के नामकरण के सम्बन्ध में उल्लेख है कि मरूदेवी द्वारा स्वप्न में वृषभ को देखने तथा बालक के उरूस्थल पर वृषभ का शुभलांछन होने के कारण ही उनका नाम ऋषभदेव रखा

---

५ वही, पृ. ६।
६ ऋषभ त्वं पवित्राणां योगिनां निष्कलः शिवः।
७ आदिपुराण २५.१००-२१७।
८ हीरालाल जैन, पू. नि., पृ. १५।
९ कर्कदेव वृषभीयुक्तआसीद्, अवावचीत् सारथिरस्य केशी, (ऋग्वेद १०. १०२, ६) ।
१० हीरालाल जैन, पू. नि., पृ. १७।
११ वही।
१२ श्रीमद् भागवत १-३.१३ (हस्तीमल, पृ. ५४)।
१३ मार्कण्डेयपुराण, अध्याय ५०.३९-४०, पृ. ५८-५९।
१४ कूर्मपुराण, अध्याय ४१. ३७-३८।
१५ अग्निपुराण, अध्याय १०. १०-११।
१६ वायुमहापुराण पूर्वार्ध, अध्याय ३३. ५०-५१।
१७ ब्रह्माण्डपुराण पूर्वार्ध, अनषङ्गपाद, अध्याय १४.५९-६०।
१८ वाराहपुराण, अध्याय ७४।
१९ लिंगपुराण, अध्याय ४७. १९-२२।
२० विष्णुपुराण, द्वितीयांश, अध्याय १. २७-२८।
२१ स्कन्दपुराण, माहेश्वर खण्ड के कौमारखण्ड, अध्याय ३७. ५७।
२२ आदिपुराण १२. ३-६।
२३ स्कन्दपुराण, माहेश्वर खण्ड के कौमारखण्ड, अध्याय ३७,५७।

गया।[२४] दिगम्बर परम्परा में स्वप्न सन्दर्भ के साथ ही यह भी उल्लेख है कि इन्द्र ने इनका नाम वृषभदेव रखा था।[२५]

ऐसा उल्लेख है कि ऋषभ का कोई वंश नहीं था क्योंकि जिस समय उनका जन्म हुआ उस समय मानव समाज किसी कुल, जाति या वंश में विभक्त नहीं था।[२६] जब ये लगभग एक वर्ष के थे और एक दिन पिता की गोद में बैठे थे उसी समय हाथ में इक्षुदण्ड लिए इन्द्र वहाँ उपस्थित हुए। उसे प्राप्त करने के लिये ऋषभ ने दाहिना हाथ आगे बढ़ाया। इन्द्र ने इक्षु-भक्षण की ऋषभ की रुचि जानकर उनके वंश का नाम इक्ष्वाकुवंश रखा।[२७] ज्ञातव्य है कि इक्ष्वाकुवंश में ही अधिकांश तीर्थंकरों का जन्म हुआ था।

यौवनावस्था में यशस्वती तथा सुनन्दा नामक दो रूपवती व गुणवती राजकन्याओं के साथ ऋषभ का विवाह हुआ।[२८] वृषभ के पूर्व तत्कालीन समाज में कोई वैवाहिक प्रथा प्रचलित नहीं थी।[२९] सर्वप्रथम ऋषभ ने ही भावी मानव समाज के हितार्थ विवाह परम्परा का सूत्रपात किया और मानव मन में बढती हुई वासना को विवाह सम्बन्ध के माध्यम से सीमित और नियोजित कर दिया।[३०] ऋषभदेव की यशस्वती नामक महादेवी से प्रथम चक्रवर्ती भरत सहित अन्य ९९ पुत्र एवं ब्राह्मी नाम की पुत्री तथा दूसरी रानी सुनन्दा से बाहुबली नामक पुत्र तथा सुन्दरी नाम की पुत्री उत्पन्न हुयीं।[३१]

जैन मान्यता के अनुसार ऋषभ ने ही सर्वप्रथम कर्मयुग का आरम्भ किया था। इनकी राज्य व्यवस्था से पूर्व मानव कल्पवृक्ष के फल व अपने आप उत्पन्न कन्द-मूल आदि के भोजन पर ही निर्भर था। ऋषभदेव ने सर्वप्रथम असि, मसि, कृषि, विद्या, वाणिज्य तथा शिल्प इन छह कार्यों के द्वारा प्रजा को आजीविका का उपदेश दिया।[३२] शस्त्र धारण कर सेवा करना असिकर्म, लिखकर आजीविका करना मसिकर्म, जमीन को जोतना-बोना कृषिकर्म, पढ़ा कर अथवा नृत्य-गायन द्वारा आजीविका करना विद्याकर्म, व्यापार करना वाणिज्यकर्म तथा हस्त की कुशलता से जीविकोपार्जन शिल्पकर्म कहलता है।[३३] शिल्पकर्म द्वारा आजीविका का सन्दर्भ जैन परम्परा में प्रारम्भ से ही कला के महत्व को स्पष्ट करता है। कर्मयुग का आरम्भ करने के कारण ऋषभ 'कृतयुग' तथा 'प्रजापति' कहलाये हैं।[३४] कर्मभूमि के समान ऋषभ वर्णव्यवस्था के भी जनक थे।[३५]

ऋषभ के संसार के प्रति विरक्ति एवं दीक्षा ग्रहण करने के सम्बन्धों में उल्लेख मिलता है कि एक दिन जब वे सभामण्डप में सिंहासन पर बिराजमान थे उसी समय इन्द्र ने उनके मन को राज्य व सांसारिक भोगों से विरत करने के उद्देश्य से नीलांजना नाम की एक क्षीण-आयु नृत्यांगना को ऋषभ के समक्ष उपस्थित किया जो नृत्य करते समय ही मृत्यु को प्राप्त हो गयी।[३६] इस घटना से ऋषभ को

---

२४ आवश्यकचूर्णि (जिनदासकृत), पृ. १५१।

२५ आदिपुराण १४.१६०-१६१; हरिवंशपुराण ८.२०४-२११।

२६ हस्तीमल, पू. नि. पृ. १५।

२७ आवश्यकनिर्युक्ति गाथा १८६; निर्युक्ति दीपिकागाथा १८१।

२८ आदिपुराण १५.५०-७०।

२९ हस्तीमल, पू. लि., पृ. १६।

३० आवश्यकनिर्युक्तिगाथा, १९१, पृ. १९३।

३१ आदिपुराण १६. ४-७; आदिपुराण १६-१३१-१४६, १७९-१८०

३२ हरिवंशपुराण ९. २५-३९।

३३ आदिपुराण १६. १८१-१८२।

३४ आदिपुराण १६.१८९-१९०।

३५ आदिपुराण १६. १८३; हरिवंशपुराण ९.२५-३९।

३६ आदिपुराण १७. १-९।

समस्त भोगों से विरक्ति हो गयी।[३७] इस अवसर पर लोकान्तिक देवों के आगमन तथा इन्द्र द्वारा ऋषभ के दीक्षा अथवा तपः कल्याणक करने का उल्लेख मिलता है।[३८] ऋषभ अपने ज्येष्ठ पुत्र भरत को साम्राज्य पद तथा बाहुबली को युवराज पद पर अधिष्ठित कर स्वयं इन्द्र द्वारा उठाये गये पालकी में बैठ सिद्धार्थक नामक वन में गये और वहाँ वस्त्र, माला व अन्य आभूषणों का त्याग कर, पंचमुष्टियों से केश-लुंचन कर दिगम्बर रूप धारण कर दीक्षा ग्रहण की।[३९] इन्द्र ऋषभ के केश क्षीरसागर में प्रवाहित कर तथा अनेक प्रकार से उनकी स्तुति कर स्वर्ग चले गये। ऋषभ के साथ चार हजार अन्य राजा भी दीक्षित हुए थे। उल्लेखनीय है कि श्वेताम्बर परम्परा में ऋषभ के चार मुष्टि केश-लुंचन का उल्लेख मिलता है। इन्द्र की प्रार्थना पर ऋषभ ने एक मुष्टि केश सिर पर ही रहने दिया था। उपर्युक्त परम्परा के कारण ही कुषाणकाल से सभी क्षेत्रों की मूर्तियों में ऋषभनाथ के साथ कन्धों पर लटकती हुई जटाएँ दिखाई गयीं। कल्पसूत्र एवं त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्र में स्पष्ट उल्लेख है कि ऋषभ के अतिरिक्त अन्य सभी जिनों ने दीक्षा के पूर्व अपने मस्तक के सम्पूर्ण केशों का पाँच मुष्टियों में लुंचन किया था।[४०] यद्यपि दिगम्बर परम्परा में ऋषभ के पंचमुष्टि केश में लुंचन का उल्लेख हुआ है किन्तु मूर्त उदाहरणों में एलोरा, देवगढ़, खजूराहो तथा अन्य सभी दिगम्बर स्थलों पर श्वेताम्बर उदाहरणों के समान ही ऋषभ के कन्धों पर लटकती हुई जटाएँ दिखायी गयीं।[४१]

दीक्षा धारण करने के पश्चात् ऋषभ छह माह तक उपवास का व्रत लेकर तपोयोग में अधिष्ठित हो गये।[४२] त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्र में केवल सात दिनों के महोपवास व्रत का उल्लेख है।[४३] छह माह के महोपवास व्रत के बाद भी उनका शरीर पहले की तरह ही देदीप्यमान बना रहा तथा केश संस्कार रहित होने के कारण जटाओं के समान हो गये थे।[४४]

अनेक वर्षों तक विभिन्न देशों में विहार करने के बाद ऋषभ पुरिमताल नामक नगर में पहुँचे और वहाँ शकट नामक उद्यान में एक वट वृक्ष के नीचे चित्त की एकाग्रता तथा विभिन्न मोहनीय कर्मों पर विजय प्राप्त कर फाल्गुन कृष्णा एकादशी के दिन उत्तराषाढा नक्षत्र में उन्होंने केवलज्ञान की प्राप्ति की।[४५] तत्पश्चात् ऋषभ विभिन्न देवों द्वारा निर्मित समवसरण के तीसरे पीठ पर स्थित सिंहासन पर विराजमान हुए और कैवल्य प्राप्ति के पश्चात् पहला उपदेश दिया।[४६]

समवसरण में विभिन्न तत्त्वों का निरूपण करने के बाद ऋषभ गणधरों के साथ अनेक वर्षों तक काशी, अवन्ति, कुरू, कौशल, सुह्या, पुण्ड चेदि, मालव, दशार्णव विदर्भ आदि देशों में विहार करते रहे और आयु की समाप्ति के चौदह दिन पूर्व पौष मास की पूर्णमासी के दिन कैलाश पर्वत पर विराजमान हुए।[४७] यहीं पर माघकृष्ण चतुर्दशी के दिन अभिजित नक्षत्र में अनेक मुनियों के साथ उन्हें निर्वाण प्राप्त हुआ।[४८]

---

३७ आदिपुराण १७. १०-२८।

३८ आदिपुराण १७. ४६-४७, ७२-७४।

३९ आदिपुराण १७.७६-७७, ९४, १८२-१९०,१९४-२०१। केशलोंच करते समय इन्द्र के कहने पर वृषभदेव ने कुछ केश छोड़ दिये थे जिनका उल्लेख पहले किया जा चुका है।

४० कल्पसूत्र १९५; त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्र ३.६०-७०।

४१ मारुतिनन्दन तिवारी, एलिमेन्ट्स ऑफ जैन आइकनोग्राफी, पृ. २४, ३२।

४२ आदिपुराण १८. १-२।

४३ त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित्र १.६, ४५९-४९३।

४४ आदिपुराण १८. १-२।

४५ आदिपुराण २०. २१८-२६८।

४६ आदिपुराण २३. ७५।

४७ आदिपुराण २५. २८७; ४७. ३२२-३२३।

४८ आदिपुराण ४७. ३३८-३४२।

4

# ।। ऋषभदेव : एक परिशीलन ।।

विगत : अष्टापद और ऋषभदेव संबन्धी माहिती

देवेन्द्र मुनि शास्त्री

नित्यानुभुतनिजलाभनिवृत्ततृष्णः
श्रेयस्यतद्रचनया चिरसुप्तबुद्धेः
लोकस्य यः करुणयाभयमात्मलोक-
माख्यान्नमो भगवते ऋषभाय तस्मै ।।
– श्रीमद्भागवत ५।६।१९।५६९

## प्रथम खण्ड

### भारतीय साहित्य में ऋषभदेव

- जैन साहित्य में ऋषभदेव
- वैदिक साहित्य में ऋषभदेव
- इतर साहित्य में ऋषभदेव
  - ✻ बौद्ध साहित्य में ऋषभदेव
  - ✻ इतिहास और पुरातत्त्व के आलोक में
  - ✻ पाश्चात्य विद्वानों की खोज

Rushabhdev Vol. IV Ch. 23-A, Pg. 1375-1458

# ◆ जैन साहित्य में ऋषभदेव

* आगम साहित्य में ऋषभदेव
* निर्युक्ति साहित्य में ऋषभदेव
* भाष्य साहित्य में ऋषभदेव
* चूर्णि साहित्य में ऋषभदेव
* प्राकृत काव्य साहित्य में ऋषभदेव
* संस्कृत साहित्य में ऋषभदेव
* आधुनिक साहित्य में ऋषभदेव

भारतवर्ष के जिन महापुरुषों का मानव-जाति के विचारों पर स्थायी प्रभाव पड़ा है, उनमें भगवान् श्री ऋषभदेव का स्थान प्रमुख है। उनके अप्रतिम व्यक्तित्व और अभूतपूर्व कृतित्व की छाप जन-जीवन पर बहुत ही गहरी है। आज भी अगणित व्यक्तियों का जीवन उनके विमल विचारों से प्रभावित व अनुप्रेरित है। उनके हृदयाकाश में चमकते हुए आकाश-दीप की तरह वे सुशोभित हैं। जैन, बौद्ध और वैदिक साहित्य उनकी गौरवगाथा से छलक रहा है। इतिहास और पुरातत्व उनकी यशोगाथा को गा रहा है। उनका विराट व्यक्तित्व कभी भी देश, काल, सम्प्रदाय, पंथ, प्रान्त और जाति के संकीर्ण घेरे में आबद्ध नहीं रहा। जैन साहित्य में वे आद्य तीर्थङ्करों के रूप में उपास्य रहे हैं तो वैदिक साहित्य में उनके विविध रूप प्राप्त होते हैं। कहीं पर उन्हें ब्रह्मा मानकर उपासना की गई है तो कहीं पर विष्णु और कहीं पर महेश्वर का रूप मानकर अर्चना की गई है। कहीं पर अग्नि, कहीं पर केशी, कहीं पर हिरण्यगर्भ और कहीं पर वातरशना के रूप में उल्लेख है। बौद्ध साहित्य में उनका ज्योतिर्धर व्यक्तित्व के रूप में उल्लेख हुआ है। इस्लाम धर्म में जिनका आदम बाबा के रूप में स्मरण किया गया है जापानी जिसे 'रोकशव' कहकर पुकारते हैं। मध्य एशिया में वो 'बाड आल' के नाम से उल्लिखित हैं। फणिक उनके लिए 'रेशेफ' शब्द का प्रयोग करते हैं। पाश्चात्य देशों में भी उनकी ख्याति कही पर कृषि के देवता, कहीं पर भूमि के देवता और कहीं पर 'सूर्यदेव' के रूप में विश्रुत रही है। वे वस्तुतः मानवता के ज्वलंत कीर्तिस्तम्भ हैं।

भगवान् ऋषभदेव का समय वर्तमान इतिहास की काल-गणना परिधि में नहीं आता। वे प्राग्-ऐतिहासिक महापुरुष हैं। उनके अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए पुरातत्त्व तथा जैन तथा जैनेतर साहित्य ही प्रबल प्रमाण है। उन्हीं के प्रकाश में अगले पृष्ठों में चिन्तन किया जा रहा है। सर्वप्रथम जैन साहित्य में जहाँ-जहाँ पर ऋषभदेव का उल्लेख प्राप्त होता है उस पर अनुशीलन किया जा रहा है।

## * आगम साहित्य में ऋषभदेव :

### १. सूत्रकृतांगसूत्र

आधुनिक भाषा वैज्ञानिकों ने आचारांग व सूत्रकृतांग के प्रथम श्रुतस्कन्ध को भगवान् महावीर की मूलवाणी के रूप में स्वीकार किया है। आचारांग में भगवान् ऋषभदेव के सम्बन्ध में कुछ भी उल्लेख नहीं मिलता। सूत्रकृतांग का द्वितीय अध्ययन 'वेयालिय' है। इस अध्ययन के सम्बन्ध में यद्यपि मूल आगम

में ऐसा कोई संकेत नहीं है, कि यह अध्ययन भगवान् ऋषभदेव ने अपने पुत्रों को कहा था, तथापि आवश्यकचूर्णि[१], आवश्यकहारिभद्रीयावृत्ति[२] एवं आवश्यकमलयगिरिवृत्ति[३] तथा सूत्र-कृतांगचूर्णि आदि ग्रन्थों में स्पष्ट रूप से यह वर्णन है, कि भगवान् ऋषभदेव ने प्रस्तुत अध्ययन अपने अट्ठानवें पुत्रों को कहा, जिससे उन्हें सम्बोध प्राप्त हुआ। वैतालिक का अर्थ है जगाने वाला।[४] यह अध्ययन अनन्तकाल से सोई हुई आत्मा को जगाने वाला है। जैसा नाम है वैसा ही गुण इस अध्ययन में रहा है। आज भी इस अध्ययन को पढ़कर साधक आनन्द विभोर हो जाता है और उसकी आत्मा जाग जाती है।

भगवान् ने कहा- पुत्रो ! आत्महित का अवसर कठिनता से प्राप्त होता है।[५] भविष्य में तुम्हें कष्ट न भोगना पड़े अतः अभी से अपने विषय-वासना से दूर रखकर अनुशासित बनो।[६] जीवन-सूत्र टूट जाने के पश्चात् पुनः नहीं जुड़ पाता।[७] एक ही झपाटे में बाज जैसे बटेर को मार डालता है वैसे ही आयु क्षीण होने पर मृत्यु भी जीवन को हर लेती है।[८] जो दूसरों का परिभव अर्थात् तिरस्कार करता है वह संसार वन में दीर्घकाल तक भटकता रहता है।[९] साधक के लिए वन्दन और पूजन एक बहुत बड़ी दलदल के सदृश है।[१०] भले ही नग्न रहे, मास-मास का अनशन करे और शरीर को कृश एवं क्षीण कर डाले किन्तु जिसके अन्तर में दम्भ रहता है वह जन्म-मरण के अनन्त चक्र में भटकता ही रहता है।[११] जो क्षण वर्तमान में उपस्थित है वही महत्वपूर्ण है अतः उसे सफल बनाना चाहिए।[१२] समभाव उसी को रह सकता है जो अपने को हर किसी भय से मुक्त रखता है।[१३] पुत्रो ! अभी इस जीवन को समझो। क्यों नहीं समझ रहे हो, मरने के बाद परलोक में सम्बोधि का मिलना बहुत ही दुर्लभ है। जैसे बीती रातें फिर लौटकर नहीं आतीं इसी प्रकार मनुष्य का गुजरा हुआ जीवन फिर हाथ नहीं आता।[१४] मरने के पश्चात् सद्गति सुलभ नहीं है।[१५] अतः जो कुछ भी सत्कर्म करना है, यहीं करो। आत्मा अपने स्वयं के कर्मों से ही बन्धन में पड़ता है। कृतकर्मों के फल भोगे बिना मुक्ति नहीं है।[१६] मुमुक्षु तपस्वी अपने कृत-कर्मो का बहुत शीघ्र ही अपनयन कर देता है, जैसे की पक्षी अपने पंखों को फड़फड़ा कर उन पर लगी धूल को झाड़ देता है।[१७] मन में रहे हुए विकारों के सूक्ष्म शल्य को निकालना कभी-कभी बहुत ही कठिन हो जाता है।[१८] बुद्धिमान को कभी किसी से कलह- झगड़ा नहीं करना चाहिए। कलह से बहुत बड़ी हानि होती है।

---

१ एवं वेयालियं अज्झयणं भासंति 'संबुज्झह किं न बुज्झह' एवं अट्ठाणउईवित्तेहिं अट्ठाणउई कुमार पव्वइयत्ति। आवश्यकचुर्णि, पृ. २१० पूर्वभाग, प्रकाशक — ऋषभदेव केशरीमलजी श्वेताम्बर संस्था, रतलाम, सन् १९२८।

२ आवश्यकहारिभद्रीयावृत्ति, प्रथम विभाग, पृ. १५२, प्रकाशक—आगमोदय समिति, सन् १९१६।

३ आवश्यकमलयगिरिवृत्ति, पूर्वभाग, पृ. २३१, प्रकाशक—आगमोदय समिति, सन् १९२८।

४ वैतालिका बोधकराः। -अमरकोश, काण्ड २, वर्ग ९ श्लोक ९७।

५ सूत्रकृतांग १।२।२।३०

६ वही १।२।३।७

७ सूत्रकृतांग १।२।३।१०

८ वही १।२।१।२

९ वही १।२।२।१

१० वही १।२।२।११

११ वही १।२।१।९

१२ वही १।२।३।१९

१३ वही १।२।२।१७

१४ संबुज्झह किं न बुज्झह? संबोही खलु पेच्च दुल्लहा।
णो हूवणमंति राइयो, नो सुलभं पुणरावि जीवियं।। -सूत्र. १।२।१।१

१५ सूत्र. १।२।१।३

१६ वही १।२।१।४

१७ वही १।२।१।१५

१८ वही १।२।२।११

सूत्रकृतांगनिर्युक्ति[१९] में कहा है कि भगवान् के प्रेरणाप्रद उद्‌बोधन से प्रबुद्ध हुए अठानवें पुत्र महाप्रभु ऋषभ के चरणों में दीक्षित हो गये। जिनत्व की साधना के, अमृत-पथ के यात्री हो गये। उनका जीवन बदल गया और वे आत्म-राज्य के राजा हो गये।

**२. स्थानांगसूत्र**

इस सूत्र की रचना कोश शैली में की गई है। इनमें संख्याक्रम से जीव, पुद्‌गल आदि की स्थापना होने से इसका नाम स्थान है। बौद्धों का अंगुत्तरनिकाय भी इसी प्रकार की शैली में ग्रथित हुआ है। इस आगम में एक से दस स्थानों तक का वर्णन है। यद्यपि इसमें भगवान् ऋषभदेव का क्रमबद्ध वर्णन नहीं मिलता है, तथापि यत्र-तत्र उनका उल्लेख प्राप्त होता है और उनके जीवन की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का भी पता चलता है। जैसे—

अन्तक्रियाओं का वर्णन करते हुए भरत चक्रवर्ती व मरूदेवी माता का दृष्टान्त के रूप में नामोल्लेख किया है। भरत चक्रवर्ती लघुकर्मा, प्रशस्त मन-वचन-काया वाले, दुःखजनक कर्म का क्षय करने वाले, बाह्य व आभ्यन्तर जन्य पीड़ा से रहित, चिरकालिक प्रव्रज्या रूप करण द्वारा सिद्ध, बुद्ध, मुक्त हुए। चौथी अन्तक्रिया में मरूदेवी माता का दृष्टान्त दिया गया है, वे लघुकर्मा एवं अल्पपर्याय से परीषह-उपसर्गों से रहित होकर सिद्ध, बुद्ध हुई।[२०]

चतुर्थ स्थान के तृतीय उद्देशक में भरत नरेश को 'उदितोदित' कहा गया है।[२१]

प्रथम एवं अन्तिम तीर्थङ्करों के मार्ग पांच कारणों से दुर्गम बताये हैं— कठिनाई से कहा जाने वाला, दुर्विभाज्य- वस्तुत्व को विभागशः संस्थापन करना दुःशक्य है, दुर्दर्श-कठिनाई से दिखाया जाने वाला, दुस्तितिक्ष अर्थात् कठिनाई से सहा जाने वाला, दुरनुचर- कठिनाई से आचरण किया जाने वाला।

पञ्चम स्थान के द्वितीय उद्देशक में कौशल देशोत्पन्न ऋषभदेव भगवान्, चक्रवर्ती सम्राट् भरत, बाहुबली, एवं सुन्दरी की ऊँचाई पांचसौ धनुष की कही गई है।

षष्ठम स्थान में चतुर्थ कुलकर अभिचन्द्र की ऊँचाई छहसौ धनुष और सम्राट भरत का राज्य-काल लक्ष पूर्व तक का वर्णित किया है।

सप्तम स्थान में वर्तमान अवसर्पिणी के सात कुलकर-विमलवाहन, चक्षुष्मान्, यशस्वान, अभिचन्द्र, प्रसेनजित्, मरूदेव, नाभि तथा इनकी भार्याओं के नाम-चन्द्रयशा, चन्द्रकान्ता, सुरूपा, प्रतिरूपा, चक्षुकान्ता श्रीकान्ता एवं मरूदेवी का उल्लेख किया है। विमलवाहन कुलकर के समय उपभोग्य सप्त कल्पवृक्ष थे- मत्तांगक, भृङ्ग, चित्रांग, चित्ररस, मण्यङ्ग, अनग्न आदि।

सम्राट भरत के पश्चात् आठ राजा सिद्ध-बुद्ध हुए-आदित्ययश, महायश, अतिबल, महाबल, तेजोवीर्य, कीर्तिवीर्य, दण्डवीर्य और जलवीर्य।

नवम स्थान में विमलवाहन कुलकर की नौ सौ धनुष्य की ऊँचाई का वर्णन है तथा श्री ऋषभदेव के चतुर्विध संघ की स्थापना अवसर्पिणी काल के नौ कोटाकोटि सागरोपम प्रमाण काल व्यतीत होने पर हुई, उसका वर्णन है।

---

१९ कामं तु सासणमिणं कहिंय अट्ठावयं मि उसभेणं।
अट्ठाणउतिसुयाणं सोईणं ते वि पठवइया।। -सूत्रकृतांगनिर्युक्ति ३९
१ उत्तराध्ययन ३६।५३। २ आवश्यकनिर्युक्ति गा. ३११। ३ देखिए- लेखक का 'जैन आगमों में आश्चर्य' लेख।

२० स्थानांगसूत्र, ४ स्थान, पं. ३० सू. २३५, पृ.-१३३-मुनि कन्हैयालाल सम्पादित, प्रकाशक- आगम अनुयोग, सांडेराव (राज.) सन् १९७२

२१ वही, ४ स्थान, उ. ३

दशम स्थान में दस आश्चर्यकारी बातों का वर्णन है, जो अनन्तकाल के बाद प्रस्तुत अवसर्पिणी काल में हुई थीं । इसमें एक आश्चर्य भगवान् ऋषभदेव के समय का माना जाता है, कि भगवान् ऋषभदेव के तीर्थ में उत्कृष्ट अवगाहना वाले १०८ मुनि एक साथ, एक ही समय में सिद्ध हुए थे।

यहाँ पर इसलिए आश्चर्य माना गया है कि भगवान् ऋषभ के समय उत्कृष्ट अवगाहना थी। उत्कृष्ट अवगाहना में केवल एक साथ दो ही व्यक्ति सिद्ध हो सकते हैं।[२२] प्रस्तुत सूत्र में एक सौ आठ व्यक्ति उत्कृष्ट अवगाहना में मुक्त हुए, अतः आश्चर्य है।

आवश्यक निर्युक्ति में ऋषभदेव के दस हजार व्यक्तियों के साथ सिद्ध होने का उल्लेख है।[२३] उसका तात्पर्य यही है दस हजार अनगारों के एक ही नक्षत्र में सिद्ध होने के कारण उनका ऋषभदेव के साथ सिद्ध होना बताया है। एक समय में नहीं।[२४]

### ३. समवायांगसूत्र[२५]

इसकी संकलना भी स्थानांग के समान ही हुई है। इसके अठारहवें समवाय में ब्राह्मीलिपि के लेखन के अठारह प्रकार बताये हैं। तेईसवें समवाय में ऋषभदेव को पूर्वभव में चौदह पूर्व के ज्ञाता तथा चक्रवर्ती सम्राट कहा है। चौबीसवें समवाय में ऋषभदेव का प्रथम देवाधिदेव के रूप में उल्लेख है। पच्चीसवें समवाय में प्रथम और अन्तिम तीर्थङ्करों के पञ्च-महाव्रतों की पच्चीस भावनाओं का निरूपण है।[२६]

छियालिसवें समवाय में ब्राह्मीलिपि के छियालीस मातृकाक्षरों का उल्लेख है। त्रेसठवें समवाय में भगवान् ऋषभदेव का ६३ लाख पूर्व तक राज्य-पद भोगने का, सतहत्तरवें समवाय में भरत चक्रवर्ती के ७७ लाख पूर्व तक कुमारावस्था में रहने का, तिरासीवें समवाय में भगवान् ऋषभदेव एवं भरत के ८३ लाख पूर्व तक गृहस्थावस्था के काल का तथा चौरासीवें समवाय में ऋषभदेव, भरत, बाहुबली, ब्राह्मी एवं सुन्दरी की सर्वायु ८४ लाख पूर्व की स्थितिवर्णित की गई है। भगवान् के चौरासी हजार श्रमण थे।

नवासीवें समवाय में अरिहंत कौशलिक श्री ऋषभदेव इस अवसर्पिणी के तृतीय सुषम-दुषम आरे के अन्तिम भाग में नवासी पक्ष शेष रहने पर निर्वाण को प्राप्त हुए; इसका उल्लेख है। तथा भगवान् ऋषभदेव और अन्तिम तीर्थङ्कर भगवान् महावीर का अव्यवहित अन्तर एक कोटाकोटि सागरोपम का वर्णित है। इनके अतिरिक्त उनके पूर्वभव का नाम, शिविका नाम, माता-पिता के नाम, सर्वप्रथम आहार प्रदाता का नाम, प्रथम भिक्षा एवं संवत्सर में प्राप्त हुई—इसका उल्लेख, जिस वृक्ष के नीचे केवलज्ञान उत्पन्न हुआ वह (न्यग्रोध) वृक्ष की (तीन कोस) ऊँचाई, प्रथम शिष्य, प्रथम शिष्या, भरत चक्रवर्ती और उनके माता-पिता तथा स्त्रीरत्न का नामोल्लेख इस अंग में किया गया है।

### ४. भगवतीसूत्र[२७]

भगवतीसूत्र आगम-साहित्य में सर्वाधिक विशालकाय ग्रन्थरत्न है। इसमें अनेक विषयों पर तलस्पर्शी चर्चाएँ की गई हैं। भगवान् ऋषभदेव से सम्बन्धित वर्णन इसमें यत्र-तत्र ही देखने को मिलता है। सर्वप्रथम इसमें मंगलाचरण के रूप में 'ब्राह्मीलिपि' को नमस्कार किया गया है।

---

२२ उत्तराध्ययन ३६। ५३

२३ आवश्यक निर्युक्ति गा. ३११

२४ देखिए- लेखक का 'जैन आगमों में आश्चर्य' लेख।

२५ ठाणांग, समवायांगः सम्पादक- दलसुख मालवणिया, अहमदाबाद, सन् १९५५।

२६ समवायांगसूत्र, २५ वां समवाय।

२७ भगवतीसूत्र २०।८।६९, अंगसुत्ताणि भाग २, भगवई- जैन विश्व भारती, लाडनूं (राज.) ।

भगवती सूत्र में प्रथम और अन्तिम तीर्थङ्कर भगवान् का पञ्च महाव्रत युक्त तथा प्रतिक्रमण सहित धर्म के उपदेश का कथन किया गया है। भावी तीर्थङ्करों में अन्तिम तीर्थङ्कर का तीर्थ कौशलिक भगवान् ऋषभदेव अरिहन्त के जिन पर्याय जितना (हजार वर्ष न्यून लाख पूर्व) वर्णित किया है। इसके अतिरिक्त भगवती सूत्र में भगवान् ऋषभदेव का कहीं भी उल्लेख नहीं है।

**५. प्रज्ञापनासूत्र**[२८]

प्रज्ञापना जैन आगम-साहित्य में चतुर्थ उपांग है। इसमें भगवान् ऋषभदेव ने अपनी पुत्री ब्राह्मी को जिस लिपि-विद्या का ज्ञान कराया था, उन अठारह लिपियों का निर्देश प्रस्तुत आगम में किया गया है।

लिपियों के सम्बन्ध में हमने परिशिष्ट में विस्तार से विवेचन किया है।

**६. जम्बूद्वीप प्रज्ञप्तिसूत्र**[२९]

इसमें भगवान् ऋषभदेव का वर्णन सर्वप्रथम विस्तृत रूप से चित्रिति किया गया है। कुलकरों का उल्लेख करते हुए इसमें पन्द्रह कुलकरों के नाम निर्देश किये हैं— (१)सुमति, (२) प्रतिश्रुति, (३) सीमंकर, (४) सीमंधर, (५) खेमंकर, (६) खेमंधर, (७) विमलवाहन, (८)चक्षुवंत, (९) यशःवंत, (१०) अभिचन्द्र, (११) चन्द्राभ, (१२) प्रसेनजित, (१३) मरुदेव, (१४) नाभि, (१५) ऋषभ।

उक्त पन्द्रह कुलकरों के समय प्रचलित दंडनीति तीन प्रकार की थी— प्रथम पाँच कुलकरों के समय 'ह' कार दण्डनीति, द्वितीय पाँच कुलकरों के समय 'मा' कार दंडनीति एवं अन्तिम पाँच कुलकरों के समय 'धिक्' कार दंडनीति प्रचलित थी।

भगवान् ऋषभदेव से सम्बन्धित उनके कुमारकाल, राज्यकाल, बहत्तर कलाओं एवं चौंसठ कलाओं का उपदेश, भरत का राज्याभिषेक, भगवान् का प्रव्रज्या-ग्रहण, केशलोंच, दीक्षाकालीन तप, उनके साथ दीक्षित होने वालों की संख्या, एक वर्ष पर्यन्त देवदूष्य धारण, उपसर्ग, संयमी जीवन का वर्णन, संयमी जीवन की उपमाएँ, केवलज्ञान का काल, स्थान, उपदेश, गण, गणधर एवं आध्यात्मिक परिवार का वर्णन है। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में उनके पाँच प्रधान जीवन-प्रसंग हुए और निर्वाण अभिजित् में हुआ। संहनन, संस्थान, ऊंचाई, प्रव्रज्याकाल, छद्मस्थ जीवन, केवली जीवन आदि का उल्लेख है। निर्वाण का दिन (माघकृष्णा त्रयोदशी), निर्वाण स्थान, भगवान् के साथ निर्वाण होने वाले मुनि, निर्वाण काल का तप, निर्वाणोत्सव आदि विषयों पर इस सूत्र के द्वितीय वक्षस्कार में पर्याप्त उसके पश्चात् तृतीय वक्षस्कार में भरत चक्रवर्ती का एवं भारतवर्ष नामकरण के हेतु का सविस्तृत वर्णन है।

**७. उत्तराध्ययनसूत्र**

उत्तराध्ययन भगवान् महावीर के अन्तिम प्रवचनों का संग्रह है। इसमें भगवान् ऋषभदेव के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा नहीं है, किन्तु अठारहवें अध्ययन में सम्राट भरत का उल्लेख है, जिन्होंने भारतवर्ष के शासन का एवं काम-भोगों का परित्याग कर प्रव्रज्या ग्रहण की थी।[३०]

प्रस्तुत आगम के तेवीसवें अध्ययन में 'केशी-गौतमीय' की ऐतीहासिक चर्चा है उसमें गणधर-गौतम ने केशी श्रमण से कहा-प्रथम तीर्थङ्कर के साधु ऋजु और जड़ होते हैं, अन्तिम तीर्थंङ्कर के साधु वक्र और जड़ होते हैं, मध्य के बाईस तीर्थंङ्करों के साधु ऋजु और प्राज्ञ होते हैं। प्रथम तीर्थङ्कर के मुनियों द्वारा

---

२८ पण्णवणासुत्तंः मुनि पुण्यविजयजी द्वरा सम्पादित, महावीर जैन विद्यालय, बम्बई-३६, सन् १९७२।

२९ (क) आचार्यश्री अमोलकऋषिजी महाराज, हैदराबाद वी. सं. २४४६।

(ख) शान्तिचन्द्र विहित वृत्ति सहित- देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई; सन् १९२०, धनपतसिंह, कलकत्ता, सन् १८८५।

३० उत्तराध्ययनसूत्र, १८ अध्ययन, गाथा ३४।

आचार को यथावत् ग्रहण कर लेना कठिन है, अन्तिम तीर्थङ्कर के मुनियों द्वारा कल्प को यथावत ग्रहण करना व उसका पालन करना कठिन है, परन्तु मध्य के तीर्थङ्करों के मुनियों द्वारा कल्प को यथावत् ग्रहण करना एवं उसका पालन करना सरल है। यहाँ पर भगवान् ऋषभदेव के श्रमणों के स्वभाव का चित्रण किया गया है, किन्तु स्वयं ऋषभदेव का नहीं ।[३१]

प्रस्तुत सूत्र के पच्चीसवें अध्ययन में जयघोष मुनि ने विजयघोष ब्राह्मण से कहा—'वेदों का मुख अग्निहोत्र है, यज्ञों का मुख यज्ञार्थी है, नक्षत्रों का मुख चन्द्रमा है एवं धर्मों का मुख काश्यप ऋषभदेव हैं।[३२]

जिस प्रकार चन्द्रमा के सम्मुख ग्रह आदि हाथ जोड़े हुए वन्दना-नमस्कार करते हुए और विनीत भाव से मन का हरण करते हुए रहते हैं उसी प्रकार भगवान् ऋषभदेव के सम्मुख सब लोग रहते हैं।[३३]

### ८. कल्पसूत्र[३४]

कल्पसूत्र दशाश्रुतस्कन्ध का अष्टम अध्ययन है, इसमें चौबीस तीर्थङ्करों का संक्षेप में परिचय दिया गया है। भगवान् ऋषभदेव के पञ्चकल्याणक का उल्लेख किया है, उसके पश्चात् उनके माता-पिता, जन्म, उनके पाँच नाम और दीक्षा-ग्रहण करने का उल्लेख है। यहाँ यह स्मरण रखना चाहिये कि ऋषभदेव ने दीक्षा के समय चारमुष्टि केशलोंच किया था जिसका इसमें उल्लेख है। अन्य तीर्थङ्करों के समान पञ्च-मुष्टि केशलोंच नहीं किया। दीक्षा के एक हजार वर्ष पश्चात् उन्हें केवलज्ञान हुआ। प्रस्तुत सूत्र में उनकी शिष्य-सम्पदा का भी विस्तृत वर्णन किया गया है।

कल्पसूत्र के मूल में ऋषभदेव के पूर्वभवों का उल्लेख नहीं है, किन्तु कल्पसूत्र की वृत्तियों में उनके पूर्वभव व अन्य जीवन-प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है।

## * निर्युक्ति साहित्य में ऋषभदेव :

मूल ग्रन्थों पर व्याख्यात्मक साहित्य लिखने की परम्परा बहुत ही प्राचीन है। समवायांग, स्थानांग और नन्दी में जहाँ पर द्वादशांगी का परिचय प्रदान किया गया है वहाँ पर प्रत्येक सूत्र के सम्बन्ध में 'संखेज्जाओ निज्जुत्तीओ' यह उल्लेख है। इससे यह स्पष्ट है कि निर्युक्तियों की परम्परा आगम काल में भी थी। उन्हीं निर्युक्तियों के आधार पर बाद में भी आचार्य रचना करते रहे होगें और उसे अन्तिम रूप द्वितीय भद्रबाहु ने प्रदान किया। जैसे वैदिक परम्परा में पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या करने के लिये यास्क महर्षि ने निघण्टुभाष्य रूप निरुक्त लिखा वैसे ही जैन आगमों के पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या करने के लिए आचार्य भद्रबाहु ने प्राकृत पद्य में निर्युक्तियों की रचना की। शैली सूत्रात्मक एवं पद्यमय है।

### १. आवश्यक निर्युक्ति[३५]

आचार्य द्वितीय भद्रबाहु ने दस निर्युक्तियों की रचना की है, उनमें आवश्यक निर्युक्ति का प्रथम स्थान है। इसमें अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत और व्यवस्थित चर्चाएँ की गई हैं। प्राचीन जैन इतिहास को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करने का यह सर्वप्रथम एवं प्रामाणिक प्रयत्न हुआ है। इसमें भगवान् महावीर

---

३१ उत्तराध्ययनसूत्र, २३ अध्ययन, गाथा २६,२७।

३२ .....धम्माणं कासवो मुहं।। —उत्तराध्ययनसूत्र, अध्ययन २५, गा. १६

३३ वही, अ. २५, गा. १७।

३४ कल्पसूत्रः श्री अमर जैन आगम शोध-संस्थान, गढ़ सिवाना, सम्पादक - श्री देवेन्द्र मुनि शास्त्री, सन् १९६८।

३५ आवश्यक निर्युक्ति, पूर्वभाग, प्रकाशक- श्री आगमोदय समिति, सन् १९२८।

के पूर्वभवों का वर्णन करते हुए भगवान् ऋषभदेव के जीवन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया है। इतना ही नहीं, भगवान् के जन्म से पूर्व होने वाले कुलकरों का वर्णन, उनकी उत्पत्ति का हेतु आदि विषयों पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला है। श्री ऋषभदेव से सम्बन्धित निम्न विषयों का निर्देश प्रस्तुत ग्रन्थ में किया गया है-

(१) ऋषभदेव के द्वादश पूर्वभवों का कथन।
(२) ऋषभदेव का जन्म, जन्म-महोत्सव।
(३) वंशस्थापना, नामकरण।
(४) अकाल मृत्यु।
(५) श्री ऋषभदेव का कन्याद्वय के साथ पाणिग्रहण।
(६) संतानोत्पत्ति।
(७) राज्याभिषेक।
(८) खाद्य-समस्या का समाधान।
(९) शिल्पादि कलाओं का परिज्ञान।
(१०) भगवान् ऋषभदेव की दीक्षा।
(११) आहार-दान की अनभिज्ञता।
(१२) नमि-विनमि को विद्याधर ऋद्धि।
(१३) चार हजार साधुओं का तापस वेष ग्रहण।
(१४) श्रेयांस के द्वारा इक्षुरस का दान।
(१५) श्रेयांस के पूर्वभव।
(१६) केवलज्ञान।
(१७) भरत की दिग्विजय।
(१८) सुन्दरी की प्रव्रज्या।
(१९) भारत-बाहुबली युद्ध।
(२०) मरीचि का नवीन काल्पनिक वेष-ग्रहण।
(२१) वेदोत्पत्ति।
(२२) श्री ऋषभदेव का परिनिर्वाण।
(२३) भरत का केवलज्ञान एवं निर्वाण।

ऋषभदेव के पूर्वभवों का वर्णन सर्वप्रथम इसी ग्रन्थ में हुआ है। कल्पसूत्र की टीकाओं में जो वर्णन हुआ है, उसका भी मूल स्रोत यही है।

ऋषभदेव के जीवन की घटनाओं के साथ ही उस युग के आहार, शिल्प, कर्म, ममता, विभूषण, लेख, गणित, रूप, लक्षण, मानदण्ड, प्रोतन-पोत व्यवहार, नीति, युद्ध, इषुशास्त्र, उपासना, चिकित्सा, अर्थशास्त्र, बंध, घात, ताडन, यज्ञ, उत्सव, समवाय, मंगल, कौतुक, वस्त्र, गंध, माल्य, अलंकार, चूला, उपनयन, विवाह, दत्ति, मृतपूजना, ध्यापना, स्तूप, शब्द, खेलायन, पृच्छना आदि चालीस विषयों की ओर भी संकेत किया है।[३६] जिसके आद्य प्रवर्तक श्री ऋषभदेव हैं।

---

३६ आवश्यक निर्युक्ति गा. १८५-२०६।

## * भाष्य साहित्य में ऋषभदेव :

### १. विशेषावश्यकभाष्य[३७]

निर्युक्तियों के पश्चात् भाष्य साहित्य का निर्माण किया गया। निर्युक्तियों की तरह भाष्य भी प्राकृत भाषा में हैं। भाष्य साहित्य में विशेषावश्यकभाष्य का अत्याधिक महत्त्व है। यह जिनभद्रगणी क्षमाश्रमण की एक महत्त्वपूर्ण कृति है। ज्ञानवाद, प्रमाणशास्त्र, आचार, नीति, स्याद्वाद, नयवाद, कर्मवाद प्रभृति सभी विषयों पर विस्तार से विश्लेषण किया गया है। प्रस्तुत ग्रन्थ की यह महान् विशेषता है कि जैनतत्त्व का विश्लेषण, जैन दृष्टि से ही न होकर अन्य दार्शनिक मान्यताओं की तुलना के साथ किया गया है। आगम साहित्य की प्रायः सभी मान्यताएँ तर्क रूप में इसमें प्रस्तुत की गई हैं। इसमें भगवान् ऋषभ का संक्षेप में सम्पूर्ण जीवन- वृत्त आया है। जो आवश्यक निर्युक्ति में गाथाएँ हैं, उन्हीं का इसमें प्रयोग है। कुछ गाथाएँ नूतन भी हैं। इसमें मरीचि के भव, कुलकरों का वर्णन, ऋषभदेव के चरित्र में भावी तीर्थङ्कर, चक्रवर्ती आदि का निरूपण किया गया है।

## * चूर्णि साहित्य में ऋषभदेव :

### १. आवश्यक चूर्णि[३८]

आगम की व्याख्याओं में सर्वप्रथम निर्युक्तियाँ, उसके पश्चात् भाष्य और उसके पश्चात् चूर्णि साहित्य रचा गया है। आवश्यक चूर्णि, चूर्णि साहित्य में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। आवश्यक निर्युक्ति में जिन प्रसंगों का संक्षेप में वर्णन किया गया है उन्हीं प्रसंगों पर चूर्णि में विस्तार से वर्णन है। प्रस्तुत चूर्णि में भगवान् ऋषभदेव से सम्बन्ध रखने वाली निम्न घटनाओं का निर्देश मिलता है–

(१) प्रथम कुलकर विमलवाहन का पूर्वभव।
(२) अन्य छह कुलकरों का वर्णन एवं दण्डनीति।
(३) ऋषभदेव के सात पूर्वभवों का उल्लेख।
(४) श्री ऋषभदेव का जन्म, जन्मोत्सव।
(५) नामकरण, वंशस्थापन।
(६) अकाल मृत्यु।
(७) ऋषभदेव का सुमंगला व सुनन्दा के साथ विवाह।
(८) सन्तानोत्पत्ति।
(९) राज्याभिषेक, शिल्पादि कर्मों की शिक्षा।
(१०) ऋषभदेव का शिष्य परिवार।
(११) दीक्षा (यह जो क्रम विपर्यय हुआ है वह सभी तीर्थङ्करों का सामूहिक वर्णन होने से हुआ है।)
(१२) नमि-विनमि को विद्याधर ऋद्धि।
(१३) भिक्षा के अभाव में चार हजार श्रमणों का पथभ्रष्ट होना।
(१४) श्रेयांसादि के स्वप्न एवं भगवान् का पारणा।
(१५) श्रेयांस के पूर्वभव।

---

३७ श्री जिनभद्रगणी विरचित, विशेषावश्यक भाष्य स्वोपज्ञवृत्तिसहित, द्वितीय भाग, सम्पादक– पंडित दलसुख मालवणिया, प्रकाशक- लालभाई दलपतभाई, भारतीय संस्कृति विद्या मंदिर, अहमदाबाद, सन् १९६८।

३८ आवश्यक चूर्णि, ऋषभदेवजी केशरीमलजी श्वेताम्बर संस्था, रतलाम, सन् १९२८।

(१६) भगवान् ऋषभदेव को केवलज्ञान।
(१७) माता मरूदेवी को केवलज्ञान और मोक्ष।
(१८) संघ स्थापना।
(१९) भरत को दिग्विजय।
(२०) सुन्दरी की प्रव्रज्या।
(२१) भरत-बाहुबली के दृष्टियुद्ध, बाहुयुद्ध एवं मुष्टियुद्ध का वर्णन।
(२२) बाहुबली को वैराग्य, दीक्षा और केवलज्ञान।
(२३) मरीचि द्वारा स्वेच्छानुसार परिव्राजक वेष (लिंग) की स्थापना।
(२४) ब्राह्मणोत्पत्ति।
(२५) भगवान् ऋषभदेव का परिनिर्वाण।
(२६) सम्राट भरत को आदर्श भवन में केवलज्ञान।

## * प्राकृत काव्य साहित्य में ऋषभदेव :

### १. वसुदेव-हिंडी[३९]

वसुदेव-हिंडी का भारतीय कथा साहित्य में ही नहीं अपितु विश्व के कथा साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्थान है। जैसे गुणाढ्य ने पैशाची भाषा में नरवाहनदत्त की कथा लिखी वैसे ही संघदासगणी ने प्राकृत भाषा में वसुदेव के भ्रमण की कथा लिखी। यह कथा (प्रथम खण्ड) जैन साहित्य के उपलब्ध सर्व कथा-ग्रन्थों में प्राचीनतम है। इसकी भाषा आर्ष जैन महाराष्ट्री प्राकृत है। मुख्यतः यह गद्यमय है, तथापि कहीं-कहीं पद्यात्मक शैली का भी प्रयोग किया गया है। इसमें श्रीकृष्ण के पिता वसुदेव के अनेक वर्षों के परिभ्रमण और उनका अनेक कन्याओं के साथ विवाह का वर्णन किया गया है। जिस-जिस कन्या के साथ विवाह हुआ उस-उस के नाम से मुख्य कथा के विभागों को 'लंभक' कहा गया है।

वसुदेव-हिण्डी के चतुर्थ 'नीलयशा लंभक' एवं 'सोमश्री' लंभक में श्री ऋषभदेव का चरित्र चित्रण किया गया है। उसमें निम्न घटनाओं का समावेश है-

(१) मरूदेवी का स्वप्न-दर्शन।
(२) ऋषभदेव का जन्म।
(३) देवेन्द्रों और दिशाकुमारियों द्वारा भगवान् का जन्मोत्सव।
(४) ऋषभदेव का राज्याभिषेक।
(५) ऋषभदेव की दीक्षा।
(६) नमि-विनमि को विद्याधर ऋद्धि की प्राप्ति।
(७) ऋषभदेव का श्रेयांस के यहाँ पारणा।
(८) सोमप्रभ का श्रेयांस को प्रश्न पूछना।
(९) श्रेयांस का प्रत्युत्तर में ऋषभदेव के पूर्वभव का वृत्तान्त।
(१०) महाबल और स्वयंबुद्ध के पूर्वजों का वृत्तान्त।
(११) निर्नामिका की कथा।
(१२) आर्यदेव की उत्पत्ति।
(१३) श्री ऋषभदेव का निर्वाण।

---

३९ वसुदेवहिण्डी, प्रथम खण्ड, सम्पादक- मुनि पुण्यविजयजी महाराज, श्री जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, ई. सन् १९३१।

(१४) अनार्यवेद की उत्पत्ति।
(१५) बाहुबली एवं भरत का युद्ध।
(१६) बाहुबली की दीक्षा एवं केवलज्ञान।

इस ग्रन्थ में 'जीवानन्द वैद्य' के स्थान पर 'केशव' का उल्लेख हुआ है। ऋषभदेव पूर्वभव में 'केशव' नामक वैद्य पुत्र थे एवं श्रेयांस का जीव पूर्वभव में श्रेष्ठिपुत्र 'अभयघोष' था।[४०]

ऋषभदेव के निर्वाण के प्रसंग में कहा है, कि भगवान् दस हजार साधुओं, निन्यानवें पुत्रों और आठ पौत्रों के साथ एक ही समय में सिद्ध-बुद्ध हुए थे।[४१] जबकि कल्पसूत्र, आवश्यक निर्युक्ति आदि ग्रन्थों में दस हजार साधुओं का ही उल्लेख है।

भरत-बाहुबली के युद्ध-वर्णन में आचार्य ने उत्तमयुद्ध और मध्यमयुद्ध इन दो युद्धों का वर्णन किया है। उसमें दृष्टियुद्ध को उत्तमयुद्ध कहा है और मुष्टियुद्ध को मध्यमयुद्ध बताया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में गंधांग, मायांग, रुक्खमूलिया और कालकेसा आदि विद्याओं का वर्णन है। विषयभोगों को दुःखदायी प्रतिपादन करते हुए कौवे और गीदड़ आदि की लौकिक कथाएँ भी दी हैं।

### २. पउमचरियं[४२]

संस्कृत साहित्य में जो स्थान वाल्मीकि रामायण का है, वही स्थान प्राकृत में प्रस्तुत चरित-काव्य का है। इसके रचयिता विमलसूरि हैं। ये आचार्य राहु के प्रशिष्य, विजय के शिष्य और नाइल-कुल के वंशज थे। यद्यपि सूरिजी ने स्वयं इसे पुराण कहा है, फिर भी आधुनिक विद्वान् इसे महाकाव्य मानते हैं। पउपचरियं में जैन-रामायण है। वाल्मीकि रामायण की तरह इसमें अनवरूद्ध कथा प्रवाह है। इसकी शैली उदात्त है।

'पउमचरियं' में राम की कथा इन्द्रभूति और श्रेणिक के संवाद के रूप में कही गई है। कथा के प्रारम्भ में आचार्य ने लोक का वर्णन, उत्सर्पिणी-अवसर्पिणी काल का निरूपण करते हुए तृतीय आरे के अन्त में कुलकर वंश की उत्पति का संक्षिप्त वर्णन किया है। प्रतिश्रुति कुलकर से लेकर चौदहवें कुलकर नाभि तक के युगानुरूप प्रसिद्ध कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत किया है। तदनन्तर तीर्थङ्कर जन्म के सूचक मरुदेवी के चौदह स्वप्न, गर्भ में आने के छह माह पूर्व कुबेर द्वारा हिरण्यवृष्टि, भगवान् का जन्म, इन्द्रों द्वारा मन्दराचल पर्वत पर भगवान् का जन्माभिषेक, भगवान् के समय की तत्कालीन स्थिति एवं ऋषभदेव के द्वारा नवनिर्माण-शिल्पादि की शिक्षा, त्रिवर्ण की स्थापना का वर्णन अति संक्षिप्त रूप से किया गया है। उसके पश्चात् सुमंगला एवं नन्दा से उनका पाणिग्रहण हुआ। संतानोत्पत्ति के पश्चात् नीलाञ्जना नाम की अप्सरा के मनोहारी नृत्य में मृत्यु का दृश्य देखकर ऋषभदेव विरक्त हुए और उन्होंने 'वसंततिलक' उद्यान में चार सहस्र अनुगामियों के साथ 'पंचमुष्टि लोच' कर[४३] संयम ग्रहण किया। भिक्षा न मिलने से छह मास के भीतर चार हजार श्रमण पथ-विचलित हो गये। आकाशवाणी सुनकर वे चार हजार श्रमण वल्कलधारी बनकर वृक्षों से फल, फूल, कन्द आदि का आहार करने लगे। धरणेंन्द्र द्वारा नमि-विनमि

---

४० तत्थ सामी पियामहो सुविहि विज्जपुत्तो केसवो नामं जातो। अहं पुण सेट्ठिपुत्तो अभयघोसो। —वसुदेव-हिंडी, नीलयशा लंभक, पृ १७७

४१ भयव ंच जयगुरु उसभसामी....दसहिं समणसहस्सेहिं....एकगूणपुतसएण अट्ठहि य नत्तुयएहिं सह एगसमयेण निव्वुओ। -वही, सोमश्री लंभक, पृ.१८५

४२ श्री विमलसूरि विरचित, सम्पादक- श्री पुण्यविजयी महाराज, प्रकाशक- प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी- ५, ई. सन् १९६२।

४३ सिद्धाणं नमुक्कारं, काऊण य पञ्चमुट्ठीयं लोयं।
चउहिं सहस्सेहिं समं, पत्तो य जिणो परमदिक्खं।। -पउमचरियं ३१।६३

को उत्तम निवास के हेतु शुद्ध रजत से निर्मित पचास योजन विस्तृत वैताढ्य पर्वत तथा अनेक विद्याओं के दान देने का निरूपण किया गया है।

चतुर्थ उद्देशक में श्रेयांस के दान का, भगवान् के केवलज्ञानोत्त्पत्ति का उपदेश एवं भरत-बाहुबली के युद्ध का वर्णन है। भरत अपनी पराजय से क्षुभित होकर बाहुबली पर चक्ररत्न फैंकते हैं, परन्तु वह चक्र बाहुबली तक पहुँच कर ज्योंही भरत की ओर मुड़ा तो बाहुबली के मन में वैराग्य उत्पन्न हुआ। एक वर्ष तक कायोत्सर्ग की प्रतिज्ञा कर बाहुबली अन्त में तपोबल से केवलज्ञान प्राप्त करते है तथा मोक्ष पद के अधिकारी बनते हैं।

प्रस्तुत उद्देशक में भरत के वैभव का वर्णन करते हुए ब्राह्मण वर्ण की उत्पत्ति का हेतु निर्दिष्ट किया गया है। अन्त में भगवान् ऋषभदेव के अष्टापद पर निर्वाण प्राप्त करने का और भरत चक्रवर्ती के राज्य-लक्ष्मी का त्याग कर अव्याबाध पर सुख प्राप्त करने का संक्षिप्त निरूपण किया गया है।

इस काव्य में भगवान् ऋषभदेव के पंचमुष्टि लोच का निरूपण किया गया है।

### ३. तिलोयपण्णत्ति[४४]

उक्त ग्रन्थ दिगम्बर परम्परा का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। इसमें तीर्थङ्कर आदि के चरित्र-तथ्यों का प्राचीन संकलन प्राकृत भाषा में किया गया है। इसके चौथे महाधिकार में-तीर्थङ्कर किस स्वर्ग से च्यवकर आये, नगरी व माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, नक्षत्र, वंश, तीर्थङ्करों का अन्तराल, आयु, कुमारकाल, शरीर की ऊंचाई, वर्ण, राज्यकाल, वैराग्य का निमित्त, चिन्ह, दीक्षातिथि, नक्षत्र, दीक्षा का उद्यान, वृक्ष, प्राथमिक तप, दीक्षा परिवार, पारणा, दान में पञ्चाश्चर्य, छद्मस्थ काल, केवलज्ञान की तिथि, नक्षत्र, स्थान, केवलज्ञान के बाद अन्तरिक्ष हो जाना, केवलज्ञान के समय इन्द्रादि के कार्य, समवसरण का सांगोपांग वर्णन, यक्ष-यक्षिणी, केवलज्ञान गणधर संख्या, ऋषि संख्या, पूर्वधर शिक्षक, अवधिज्ञानी, केवलज्ञानी, विक्रिया ऋद्धिधारी, वादी आदि की संख्या, आर्यिकाओं की संख्या, श्रावक-श्राविकाओं की संख्या, निर्वाणतिथि, नक्षत्र, स्थान का नाम आदि प्रमुख तथ्यों का विधिवत् संग्रह है।

### ४. चउप्पन्नमहापुरिसचरियं[४५]

महापुरुषों के चरित्र का वर्णन करने वाले उपलब्ध ग्रन्थों में उक्त ग्रन्थ सर्वप्रथम माना जाता है। यह ग्रन्थ आचार्य शीलाङ्क द्वारा रचित है इसमें वर्तमान अवसर्पिणी के चौबीस तीर्थङ्कर, बारह चक्रवर्ती, नौ बलदेव और नौ वासुदेव का चरित्र-चित्रण किया गया है। जैनागम में ऐसे महापुरुषों को 'उत्तमपुरुष' या 'शलाकापुरुष' भी कहते हैं। श्रीमज्जिनसेनाचार्य तथा श्री हेमचन्द्राचार्य ने शलाकापुरुषों की संख्या त्रेसठ दी है। नौ वासुदेवों के शत्रु नौ प्रतिवासुदेवों की संख्या चौपन में जोड़ने से त्रेसठ की संख्या बनती है। श्री भद्रेश्वरसूरि ने अपनी कहावली में नौ नारदों की संख्या को जोड़कर शलाकापुरुषों की संख्या बहत्तर दी है।[४६]

शीलांकीय प्रस्तुत ग्रन्थ प्राकृत भाषा में निबद्ध है। मात्र 'विबुधानन्द नाटक' संस्कृत में है, उसमें भी कहीं-कहीं अपभ्रंश सुभाषित आते हैं। संपूर्ण ग्रन्थ गद्य-पद्यमय होने पर भी कहीं-कहीं पद्यगन्धी गद्य भी प्रतीत होता है।

---

४४ यतिवृषभाचार्य विरचित, प्रकाशकः जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापुर, भाग १ सन् १९४३, भाग २ सन् १९५१।

४५ आचार्य शीलाङ्क विरचित, सम्पादक- पंडित अमृतलाल मोहनलाल भोजक, प्रकाशक- प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, वाराणसी ५, सन् १९१६।

४६ चउवीस जिणा, वारस चक्की, णव पडिहरी, णव सरामा। हरिणो, चक्किहरिसु य केसु णव नारया होंति। उड्ढगइं चिय जिण राम-णारया जंतऽहोगइं चेय। सणियाणा चिय पण्डिहरि- हरिणो दुहुवो वि चक्कि त्ति। न य सम्मत्त सलायारहिया नियमेणिमेजओ तेण। होंति सलाया पुरिसा बहत्तरी....। - कहावली (अमुद्रित)

इसमें आचार्य ने सर्वप्रथम मंगलाचरण कर लोक-अलोक व काल का वर्णन किया है। इसके पश्चात् सप्त कुलकर, 'ह' कारादि नीतियाँ, अल्पानुभाव वाले कल्पवृक्षों का वर्णन कर श्री ऋषभदेव के दस पूर्वभवों का वर्णन किया है। ऋषभदेव के चतुर्थ भव में महाबल को प्रतिबोधित करने के लिये आचार्य ने मंत्री द्वारा 'विबुधानंद नाटक' की रचना करवाकर अवान्तर कथा को भी सम्मिलित किया है। भगवान् ऋषभदेव के जन्म के पश्चात् आचार्य ने भगवान् से सम्बन्धित निम्न बातों का अपने ग्रन्थ में उल्लेख किया है-

(१) इक्ष्वाकु वंश की स्थापना।
(२) ऋषभस्वामी का विवाह और राज्याभिषेक।
(३) विनीता नगरी की स्थापना।
(४) भरत-बाहुबली आदि पुत्र व ब्राह्मी-सुन्दरी कन्याद्वय का जन्म।
(५) लिपि-कला-लक्षण शास्त्रादि का प्रादुर्भाव।
(६) वर्ण व्यवस्था।
(७) ऋषभदेव की दीक्षा, पञ्चमुष्टि लोच।
(८) एक संवत्सर के पश्चात् भगवान् का पारणा।
(९) बाहुबली कृत धर्मचक्र।
(१०) केवलज्ञान की उत्पत्ति।
(११) मरुदेवी माता को केवलज्ञान और निर्वाण।
(१२) गणधर स्थापना और ब्राह्मी प्रव्रज्या।
(१३) भरत की विजय-यात्रा, नव निधियाँ।
(१४) भरत-बाहुबली युद्ध।
(१५) उत्तम, मध्यम और जघन्य-युद्ध के तीन रूप।
(१६) पराजित भरत द्वारा चक्ररत्न फैंकना।
(१७) बाहुबली की दीक्षा और केवलज्ञान।
(१८) मरीचि का स्वमति अनुसार लिंग स्थापन।
(१९) ऋषभदेव का निर्वाण।
(२०) भरत का केवलज्ञान और निर्वाण।

इस ग्रन्थ में प्रमुख ध्यान देने की बात है -भगवान् का पञ्चमुष्टि केशलुंचन[४७]; जबकि अन्य ग्रन्थों में चतुर्मुष्टि केशलुंचन का उल्लेख है। और दूसरा 'विबुधानन्द नाटक' की रचना। अन्य श्वेताम्बर-ग्रन्थों में कहीं भी ऐसा उल्लेख नहीं है।

युद्ध का वर्णन करते हुए तीन तरह के युद्ध प्रतिपादित किये हैं -दो प्रतिस्पर्द्धी राजा सैन्य का संहार रोकने के लिये परस्पर दृष्टियुद्ध अथवा मल्लयुद्ध करते थे। इन दो प्रकारों में से प्रथम उत्तम और द्वितीय मध्यम युद्ध कहलाता है। रणभूमि में दो प्रतिस्पर्धी राजाओं के सैन्य विविध आयुधों से जो युद्ध करते हैं वह अधम-कोटी का है।

### ५. आदिनाहचरियं

प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता नवांगी टीकाकार अभयदेवसूरि के शिष्य वर्धमानाचार्य हैं। इस रचना पर 'चउप्पन्नमहापुरिसचरियं' का प्रभाव है । उक्त ग्रन्थ की एक गाथा संख्या ४५ के रूप में इसमें ज्यों की

४७ कयवज्जसणिहाण पंचमुट्ठिलोओ ......पृ. ४०

त्यों उद्धृत की गयी है। ऋषभदेव के चरित का विस्तार से वर्णन करने वाला यह प्रथम ग्रन्थ है। इसमें पांच परिच्छेद हैं। ग्रन्थ का परिणाम ११००० श्लोक प्रमाण है।

**६. ऋषभदेव चरियं**

इसका दूसरा नाम 'धर्मोपदेशशतक' भी है यह ग्रन्थ-रत्न तीन सौ तेईस गाथाओं में निबद्ध है। इसके रचियता भुवनतुंगसूरि हैं।

**७. सिरि उसहणाहचरियं**[४८]

श्री हेमचन्द्राचार्य विरचित 'त्रिषष्टिशलाका पुरुष चरित्र' के दस पर्वों में से प्रथम पर्व, जिसमें मुख्यतः कौशलिक-श्री ऋषभदेव का विस्तृत वर्णन है उसका प्राकृत रूपान्तर प्रस्तुत ग्रन्थ 'सिरि उसहणाहचरियं' में किया गया है। प्राकृत रुपान्तर करने वाले प्राकृत भाषा विशारद श्री विजयकस्तूरसूरिजी हैं।

**८. कहावली**

इस महत्त्वपूर्व कृति के रचियता भद्रेश्वरसूरि हैं जो अभयदेवसूरि के गुरु थे। इनका समय १२वीं शताब्दी के मध्य के आसपास माना जाता है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में त्रेसठ महापुरुषों का चरित्र वर्णित है। इसकी रचना प्राकृत गद्य में की गई है, तथापि यत्र-तत्र पद्य भी संप्राप्त होते हैं। ग्रन्थ में किसी प्रकार के अध्यायों का विभाग नहीं है। यह कृति पश्चात् कालीन त्रिषष्टि शलाकापुरुष महाचरित आचार्य हेमचन्द्र विरचित की रचनाओं का आधार है। इसकी प्रति लालभाई दलपतभाई भारतीय संस्कृति विद्यामन्दिर, अहमदाबाद में उपलब्ध है।

**९. भरतेश्वर बाहुबली वृत्ति**[४९]

प्रस्तुत ग्रन्थ शुभशीलगणी विरचित है। सम्पूर्ण ग्रन्थ प्राकृत भाषा में होने पर भी कहीं-कहीं श्लोकों की भाषा संस्कृत है। इसमें विविध महापुरुषों का चरित्र-चित्रण किया गया है। कुल मिलाकर सड़सठ महापुरुषों एवं त्रेपन महासतीयों की जीवन-कथाओं का वर्णन प्रस्तुत ग्रन्थ में किया गया है। सर्वप्रथम श्री ऋषभदेव के जीवन चरित्र का वर्णन है। उनसे सम्बन्धित निम्न घटनाएँ इस ग्रन्थ में उल्लिखित हैं—

(१) ऋषभदेव भगवान् की द्वादश पूर्वभवों का कथन।
(२) माता मरुदेवी के चौदह स्वप्न।
(३) भगवान् का जन्म।
(४) नामकरण, वंश स्थापना।
(५) अकाल मृत्यु।
(६) भगवान् का विवाह, संतानोत्पत्ति।
(७) राज्याभिषेक ।
(८) कलाओं का परिज्ञान।
(९) चतुर्मुष्टि लोच एवं दीक्षा।
(१०) एक वर्ष पश्चात् श्रेयांस द्वारा आहार-दान।
(११) नमि-विनमि को विद्याधर की ऋद्धि।

---

४८ श्री विजयकस्तूरसूरीश्वरजी महाराज, सम्पादक- चन्द्रोदय विजयगणि, प्रकाशक- श्री नेम विज्ञान कस्तूरसूरि ज्ञानमंदिर, सूरत, ई. सन् १९६८।

४९ श्री शुभशीलगणि विरचित, भाषान्तर— शाह मोतीचन्द ओघवजी, प्रकाशक - शाह अमृतलाल ओघवजी, अहमदाबाद, ई. सन् १९३८।

(१२) भगवान् को केवलज्ञान की उत्पत्ति।
(१३) माता मरुदेवी को केवलज्ञान एवं निर्वाण।
(१४) समवसरण, भगवद्देशना (मधुबिन्दु की कथा)।
(१५) भरतपुत्र पुंडरीक को प्रथम गणधर की पदवी।
(१६) भरत की दिग्विजय का वर्णन।
(१७) सुन्दरी की दीक्षा।
(१८) भरत-बाहुबली के पञ्च युद्ध।
(१९) बाहुबली की दीक्षा एवं केवलज्ञान।
(२०) ब्राह्मण वर्ण की उत्पत्ति।
(२१) मरीचि का अभिमान।
(२२) प्रथम गणधर पुंडरीक की मुक्ति।
(२३) भगवान् ऋषभदेव का निर्वाण।
(२४) भगवान् का अग्नि-संस्कार।
(२५) भरत को आरिसा भवन में केवलज्ञान।
(२६) भरत का निर्वाण।

यहाँ मुख्य ध्यान देने की तीन बातें हैं- प्रथम तो भरतपुत्र 'पुंडरीक' की प्रथम गणधर पदवी। त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित्र, आवश्यक चूर्णि, आवश्यक निर्युक्ति आदि में प्रथम गणधर का नाम 'ऋषभसेन' दिया है। द्वितीय प्रमुख बात मरुदेवी का अग्नि-संस्कार है, जबकि अन्य श्वेताम्बर ग्रन्थों में मरुदेवी माता के कलेवर को क्षीर-समुद्र में प्रक्षिप्त करने का उल्लेख मिलता है। भरत-बाहुबली के युद्ध में दृष्टियुद्ध, बाहुयुद्ध, मुष्टियुद्ध, दण्डयुद्ध एवं वचनयुद्ध– इन पाँच युद्धों का निर्देश किया है। इससे पूर्व भरत एवं बाहुबली की सेना का परस्पर द्वादश वर्ष तक घमासान युद्ध चलने का आचार्य ने वर्णन किया है। इस प्रकार कथा सूत्र इसमें विकसित हुआ है।

*** संस्कृत-साहित्य मे ऋषभदेव :**

**१. महापुराण**[५०]

प्रस्तुत ग्रन्थ महापुराण जैन पुराण ग्रन्थों में मुकुटमणि के समान है। इसका दूसरा नाम 'त्रिषष्टि लक्षण महापुराण संग्रह' भी है। इसके दो खण्ड हैं- प्रथम आदिपुराण या पूर्वपुराण और द्वितीय उत्तरपुराण। आदिपुराण सैंतालीस वर्षों में पूर्ण हुआ है, जिसके बयालीस पर्व पूर्ण तथा तैतालीसवें पर्व के तीन श्लोक जिनसेनाचार्य के द्वारा विरचित हैं और अवशिष्ट पाँच पर्व तथा उत्तरपुराण श्री जिनसेनाचार्य के प्रमुख शिष्य गुणभद्राचार्य द्वारा निर्मित हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ मात्र पुराण ग्रन्थ ही नहीं, अपितु महाकाव्य है।

महापुराण का प्रथम खण्ड आदिपुराण है, जिसमें तीर्थङ्कर श्री ऋषभनाथ और उनके पुत्र भरत चक्रवर्ती का सविस्तृत वर्णन किया गया है। तृतीय आरे के अन्त में जब भोगभूमि नष्ट हो रही थी और कर्मभूमि का नव प्रभात उदित हो रहा था उस समय भगवान् ऋषभदेव का नाभिराजा के यहाँ मरुदेवी माता की कुक्षि में जन्म धारण करना, नाभिराज की प्रेरणा से कच्छ, महाकच्छ राजाओं की बहिनें यशस्वती व सुनन्दा के साथ पाणिग्रहण करना, राज्यव्यवस्था का सूत्रपात, पुत्र और पुत्रियों को विविध कलाओं में पारङ्गत करना

---

५० श्री जिनसेनाचार्य विरचित, आदिपुराण, संपादक– पन्नालाल जैन साहित्याचार्य, प्रकाशक– भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, सन् १९३१।

और अन्त में नीलाञ्जना का नृत्यकाल में अचानक विलीन हो जाना ऋषभदेव की वैराग्य-साधना का आधार बन गया। तत्पश्चात् उन्होंने चार हजार राजाओं के साथ संयम ग्रहण किया, ऋषभदेव ने तो छह माह का अनशन तप स्वीकार कर लिया, परन्तु अन्य सहदीक्षित राजा लोग क्षुधा-तृषा आदि की बाधा सहन न कर सकने के कारण पथ-भ्रष्ट हो गये। छह माह की समाप्ति पर भगवान् का भिक्षा के लिये घूमना, पर आहार-विधि का ज्ञान न होने से भगवान् का छह माह तक निराहार रहना हस्तिनापुर के राजा सोमप्रभ के लघुभ्राता श्रेयांस का इक्षुरस दान तथा अन्त में एकान्त आत्म-साधना व घोर तपश्चर्या से एक हजार वर्ष पश्चात् केवलज्ञान की प्राप्ति का वर्णन जिस रीति से आचार्य ने प्रस्तुत किया है, उसे पढ़ते-पढ़ते हृदय मयूर सहसा नाच उठता है।

इसके बाद आचार्य ने भरत की दिग्विजय का मानो आखों देखा वर्णन किया है। भरतक्षेत्र को अपने अधीन कर सम्राट भरत ने राजनीति का विस्तार किया, स्वाश्रित सम्राटों की शासन पद्धति की शिक्षा दी, व्रती के रूप में ब्राह्मण-वर्ण की स्थापना की, वे षट्खण्ड के अधिपति होते हुए भी उसमें आसक्त नहीं थे। भगवान् ऋषभदेव ने केवलज्ञान के पश्चात दिव्यध्वनि द्वारा समस्त आर्यावर्त की जनता को हितोपदेश दिया। आयु के अन्त में कैलाश पर्वत पर निर्वाण प्राप्त किया। भरत चक्रवर्ती भी गृहवास से विरक्त होकर दीक्षा ग्रहण करते हैं तथा अन्तर्मुहूर्त में हीं केवलज्ञान की ज्योति को उद्भूत करते हैं। केवलज्ञानी भरत भी आर्य देशों में विचरण कर, समस्त जीवों को हितोपदेश देकर निर्वाण को प्राप्त होते हैं।

प्रस्तुत महापुराण दिगम्बर परम्परा का महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। दिगम्बर परम्परा के जितने भी अन्य ग्रन्थ हैं उन सभी के कथा का मूलस्त्रोत यही ग्रन्थ है। श्वेताम्बर और दिगम्बर परम्परा में जो कथानक में अन्तर है वह इनमें सहज रूप से देखा जा सकता है।

आचार्य जिनसेन ने आदिपुराण मे ओज, माधुर्य प्रसाद, रस, अलंकार आदि काव्य गुणों से युक्त भगवान् ऋषभदेव का सम्पूर्ण जीवन काव्यमयी शैली से चित्रित किया है, जो यथार्थता की परिधि को न लांघता हुआ भी हृदयग्राही है।

**२. हरिवंशपुराण**[५१]

हरिवंश पुराण के रचयिता आचार्य जिनसेन पुन्नाट संघ के थे, ये महापुराण के कर्त्ता जिनसेन से भिन्न हैं। यह पुराण भी दिगम्बर-सम्प्रदाय के कथा-साहित्य में अपना प्रमुख स्थान रखता है। प्रस्तुत पुराण में मुख्यतः त्रेसठ शलाका महापुरूष चरित्र में से दो शलाकापुरुषों का चरित्र वर्णित हुआ है। एक बाईसवें तीर्थंकर नेमिनाथ जिनके कारण इसका दूसरा नाम 'अरिष्टनेमिपुराण संग्रह' भी है और दूसरा नवें वासुदेव श्रीकृष्ण। प्रसंगोपात्त सप्तम सर्ग से त्रयोदश सर्ग पर्यन्त प्रथम तीर्थङ्कर भगवान् ऋषभदेव और प्रथम चक्रवर्ती सम्राट भरत का चरित्र-चित्रण भी इसमें विस्तृत रूप से प्रतिपादित किया गया है।

कालद्रव्य का निरूपण करते हुए उन्होने काल को उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी काल के रूप में दो भागों में विभक्त किया है। वर्तमान अवसर्पिणी काल के भोगभूमि आरों का वर्णन, कुलकरों की उत्पत्ति, उनके कार्य, दण्ड-व्यवस्था आदि का वर्णन किया गया है।

नाभि कुलकर के यहां ऋषभ का जन्म, कर्मभूमि की रचना, कलाओं शिक्षा, नीलाञ्जना नर्तकी को देख भगवान् का वैराग्य, संयम-साधना, नमि-विनमि को धरणेन्द्र द्वारा राज्य प्राप्ति, श्रेयांस द्वारा इक्षुरस का दान, शकटास्य वन में केवलज्ञानोपत्ति, भगवान् का सदुपदेश आदि का वर्णन विस्तृत व सुन्दर शैली में प्रस्तुत किया है।

---

५१ पुन्नाट संघीय आचार्य जिनसेन विरचित, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, सन् १९६२।

सम्राट भरत के वर्णन में उन्होंने भरत की दिग्विजय का साङ्गोपाङ्ग चित्र उपस्थित किया है। बाहुबली के साथ हुए अहिंसक युद्ध में दृष्टियुद्ध, जलयुद्ध और मल्लयुद्ध का वर्णन किया गया है। द्वादशवें सर्ग में जयकुमार व सुलोचना का वर्णन है। जयकुमार का एकसौ आठ राजाओं के साथ दीक्षा ग्रहण करने आदि का वर्णन है। यह वर्णन श्वेताम्बर-परम्परा में नहीं मिलता। इसी सर्ग के अन्त में ८४ गणधरों के नाम, शिष्य परम्परा व भगवान् के संघ का वर्णन तथा भगवान् ऋषभदेव के मोक्ष पधारने का उल्लेख किया गया है।

त्रयोदश सर्ग के प्रारम्भ में चक्रवर्ती भरत का पुत्र अर्ककीर्ति को राज्य देकर दीक्षा लेना तथा अन्त में वृषभसेन आदि गणधरों के साथ कैलास पर्वत पर मोक्ष प्राप्त करने का वर्णन है। तत्पश्चात् सूर्यवंशी और चन्द्रवंशी राजाओं का विस्तृत समुल्लेख करते हुए ऋषभदेव चरित्र की परिसमाप्ति की गई है।

### ३. त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित महाकाव्य[५२]

यह ग्रन्थ महाकाव्य की कोटि में आता है। काव्य के जो भी लक्षण हैं, वे इसमें पूर्वतया विद्यमान हैं। इसकी रचना कलिकालसर्वज्ञ श्रीमद हेमचन्द्राचार्य ने की है। इसकी भाषा संस्कृत है। अलंकारों, उपमाओं और सुभाषितों का यह आकर है। इसमें त्रेसठ उत्तम पुरुषों के जीवन-चरित्र पर पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। शलाका पुरुषों के अतिरिक्त इसमें सैकड़ों अवान्तर कथाओं का भी वर्णन है। उक्त ग्रन्थ दस पर्वों में विभक्त है। प्रथम पर्व में विस्तृत रूप से भगवान् ऋषभदेव और भरत चक्रवर्ती का वर्णन किया गया है। संक्षेप में ऋषभदेव भगवान् की निम्न घटनाओं का इस ग्रन्थ में चित्रण हुआ है–

(१) भगवान् ऋषभदेव के बारह पूर्व भवों का वर्णन।
(२) प्रथम कुलकर विमलवाहन का पूर्व भव।
(३) भगवान् ऋषभदेव की माता के स्वप्न एवं उनका फल।
(४) भगवान् ऋषभदेव का जन्म व जन्मोत्सव।
(५) नामकरण, वंशस्थापन एवं रूप वर्णन।
(६) सुनन्दा के भ्राता की अकाल मृत्यु।
(७) भगवान् का विवाह, सन्तानोत्पत्ति।
(८) राज्याभिषेक, कलाओं की शिक्षा।
(९) वसन्तवर्णन, वैराग्य का कारण।
(१०) महाभिनिष्क्रमण।
(११) साधनावस्था।
(१२) श्रेयांसकुमार से इक्षुरस का पारणा।
(१३) केवलज्ञान, समवसरण।
(१४) माता मरुदेवी को केवलज्ञान और मोक्ष।
(१५) चतुर्विध संघ-संस्थापना।
(१६) भरत की दिग्विजय का वृत्तान्त।
(१७) भरत-बाहुबली युद्ध।
(१८) बाहुबली की दीक्षा, केवलज्ञान।
(१९) परिव्राजकों की उत्पत्ति।

---

५२ कलिकाल सर्वज्ञ श्रीमद् हेमचन्द्राचार्य विरचित, संपादक-मुनि चरणविजयजी, आत्मानन्द सभा, भावनगर (सौराष्ट्र) सन् १९३६

(२०) ब्राह्मणो एवं यज्ञोपवीत की उत्पत्ति।

(२१) भगवान् ऋषभदेव का धर्म-परिवार, निर्वाणोत्सव।

(२२) भरत का वैराग्य, केवलज्ञान एवं निर्वाण।

भाव, भाषा और शैली की दृष्टि से यह उत्कृष्ट महाकाव्य है।

### ४. त्रिषष्टिस्मृति शास्त्र[५३]

प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता प्रसिद्ध पंडित आशाधर हैं। इन्होंने लगभग १९ ग्रन्थों की रचना की है जिनमें कई अनुपलब्ध हैं। प्रस्तुत 'त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्र' कृति इनकी महत्त्वपूर्ण काव्य-कृति है। इसमें त्रेसठ शलाका महापुरुषों के जीवन-चरित अति संक्षिप्त रूप में वर्णित हैं। यह श्रीमद् जिनसेनाचार्य एवं गुणभद्र के महापुराण का सार रूप ग्रन्थरत्न है। इसको पढ़ने से महापुराण का सारा कथा-भाग स्मृति-गोचर हो जाता है। ग्रन्थकार ने इस पर स्वोपज्ञ 'पंजिका' टीका लिखी है। सम्पूर्ण ग्रन्थ की रचना चौबीस अध्यायों में विभक्त है। समस्त ग्रन्थ की रचना सुन्दर अनुष्टुप् छन्द में की गई है। इस ग्रन्थ का प्रमाण ४८० श्लोक है। जो नित्य स्वाध्याय के लिये रचा गया था। इसका रचनाकाल सं० १२९२ है।

### ५. आदिपुराण-उत्तरपुराण

इस ग्रन्थ का अपरनाम 'ऋषभदेवचरित' तथा 'ऋषभनाथचरित' भी है। इसमें बीस सर्ग हैं। इन दोनों कृतियों के रचयिता भट्टारक सकलकीर्ति हैं।

### ६. रायमल्लाभ्युदय

इसके रचयिता उपाध्याय पद्मसुन्दर हैं जो नागोर तपागच्छ के बहुत बड़े विद्वान् थे। ये अपने युग के एक प्रभावक आचार्य थे। उन्होंने दिगम्बर सम्प्रदाय के रायमल्ला (अकबर के दरबारी सेठ) की अभ्यर्थना एवं प्रेरणा से उक्त काव्य ग्रन्थ की संरचना की थी, अतः इसका नाम 'रायमल्लाभ्युदय' रखा गया।

इस ग्रन्थ-रत्न में चौबीस तीर्थङ्करों का जीवन चरित्र महापुराण के अनुसार दिया गया है। इसकी हस्तलिखित प्रति उपलब्ध होती है जो खम्भात के 'कल्याणचन्द्र जैन पुस्तक भण्डार' में सुरक्षित है।

### ७. लघुत्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित

प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता मेघविजय उपाध्याय हैं। इन्होंने यद्यपि इस ग्रन्थ की निर्मिति आचार्य हेमचन्द्र के बृहत्काय ग्रन्थ 'त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित्र' के आधार पर की है, तथापि अनेक प्रसंग एकदम नवीन ग्रहण किये हैं जो हेमचन्द्राचार्य की कृति में नहीं पाये जाते। इस कृति के नाम के पीछे दो बातों का अनुमान किया जा सकता है। एक तो यह कि प्रस्तुत कृति आचार्य हेमचन्द्र की त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित को सामने रखकर रची गई है अथवा आचार्य हेमचन्द्र ने जिन प्रसंगों को छोड़ दिया है, उन प्रसंगों को शामिल कर लेने पर भी कलेवर की दृष्टि से लघुकाय इस कृति का नाम 'लघुत्रिषष्टिशलाका' रखने में आया हो। यह कृति संक्षेप रुचिवालों के लिये अति उपकारक है। इसका ग्रन्थमान ५००० श्लोक प्रमाण है।

ये तीनों ही ग्रन्थ त्रिषष्टिशलाका पुरुष चरित से प्रभावित रचनाएँ हैं।

इनके अतिरिक्त कुछ अन्य भी रचनाएँ हैं जो त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरित एवं महापुराण पर आधारित हैं-

(१) लघु महापुराण या लघु त्रिषष्टि लक्षण महापुराण-चन्द्रमुनि विरचित।

---

५३ माणिक्यचन्द्र दिगम्बर, जैन ग्रन्थमाला, बम्बई, १९३७, जिनरत्नकोश, पृ० १६५।

(२) त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित-विमलसूरि विरचित।

(३) त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित-वज्रसेनविरचित।

(४) त्रिषष्टिशलाकापंचाशिका-कल्याणविजयजी के शिष्य द्वारा विरचित। ५० पद्यों में ग्रथित ग्रन्थ-रत्न।

(५) त्रिषष्टिशलाकापुरुष विचार-अज्ञात।६३ गाथाओं में ग्रथित।

(६) तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारु (त्रिषष्टिमहापुरुषगुणालंकार) या महापुराण— इसमें त्रेसठ शलाका पुरुषों के चरित्र हैं। इसके दो खण्ड हैं— आदिपुराण और उत्तरपुराण। आदिपुराण में प्रथम तीर्थङ्कर ऋषभदेव का संक्षिप्त वर्णन है। इसके कर्त्ता महाकवि पुष्पदन्त हैं। यह ग्रन्थ आधुनिक पद्धति से सुसम्पादित एवं प्रकाशित है।

### ८. महापुराण

प्रस्तुत पुराण ग्रन्थ के रचयिता मुनि मल्लिषेण हैं। इस ग्रन्थ का रचनाकाल शक सं० ९६९ (वि० ११०४) ज्येष्ठ सुदी ५ दिया गया है। अतः ग्रन्थकार का समय विक्रम की ग्यारहवीं के अन्त में और १२वीं सदी के प्रारम्भ में माना गया है। ये एक महान् मठपति थे तथा कवि होने के साथ-साथ बड़े मंत्रवादी थे। इन्होंने उक्त ग्रन्थ की रचना धारवाड़ जिले के अन्तर्गत मुलगुन्द में की थी। इसमें त्रेसठ शलाका पुरुषों की संक्षिप्त कथा हैं अतः उक्त ग्रन्थ का अपर नाम त्रिषष्टिमहापुराण' या 'त्रिषष्टि-शलाकापुराण' भी प्रचलित है। इस ग्रन्थ का परिमाण दो हजार श्लोकों का है। रचना अति सुन्दर एवं प्रासाद गुण से अलंकृत है।

### ९. पुराणसार

इसमें चौबीस तीर्थङ्करों का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। यह संक्षिप्त रचनाओं में प्राचीन रचना है।

इसके रचयिता लाट बागड़संघ और बलाकागण के आचार्यश्री नन्दी के शिष्य मुनि श्रीचन्द्र हैं। इन्होंने इस ग्रन्थ की रचना वि. सं. १०८० में समाप्त की थी। इनकी अन्य कृतियों में महाकवि पुष्पदन्त के महापुराण पर टिप्पण तथा शिवकोटि की मूलाराधना पर टिप्पण हैं। इन ग्रन्थों के पीछे प्रशस्ति दी गई है जिससे ज्ञात होता है, कि ये सब ग्रन्थ प्रसिद्ध परमार नरेश भोजदेव के समय में धारा नगरी में लिखे गये हैं।

### १०. पुराणसार संग्रह

प्रस्तुत ग्रन्थ में आदिनाथ, चन्द्रप्रभ, शांतिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर इन छह चरित्रों का संकलन किया गया है। इसके २७ सर्गों में से पाँच सर्गों में आदिनाथ के चरित्र का वर्णन किया गया है।

इसके रचयिता दामनन्दी आचार्य हैं ऐसा अनेक सर्गों के अन्त में दिये गये पुष्पिका वाक्यों से ज्ञात होता है। इनका समय ग्यारहवीं शताब्दी के मध्य के लगभग माना जाता है।

### ११. चतुर्विंशतिजिनेन्द्र संक्षिप्तचरितानि

प्रस्तुत ग्रन्थ आचार्य अमरचन्द्रसूरि विरचित है। ये अपने समय के बहुत बड़े कवि थे। उक्त ग्रन्थ के अतिरिक्त इनके पद्मानन्द, बालभारत आदि तेरह ग्रन्थ और भी हैं।

जैसा ग्रन्थ के नाम से ही ज्ञात होता है, इसमें २४ तीर्थङ्करों का संक्षिप्त जीवन-चरित्र है, जो २४ अध्यायों एवं १८०२ पद्यों में विभक्त है। प्रत्येक अध्याय में तीर्थङ्करों का पूर्वभव, वंश परिचय, नामकरण की सार्थकता, च्यवन, गर्भ, जन्म, दीक्षा, मोक्ष का दिवस, चैत्यवृक्ष की ऊँचाई, गणधर, साधु साध्वी, चौदहपूर्वधारी,

अवधिज्ञानी, मनःपर्यवज्ञानी. केवली, विक्रिया ऋद्धिधारी, वादी, श्रावक, श्राविका-परिवार, आयु, बाल्यावस्था, राज्य काल, छद्मस्थ अवस्था, केवली अवस्था आदि का सारगर्भित विवरण इसमें प्राप्त होता है।

**१२. महापुरुषचरित**

इस ग्रन्थ के रचयिता मेरुतुंग हैं। ग्रन्थ पाँच सर्गों में विभक्त है। जिनमें क्रमशः ऋषभदेव, शांतिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर प्रभु के जीवन-चरित्र का उल्लेख है। प्रस्तुत ग्रन्थ पर एक टीका भी है, जो संभवतः स्वोपज्ञ है। उसमें उक्त ग्रन्थ को 'काव्योपदेशशतक' या 'धर्मोपदेशशतक' भी कहा गया है।

**१३. अन्य चरित्र**

वडगच्छीय हरिभद्रसूरि ने 'चौबीस तीर्थङ्कर चरित्र' की रचना की, जो वर्तमान में अनुपलब्ध है। नवांगी टीकाकार अभयदेव के शिष्य वर्धमान सूरि ने संवत् ११६० में 'आदिनाथ चरित्र' का निर्माण किया। बृहद्गच्छीय हेमचन्द्रसूरि ने 'नाभिनेमि द्विसंधानकाव्य' की रचना की। हेमविजयजी का 'ऋषभशतक' भी उपलब्ध होता है। आचार्य हेमचन्द्र के सुशिष्य रामचन्द्रसूरि ने 'युगादिदेव द्वात्रिंशिका' ग्रन्थ का निर्माण किया।

इसी प्रकार अज्ञात लेखक के 'आदिदेवस्तव', 'नाभिस्तव' आदि ऋषभदेव की संस्तुति के रूप में साहित्य प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता है। कितने ही ग्रन्थ अप्रकाशित हैं जो केवल भण्डारों में हस्तलिखित प्रतियों के रूप में उपलब्ध होते हैं और कितने ही प्रकाशित हो चुके हैं।

**१४. भरत बाहुबलिमहाकाव्यम्**[५४]

प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता श्री पूज्यकुशलगणी हैं। ये तपागच्छ के विजयसेनसूरि के प्रशिष्य और पण्डित सोमकुशलगणी के शिष्य थे। प्रस्तुत काव्य का रचना समय सत्रहवीं शताब्दी के मध्य में है।

पञ्जिकाकार ने इसे महाकाव्य कहा है किन्तु इसमें जीवन का सर्वांगीण चित्रण नहीं हुआ है। केवल भरत बाहुबली के युद्ध का ही प्रसंग है। अतः यह एकार्थ-काव्य या काव्य है। चक्रवर्ती भरत छह खण्ड विजय के पश्चात् राजधानी अयोध्या में प्रवेश करते हैं किन्तु उनका चक्र आयुधशाला में प्रवेश नहीं करता। उसका रहस्य ज्ञात होने पर भरत बाहुबली के पास दूत प्रेषित करते हैं और दोनों भाई युद्धक्षेत्र में मिलते हैं। बारह वर्ष तक युद्ध होता है अन्त में बाहुबली भगवान् ऋषभदेव का पथ अपनाते हैं और सम्राट भरत ते भी अनासक्तिमय जीवन जीते हैं और केवलज्ञान प्राप्त करते हैं। कवि ने कमनीय कल्पना से प्रस्तुत प्रसंग को खूब ही सजाया है, संवारा है। वर्णन शैली अत्यधिक रोचक है जिससे पाठक कहीं पर भी ऊबता नहीं है। इसमें अठारह सर्ग हैं। अन्तिम श्लोक का छन्द मुख्य छन्द से पृथक् है। शान्त रस के साथ ही शृंगार रस और वीर रस की प्रधानता है।

भाषा शुद्ध संस्कृत है जो सरस, सरल और लालित्यपूर्ण है। भाषा में जटिलता नहीं, सहजता है। मुख्य रूप से इसमें प्रसाद और लालित्य गुण आया है पर कहीं-कहीं ओज गुण भी आया है।

**१५. पद्मानन्द महाकाव्य**[५५]

श्री अमरचन्द्रसूरि विरचित 'पद्मानन्द महाकाव्य' उन्नीस सर्गों में विभक्त है। इसका दूसरा नाम 'जिनेन्द्र चरित्र' भी है। इस सम्पूर्ण काव्य में आदि तीर्थङ्कर भगवान् ऋषभदेव के जीवन चरित्र का वर्णन किया गया है। इसकी रचना कवि ने कलिकालसर्वज्ञ हेमचन्द्रसूरि कृत 'त्रिषष्टिशलाका पुरुष चरित्र' के आधार पर की है। यह काव्य संस्कृत-वाङ्मय की अमूल्य निधि है।

५४ अनुवादक-मुनि दुलहराज, प्रकाशक-जैन-विश्व भारती लाडनुं (राजस्थान), सन् १९७४

५५ श्री अमरचन्द सूरि विरचित, तेरहवीं-चौदहवीं शताब्दी के जैन संस्कृत महाकाव्य में उद्धत परिचय, पृ० ३०१-३२२, लेखक-डॉ. श्यामशंकर दीक्षित, प्रकाशक-मलिक एण्ड कम्पनी, चौड़ा रास्ता, जयपुर ३ सन् १९६९।

इसके प्रथम सर्ग में जिनेश्वर स्तुति के पश्चात् काव्य-निर्माण का कारण बताया गया है। द्वितीय सर्ग से लेकर षष्ठम सर्ग तक ऋषभदेव के द्वादश पूर्व-भवों का उल्लेख है। सप्तम सर्ग में कुलकरोत्पत्ति और प्रभु के जन्मोत्सव का वर्णन है। अष्टम सर्ग में ऋषभदेव की बाल-लीलाओं तथा सुमङ्गला एवं सुनन्दा से पाणिग्रहण का वर्णन है। नवम सर्ग में भरत, ब्राह्मी, बाहुबली एवं सुन्दरी के जन्म का वर्णन किया गया है। दशम सर्ग में ऋषभदेव के राज्याभिषेक, विनीता नगरी की स्थापना और राज्यव्यवस्था का वर्णन है। एकादश सर्ग में भगवान् के षड्ऋतु विलास का विस्तृत वर्णन किया गया है। द्वादश सर्ग में ऋषभदेव की वसन्तोत्सव क्रीडा का वर्णन है तथा लोकान्तिक देवों की प्रार्थना पर उनके विरक्त होने का उल्लेख किया गया है। सम्राट ऋषभ के द्वारा भरत का राज्याभिषेक किया गया और स्वयं ऋषभदेव का सांवत्सरिक दान देकर दीक्षा ग्रहण करने का, एवं दीक्षित होते ही मनःपर्यवज्ञान उत्पन्न होने का वर्णन है।

इसके पश्चात् त्रयोदश सर्ग में नमि-विनमि की ऋषभदेव में अटूट श्रद्धा-भक्ति देखकर इन्द्र का उन्हें विद्याधरैश्वर्य पद प्रदान करना, श्रेयांस का इक्षुरस द्वारा पारणा कराना तथा ऋषभदेव को केवलज्ञान होना आदि घटनाओं का वर्णन है। चतुर्दश सर्ग में प्रभु का समवसरण, मरुदेवी का आगमन और उसकी निर्वाणोपलब्धि, समवसरण में ऋषभदेव की देशना तथा संघ-स्थापना का विवरण दिया गया है। पञ्चदश सर्ग में भरत की दिग्विजय का वर्णन है। षोडश सर्ग में भरत का चक्रित्वाभिषेक, सुन्दरी का अष्टापद पर ऋषभदेव से दीक्षा ग्रहण करना और भरत एवं बाहुबली के अतिरिक्त भाइयों के दीक्षा ग्रहण का वर्णन किया गया है। सप्तदश सर्ग में भरत-बाहुबली के युद्ध का वर्णन है। भरत का पराजय, बाहुबली की दीक्षा एवं केवलज्ञान का निरूपण किया गया है। अष्टादश सर्ग में मरीचि के अन्तिम तीर्थङ्कर बनने की भविष्यवाणी, ऋषभदेव का अष्टापद पर निर्वाण, भरत के केवलज्ञानोपलब्धि तथा निर्वाण का वर्णन है। एकोनविंश सर्ग में आचार्य ने अपनी गुरु-परम्परा तथा प्रस्तुत काव्य की रचना के प्रेरक पद्ममन्त्री की वंशावली का विवरण दिया है। कथानक की परिसमाप्ति तो अष्टादश सर्ग के साथ हो जाती है।

### १६. भक्तामर स्तोत्र

प्रस्तुत स्तोत्र के रचयिता आचार्य मानतुङ्ग हैं। ये वाराणसी के तेजस्वी शासक हर्षदेव के समकालीन थे। इनके पिता का नाम धनदेव और माता का नाम धनश्री था। मानतुङ्ग बाल्यकाल से ही महान् प्रतिभा के धनी थे। अतः दीक्षा लेने पर आचार्य ने इन्हें योग्य समझकर अनेक चमत्कारिक विद्याएँ सिखलायीं।

एक दिन राजा हर्षदेव ने बाण और मयूर ब्राह्मणों की विद्याओं का चमत्कार देखा। बाण के कटे हुए हाथ-पैर जुड़ गये और मयूर का कुष्ठरोग नष्ट हो गया। हर्षदेव अत्याधिक प्रभावित हुए और उन्होंने सभा में उद्घोषण की कि 'आज विश्व में चमत्कारिक विद्याओं का एकमात्र धनी ब्राह्मण समुदाय ही है।'

राजा का मंत्री जैन धर्मानुयायी था। उसने निवेदन किया कि इस वसुन्धरा पर अनेक नररत्न हैं। जैनियों के पास भी चमत्कारिक विद्याओं की कमी नहीं है। यहां पर सम्प्रति आचार्य मानतुङ्ग हैं जो बड़े ही चमत्कारिक हैं। राजा ने शीघ्र ही अपने अनुचरों को भेजकर मानतुंग को बुलवाया। आते ही राजा ने उनको चवालीस लोहे की जंजीरों से बांधकर एक भवन में बन्द कर दिया।

आचार्य मानतुङ्ग चमत्कार प्रदर्शन करना नहीं चाहते थे। जैनधर्म की दृष्टि से चमत्कारिक प्रयोग करना मुनि के लिए निषिद्ध है। वे भगवान् ऋषभदेव की स्तुति में लीन हो गये। भक्तिरस से छलछलाते हुए चवालीस श्लोक बनाये और प्रति श्लोक के साथ ही जंजीरें एक-एक कर टूट पड़ीं। स्तोत्र भक्तामर के नाम से प्रसिद्ध है। बाद में चार श्लोक और बना दिये गये। जिससे वर्तमान में इस स्तोत्र में अड़तालीस श्लोक हैं। स्तोत्र का छन्द वसन्ततिलका है जो संस्कृत साहित्य में बहुत ही मधुर और श्रेष्ठ छन्द माना जाता है। आचार्य मानतुङ्ग के प्रस्तुत प्रयोग से राजा हर्षदेव अत्यधिक प्रभावित और प्रसन्न हुआ और

उनके पावन उपदेश को श्रवण कर वह जैन धर्मावलंबी बन गया।

सम्पूर्ण जैन समाज में इस स्तोत्र का सर्वाधिक प्रचलन है। स्तोत्र की प्रारम्भिक शब्दावली के कारण प्रस्तुत स्तोत्र भक्तामर के नाम से विश्रुत हैं। इस स्तोत्र का अपरनाम 'ऋषभदेव स्तोत्र' और 'आदिनाथ स्तोत्र' भी है। भक्ति की भागीरथी इस स्तोत्र के प्रत्येक पद्य में प्रवाहित है। सहस्रों व्यक्तियों को यह स्तोत्र कण्ठस्थ है और प्रतिदिन श्रद्धा से विभोर होकर पाठ भी करते हैं।

भक्तामर स्तोत्र की अत्याधिक लोकप्रियता होने से अनेक भक्त कवियों ने इस पर समस्या पूर्ति भी की है, और वृत्तियाँ भी लिखी हैं।

भावप्रभसूरि, जिनका समय संवत् १७११ हैं, उन्होंने 'भक्तामर समस्यापूर्ति' स्तोत्र की रचना की। मेघविजय उपाध्याय ने 'भक्तामर टीका' का निर्माण किया। श्री गुणाकर जिनका समय संवत् १४२६ है, उन्होंने 'भक्तामरस्तोत्रवृत्ति' लिखी। स्थानकवासी आचार्य मुनि श्री घासीलालजी महाराज ने 'भक्तामर स्तोत्र' के आदि शब्द के अनुसार ही 'वर्धमान भक्तामर स्तोत्र' की रचना की।

इनके अतिरिक्त भी अन्य अनेक ग्रन्थ भक्तामर एवं उसकी समस्या पूर्ति के नाम पर प्राप्त होते हैं।

भक्तामर स्तोत्र के अतिरिक्त ऋषभदेव भगवान् की स्तुति के और भी स्तोत्र उपलब्ध होते हैं, जिनमें निम्न स्तोत्र विशेषतया ज्ञातव्य हैं-

(१) ऋषभजिन स्तुति-रचयिता श्री जिनवल्लभसूरि, १२वीं शती।

(२) ऋषभजिन स्तवन-श्री जिनप्रभसूरि यह पद्यमय १९ छन्दों का स्तवन है।

(३) भरतेश्वर अभ्युदय-पं. आशाधरजी।

(४) आदिदेवस्तव।

(५) नाभिस्तव।

(६) युगादिदेव द्वात्रिंशिका।

इन तीनों के कर्ता आचार्य हेमचन्द के शिष्य रामचन्द्र सूरि हैं।[५६]

सत्रहवीं शताब्दी के प्रतिभासम्पन्न कवि उपाध्याय यशोविजयजी ने भी 'श्री आदिजिनस्तोत्रम्' की रचना की है। यह स्तोत्र केवल छह श्लोकों में निबद्ध है।[५७]

## * आधुनिक साहित्य में ऋषभदेव :

आधुनिक चिन्तकों ने भी भगवान् ऋषभदेव पर शोधप्रधान तुलनात्मक दृष्टि से लिखा है। कितने ही ग्रन्थ अति महत्त्वपूर्ण हैं। संक्षेप में आधुनिक साहित्य का परिचय इस प्रकार है—

**(१) चार तीर्थङ्कर**[५८]

इसके लेखक प्रज्ञामूर्ति पं. सुखालालजी हैं। उन्होंने संक्षेप में सारपूर्ण भगवान् ऋषभदेव के तेजस्वी व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला है।

**(२) भरत-मुक्ति**[५९]

इसके लेखक आचार्य तुलसी हैं। ग्रन्थ की सविस्तृत प्रस्तावना में मुनि महेन्द्रकुमार जी 'प्रथम'

---

५६ जैनस्तोत्र समुच्चय, मुखि चतुरविजय द्वारा सम्पादित, निर्णय सागर प्रेस बम्बई वि. स. १९८४ में मुद्रित पृ. २६।

५७ स्तोत्रावली, सम्पादक-यशोविजयजी, प्रकाशक-यशोभारती जैन प्रकाशन समिति, बम्बई, सन् १९७५।

५८ पं. श्री सुखलालजी संधवी, श्री जैन संस्कृति संशोधन मंडल, बनारस-५, सन् १९५३।

५९ आचार्य तुलसी, चक्रवर्ती भरत के जीवन पर आधारित प्रबन्ध काव्य, रामलाल पुरी, संचालक-आत्माराम एण्ड सन्स, काश्मीरी गेट, दिल्ली ६, सन् १९६४।

ने विस्तार से ऋषभदेव के जीवन से सम्बन्धित विविध पहलुओं को प्रमाण पुरस्सर निखारने का प्रयास किया है। यह प्रस्तावना अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। यही प्रस्ताना 'तीर्थङ्कर ऋषभ और चक्रवर्ती भरत' के नाम से पृथक पुस्तक के रूप में भी प्रकाशित हुई है।

**(३) जैनधर्म का मौलिक इतिहास**[६०]

इसके लेखक आचार्य हस्तिमलजी महाराज हैं। ग्रन्थ में ऋषभदेव के जीवन पर प्राक्-ऐतिहासिक दृष्टि से प्रकाश डाला गया है।

**(४) जैन साहित्य का इतिहास**[६१]

इसके लेखक पण्डित कैलाशचन्द्र शास्त्री हैं। उन्होंने संक्षेप में ऋषभदेव की प्रागैतिहासिकता को सिद्ध करने का प्रयास किया है।

**(५) भारत का आदि सम्राट**[६२]

इसके लेखक स्वामी कमनिन्दजी हैं, जिन्होंने अनेक प्रमाणों से भरत के साथ ऋषभदेव की प्रागैतिहासिकता को वैदिक प्रमाणों के साथ सिद्ध करने का प्रयास किया है।

**(६) प्रागैतिहासिक जैन-परम्परा**[६३]

इसके लेखक डॉ. धर्मचन्द्र जैन है, जिन्होंने विविध ग्रन्थों के प्रमाण देकर जैन-परम्परा को उजागर किया है। साथ ही ऋषभदेव का प्रागैतिहासिक मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।

**(७) भरत और भारत**[६४]

इसके लेखक डॉ. प्रेमसागर जैन हैं। इन्होंने बहुत ही संक्षेप में प्रमाण पुरस्सर यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि सम्राट भरत से ही भारत का नामकरण हुआ है।

ऋषभदेव के सम्बन्ध में भावुक भक्त कवियों ने राजस्थानी, गुजराती व अन्य प्रान्तीय भाषाओं में अनेक चरित्र तथा स्तुतियाँ, भजन, पद व सज्झाय निर्माण किये हैं।

आचार्य अमोलकऋषिजी महाराज ने श्री ऋषभदेव का चरित्र लिखा है। भाषा में राजस्थानी का पुट है। इनके अतिरिक्त भी अन्य अनेक चरित्र उपलब्ध होते हैं। उपाध्याय यशोविजयजी, मोहनविजयजी, आनन्दघनजी, देवचन्द्रजी विनयचन्द्रजी प्रभृति शताधिक कवियों की रचनाएँ प्राप्त होती हैं, जिनमें ऋषभदेव के प्रति भक्ति-भावना प्रदर्शित की गई है। जैन कवियों ने ही नहीं, अपितु वैदिक परम्परा में भी सूरदास, वारह, रामानन्द, रज्जव, बैजू, लखनदास, नाभादास प्रभृति कवियों ने ऋषभदेव के ऊपर पद्यों का निर्माण किया है।

सारांश यह है कि भगवान् ऋषभदेव पर संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, गुजराती व अन्य प्रान्तीय भाषाओं में एवं जैन परम्परा के ग्रन्थों में जिस प्रचुर साहित्य का सृजन हुआ है, वह भगवान् ऋषभ के सार्वभौम व्यक्तित्व को प्रकट करता है। साधन, सामग्री के अभाव में संक्षेप में हमने उपर्युक्त पंक्तियों में जो परिचय दिया है, उससे सहज ही परिज्ञात हो सकता है कि ऋषभदेव जैन परम्परा में कितने समाहित हुए हैं।

---

६० आचार्य हस्तिमलजी महाराज, जैन इतिहास प्रकाशन समिति, लाल भवन, चौड़ा रास्ता, जयपुर (राजस्थान)।

६१ पं. कैलाशचन्द्र शास्त्री, श्री गणेशप्रसाद वर्णी ग्रन्थमाला, भदैनी, वाराणसी वी. निर्वाण संवत् २४८६।

६२ स्वामी कर्मानन्दजी, दिगम्बर जैन समया, मुलतान (वर्तमान में देहली) वी. सं. २४७९, वि. सं. २००६।

६३ डॉ. धरमचन्द जैन, रांका चेरिटेबिल ट्रस्ट, बम्बई-१, भारत जैन महामण्डल, वीर संवत् २५००।

६४ डॉ. प्रेमसागर जैन, दिगम्बर जैन कालिज प्रबन्ध समित, बड़ौत (मेरठ) वीर नि. सं. २३९६।

# ◆ वैदिक साहित्य में ऋषभदेव

* वेदों में ऋषभदेव
* भगवान् ऋषभदेव के विविध रूप
  १. ऋषभदेव और अग्नि
  २. ऋषभदेव और परमेश्वर
  ३. ऋषभदेव और उनके तीन रूप
  ४. ऋषभदेव और रुद्र
  ५. ऋषभदेव और शिव
  ६. ऋषभदेव और हिरण्यगर्भ
  ७. ऋषभदेव और ब्रह्मा
  ८. ऋषभदेव और विष्णु
  ९. ऋषभदेव और गायत्री मंत्र
  १०. ऋषभदेव और ऋषि पंचमी
  ११. वातरशना श्रमण
  १२. केशी
* भागवत में ऋषभावतार का चित्रण
  १. पुत्र याचना
  २. पुत्र के लिए यज्ञ
  ३. राज्याभिषेक
  ४. पुत्रों को उपदेश
  ५. पूर्ण त्यागी
  ६. अजगर वृत्ति
  ७. अद्‌भूत अवधूत
  ८. महाराजा भरत
  ९. भरत की साधना
  १०. भरत की आसक्ति
  ११. आसक्ति से भरत का मृग बनना
  १२. राजर्षि भरत की महत्ता
* स्मृति और पुराणों में ऋषभदेव

# ◆ वैदिक साहित्य में ऋषभदेव

ऋषभदेव का महत्त्व केवल श्रमण-परम्परा में ही नहीं, अपितु ब्राह्मण-परम्परा में भी रहा है। परन्तु अधिकांशतः जैन यही समझते हैं, कि ऋषभदेव मात्र जैनों के ही उपास्यदेव हैं, तथा अनेकों जैनेतर विद्वद्-वर्ग भी ऋषभदेव को जैन उपासना तक ही सीमित मानते हैं। जैन व जैनेतर दोनों वर्गों की यह भूल-भरी धारणा है क्योंकि अनेकों वैदिक प्रमाण भगवान् ऋषभदेव को आराध्यदेव के रूप में प्रस्तुत करने के लिये विद्यमान हैं। ऋग्वेदादि में उनको आदि आरध्य देव मानकर विस्तृत रूप से वर्णन किया है। यद्यपि कुछ साम्प्रदायिक अभिनिवेश के कारण इन मंत्रों के भाष्यकारों ने एक निराला अर्थ कर दिया, किन्तु इससे वास्तविकता को नहीं मिटाया जा सकता। यदि ऋषभ, श्रमण-परम्परा के ही आराध्यदेव होते तो वैदिक संस्कृति में उससे मिलते-जुलते स्वर उपलब्ध नहीं हो सकते थे। यही कारण है, कि डॉ. राधाकृष्णन, डॉ. जिम्मर, प्रो. विरूपाक्ष वॉडियर प्रभृति विद्वान् वेदों में जैन तीर्थङ्करों का उल्लेख होना स्वीकार करते हैं।

### * वेदों में ऋषभदेव :

### १. ऋग्वेद

ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम ग्रन्थ रत्न है। उसकी एक ऋचा में आदि तीर्थङ्कर ऋषभदेव की स्तुति की गई है।[१] वैदिक ऋषि भक्ति-भावना से विभोर होकर उस महाप्रभु की स्तुति करते हुए कहता है- हे आत्मदृष्टा प्रभो ! परमसुख प्राप्त करने के लिये मैं तेरी शरण में आना चाहता हूँ। क्योंकि तेरा उपदेश और तेरी वाणी शक्तिशाली है, उनको मैं अवधारण करता हूँ। हे प्रभो ! सभी मनुष्यों और देवों में तुम्ही पहले पूर्वयाया (पूर्वगत ज्ञान के प्रतिपादक) हो।[२]

ऋग्वेद में ऋषभ को पूर्वज्ञान का प्रतिपादक और दुःखों का नाशक कहा है। वहाँ बताया है कि जैसे जल से भरा मेघ वर्षा का मुख्य स्रोत है, वह पृथ्वी की प्यास बुझा देता है, उसी प्रकार पूर्वी अर्थात् ज्ञान के प्रतिपादक वृषभ (ऋषभ) महान हैं, उनका शासन वर दे। उनके शासन में ऋषि-परम्परा से प्राप्त पूर्व का ज्ञान आत्मिक शत्रु क्रोधादि का विध्वंसक हो। दोनों प्रकार की आत्माएँ (संसारी और सिद्ध) स्वात्मगुणों से ही चमकती हैं। अतः वे राजा हैं, वे पूर्ण ज्ञान के भण्डार हैं और आत्म-पतन नहीं होने देते।[३] वर्षा की उपमा भगवान् ऋषभदेव के देशना रूपी जल की ही सूचक है। पूर्वगत ज्ञान का उल्लेख भी जैन-परम्परा में मिलता है, अतः ऋग्वेद के पूर्वज्ञाता ऋषभ, तीर्थङ्कर ऋषभ ही माने जा सकते हैं।

'आत्मा ही परमात्मा है'[४] यह जैनदर्शन का मूलभूत सिद्धान्त है। इस सिद्धान्त को ऋग्वेद के शब्दों में श्री ऋषभदेव ने इस रूप में प्रतिपादित किया- ''जिसके चार शृंग-अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, अनन्तसुख और अनन्तवीर्य हैं। तीन पाद हैं- सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र। दो शीर्ष हैं- केवलज्ञान और मुक्ति तथा जो मन-वचन-काय, इन तीनों योगों से बद्ध अर्थात् संयत वृषभ हैं उन्होंने घोषणा की, कि महादेव (परमात्मा) मर्त्यों में निवास करता है।[५] अर्थात् प्रत्येक आत्मा में परमात्मा का निवास है। उन्होंने

---

१ ऋषभं मा समानानां सपत्नानां विषासहिम्।
हंतारं शत्रुणां कृधि विराजं गोपतिं गवाम्।। —ऋग्वेद १०।१६६।१

२ मखस्य ते तीवषस्य प्रजूतिमियभि वाचमृताय भूषन्।
इन्द्र क्षितीमामास मानुषीणां विशां देवी नामुत पूर्वयाया।। -ऋग्वेद २।३४।२

३ असूतपूर्वा वृषभो ज्यायनिमा अरय शुरुषः सन्ति पूर्वीः।
दिवो न पाता विदथस्यधीभिः क्षत्रं राजना प्रदिवोदधाथे।। -ऋग्वेद ५२।३८

४ (क) अप्पा सो परमप्पा
(ख) दामुक्तं....कारणपरमात्मानं जानाति।
-नियमसार, तात्पर्यवृत्ति, गा. ९६

५ चत्वारि श्रृङ्गार त्रयो अस्य पादा, द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीती महादेवो मर्त्यानाविवेश।।
-ऋग्वेद ४।५८।३

स्वयं कठोर तपश्चरण रूप साधना कर वह आदर्श जन-जन के समक्ष प्रस्तुत किया। एतदर्थ ही ऋग्वेद के मेधावी महर्षि ने लिखा है कि ''ऋषभ स्वयं आदिपुरुष थे, जिन्होंने सर्वप्रथम मर्त्यदशा में अमरत्व की उपलब्धि की थी।[६]

ऋषभदेव, विशुद्ध प्रेम-पुजारी के रूप में विख्यात थे। सभी प्राणियों के प्रति मैत्री-भावना का उन्होंने संदेश दिया। इसलिये मुद्गल ऋषि पर ऋषभदेव की वाणी का विलक्षण प्रभाव पड़ा- 'मुद्गल ऋषि के सारथी (विद्वान् नेता) केशी वृषभ जो अरिदमन के लिये नियुक्त थे, उनकी वाणी निकली, जिसके परिणामस्वरूप मुद्गल ऋषि की गायें जो दुर्धर रथ से योजित हुई दौड़ रही थीं, वे निश्चल होकर मौद्गलानी की ओर लौट पड़ीं।[७]

ऋग्वेद की प्रस्तुत ऋचा में 'अरिदमन' कर्म रूप शत्रुओं को सूचित करता है। गायें इन्द्रियाँ हैं, और दुर्धर रथ 'शरीर' के अलावा और कौन हो सकता है ? भगवान् ऋषभदेव की अमृतवाणी से अस्थिर इन्द्रियाँ, स्थिर होकर मुद्गल की स्वात्मवृत्ति की ओर लौट आयीं। इसीलिये उन्हें स्तुत्य बताया गया है- 'मधुरभाषी, बृहस्पति, स्तुति योग्य ऋषभ को पूजा-साधक मन्त्रों द्वारा वर्धित करो, वे अपने स्तोता को नहीं छोड़ते'[८] और भी एक जगह कहा है-तेजस्वी ऋषभ के लिये प्रेरित करो।[९] ऋग्वेद के रुद्रसूक्त में एक ऋचा है, उसमें कहा है— हे वृषभ ! ऐसी कृपा करो कि हम कभी नष्ट न हों।''[१०]

इस प्रकार ऋग्वेद में अनेक स्थलों पर उनकी स्तुति महादेव के रूप में, सर्वप्रथम अमरत्व पाने वाले रूप में, आदर्श प्रेम-पुजारी के रूप में और अहिंसक आत्म-साधकों के रूप में की गयी है।

### २. यजुर्वेद

यजुर्वेद में स्तुति करते हुए कहा गया है— मैंने उस महापुरुष को जाना है जो सूर्यवत् तेजस्वी तथा अज्ञानादि अन्धकार से बहुत दूर हैं। उसी का परिज्ञान कर मृत्यु से पार हुआ जा सकता है। मुक्ति के लिये इसके सिवाय अन्य कोई मार्ग नहीं।[११] ऐसी ही स्तुति भगवान् ऋषभदेव की मानतुङ्गाचार्य द्वारा की गई है।[१२] शब्द साम्यता की दृष्टि से भी दोनों में विशेष अन्तर दृष्टिगत नहीं होता। अतः ये दोनों स्तुतियाँ किसी एक ही व्यक्ति को लक्षित करके होनी चाहियें। और वे भगवान् ऋषभदेव ही हो सकते हैं।

### ३. अथर्ववेद

अथर्ववेद का ऋषि मानवों को ऋषभदेव का आह्वान करने के लिये यह प्रेरणा करता है, कि-'पापों से मुक्त पूजनीय देवताओं में सर्वप्रथम तथा भवसागर के पोत को मैं हृदय से आह्वान करता हूँ। हे सहचर बन्धुओ ! तुम आत्मीय श्रद्धा द्वारा उसके आत्मबल और तेज को धारण करो।[१३] क्योंकि वे प्रेम के राजा

---

६ तन्मर्त्यस्य देवत्य सजातमग्रः । - ऋग्वेद ३१।१७

७ ककर्दवे वृषभो युक्त आसीद्
अवावचीत् सारथिरस्य केशी।
दुधेर्युक्तस्या द्रवतः सहानतः
ऋच्छन्तिष्मा निष्पदो मुद्गलानीम्।। -ऋग्वेद १०।१०।२।६

८ अनर्वाणं ऋषभं मन्द्रजिह्वं, वृहस्पति वर्धया नध्यमर्के- -ऋग्वेद १।१९०।१

९ प्राग्नये वाचमीरय -वही, १०।१८७

१० एव वभ्रो वृषभ चेकितान यथा देव न हृणीषं न हंसी।
-वही, रुद्रसूक्त, २।३३।१५

११ वेदाहमेतं पुरूषं महान्तमादित्यवर्ण तमसः पुरस्तात्।
तमेव निदित्वाति मृत्युमेति, नान्य पन्था विधतेऽयनाय।।

१२ देखिये- भक्तामर स्तोत्र, श्लोक २३।

१३ अहोमुचं वृषभं यज्ञियानां,
विराजन्तं प्रथममध्वराणाम्।
अपां न पातमश्विना हुं वे धिय,
इन्द्रियेण इन्द्रियं दत्तमोजः।।—अथर्ववेद, कारिका १९।४२।४

हैं, उन्होंने उस संघ की स्थापना की है, जिसमें पशु भी मानव के समान माने जाते थे, और उनको कोई भी नहीं मार सकता था।'[१४]

इस प्रकार वेदों में भगवान् ऋषभदेव का उत्कीर्तन किया गया है। साथ ही वैदिक ऋषि विविध प्रतीकों के रूप में भी ऋषभदेव की स्तुति करते हैं।

### * भगवान् ऋषभ के विविध रूप :

### १. ऋषभदेव और अग्नि

ऋग्वेद आदि में अग्निदेव की स्तुति की गई है। इस अग्निदेव की स्तुति में प्रयुक्त विशेषणों से ऐसा प्रतिबोध होता है कि वह स्तुति अग्निदेव के रूप में भगवान् ऋषभदेव की ही की गई है जैसे-जातवेदस् शब्द जो अग्नि के लिये प्रयुक्त किया है, वह जन्म से ज्ञान सम्पन्न ज्योतिस्वरूप भगवान् ऋषभदेव के लिये ही है। 'रत्नधरक्त' अर्थात् ज्ञान, दर्शन, चारित्र रूप रत्नत्रय को धारण करने वाला, 'विश्ववेदस्' विश्व तत्त्व के ज्ञाता, मोक्ष नेता, 'ऋत्विज' धर्म के संस्थापक आदि से ज्ञात होता है, कि वह अग्नि भौतिक अग्नि न होकर आदि प्रजापति ऋषभदेव हैं। इस कथन की पुष्टि अथर्ववेद के एक सूक्त से होती है जिसमें ऋषभदेव भगवान् की स्तुति करते हुए उन्हें 'जातवेदस्' बताया है। वहाँ कहा है– 'रक्षा करने वाला, सबको अपने भीतर रखने वाला, स्थिरस्वभावी, अन्नवान् ऋषभ संसार के उदर का परिपोषण करता है। उस दाता ऋषभ को परम ऐश्वर्य के लिये विद्वानों के जाने योग्य मार्गों से बड़े ज्ञान वाला अग्नि के समान तेजस्वी पुरुष प्राप्त करे।'[१५]

अग्निदेव के रूप में ऋषभ की स्तुति का एकमात्र हेतु यही दृष्टिगत होता है कि जब भगवान् ऋषभदेव स्थूल और सूक्ष्म शरीर से परिनिवृत्त होकर सिद्ध, बुद्ध, मुक्त हुए उस समय उनके परम प्रशान्त रूप को आत्मसात् करने वाली अन्त्येष्टि अग्नि ही तत्कालीन जन-मानस के लिये संस्मृति का विषय रह गई। जनता अग्नि-दर्शन से ही अपने आराध्यदेव का स्मरण करने लगी। इसीलिये वेदों में स्थान-स्थान पर 'देवा अग्निम् धारयन् द्रविणो-दाम्' शब्द द्वारा अग्निदेव की स्तुति की गई है।[१६] इसका अर्थ है– अपने को देव संज्ञा से अभिहित करने वाले आर्यजनों ने धन-ऐश्वर्य प्रदान करनेवाले अग्नि (प्रजापति ऋषभ) को अपना आराध्यदेव धारण कर लिया।

इससे यह स्पष्ट होता है कि भगवान् ऋषभदेव के निर्वाण समय से ही अग्नि के द्वारा पूजा-विधि की परम्परा शुरू हो गई थी।

### २. ऋषभदेव और परमेश्वर

अथर्ववेद के नवम काण्ड में ऋषभदेव शब्द से परमेश्वर का ही अभिप्राय ग्रहण किया है और उनकी स्तुति परमेश्वर के रूप में अत्यन्त भक्ति के साथ की गई है- 'इस परमेश्वर का प्रकाशयुक्त सामर्थ्य सर्व उपायों को धारण करता है, वह सहस्रों पराक्रमयुक्त पोषक है, उसको ही यज्ञ कहते हैं। हे विद्वान् लोगो! ऐश्वर्य रूप का धारक, हृदय में अवस्थित मंगलकारी वह ऋषभ (सर्वदर्शक परमेश्वर) हमको अच्छी तरह से प्राप्त हो।[१७] जो ब्राह्मण, ऋषभ को अच्छी तरह प्रसन्न करता है, वह शीघ्र सैकड़ों प्रकार के तापों से मुक्त हो जाता है, उसको सब दिव्य गुण तृप्त करते हैं।[१८]

१४ 'नास्य पशुन समानान् हिनास्ति' -वही

१५ पुमानन्तर्वान्त्स्थविरः पयस्वान् वसोः कबन्धमृषभो विभर्ति।
तमिन्द्राय पथिभिर्देवयानैर्हुतमग्निर्वहतु जातवेदाः।। -अथर्ववेद ९।४।३

१६ पूर्वया निविदा काव्यतासोः यमा प्रजा अजन्यत् मनुनाम्।
विवस्वता चक्षुषा द्याम पञ्च, देवा अग्निम् धारयन् द्रविणोदाम्।।

१७ आज्यं बिभर्ति घृतमस्य रेतः साहस्रः पोषस्तमु यज्ञमाहुः।
इन्द्रस्य रूपमृषभो वसानः सो अस्मान् देवाः शिव ऐतु दत्तः।। -अथर्ववेद ९।४।७

१८ शतयाजं स यजते, नैनं न्वन्त्यग्नयः जिन्वन्ति विश्वे
त देवा यो ब्राह्मण ऋषभमाजुहोति।। -अथर्ववेद ९।४।१८

इस प्रकार सारे नवमकाण्ड के चतुर्थ सूक्त में भगवान् ऋषभ की परमेश्वर के रूप में स्तुति है।

**३. ऋषभदेव और उनके तीन रूप**

ऋग्वेद के निम्नांकित दो मंत्रों में भगवान् ऋषभदेव का जीवन-वृत्त उसी प्रकार उल्लिखित है, जैसा कि जैन-परम्परा विधान करती है। उन मंत्रों में कहा है कि-'अग्नि प्रजापति प्रथम देवलोक में प्रकट हुए, द्वितीय बार हमारे मध्य जन्म से ही ज्ञान-सम्पन्न होकर प्रकट हुए, तृतीय रूप, इनका वह स्वाधीन एवं आत्मवान् रूप है, जब इन्होंने भव-समुद्र में रहते हुए निर्मल वृत्ति से समस्त कर्मेन्धनों को जला दिया।[१९] तथा 'हे अग्रनेता ! हम तेरे इन तीन रूपों को जानते हैं, इनके अतिरिक्त तेरे पूर्व में धारण किये हुए रूपों को भी हम जानते हैं, तथा तेरा जो निगुढ परमधाम है, वह भी हमें ज्ञात है, और जिससे तू हमें प्राप्त होता है उस उच्च मार्ग से भी हम अनभिज्ञ नहीं है।'[२०]

**४. ऋषभदेव और रुद्र**

केशी को समस्त ज्ञातव्यं विषय के ज्ञाता, सबके सखा, सभी के प्रियकारी और सर्वोत्कृष्ट आनन्दकारी माना है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के सूत्र में प्रकाशमय, सूर्यमण्डल तथा ज्ञानमयी जटाधारी को केशी कहा गया है;[२१] केशी सूत्र की अन्तिम ऋचा में वर्णित केशी द्वारा रुद्र के साथ जल पीने की घटना का वर्णन है। केशी, वातरशना मुनियों के अधिनायक थे। रुद्र ने उनके साथ जलपान किया, अतः उनके रुद्र स्वभाव में शीतलता, दया व जीवरक्षण की प्रवृत्तियाँ सहज ही उद्भूत हो गईं। अतः वैवस्वत मनु ने रुद्र को तीक्ष्ण शस्त्र को धारण करने वाले उग्र स्वभावी कहा है; साथ ही पवित्र शीतल स्वभावी और व्याधियों के उपशामक भेषज भी कहा है। एक पात्र में जलपान करने से उनकी वृत्ति में शीतलता आ गई अतः उन्हें जल के रूप में शीतलता बरसाने वाला 'वृष' अथवा 'वृषभ' कहा गया। वेदों में अनेक स्थलों पर वृषभ का अर्थ 'वर्षा करने वाला' इस रूप में ग्रहण किया है। रुद्र की इस द्विरूपता का वर्णन पुराणों में मिलता है। कल्प की आदि में ब्रह्मा के पुत्र कुमार नीललोहित सात बार रोये थे, रोने के कारण उनका रुद्र नाम हुआ, साथ ही सात बार रोने से उनके सात नाम पड़े -रुद्र, शर्व, पशुपति, उग्र, अशनि, भव, महादेव और ईशानकुमार। ये नौ नाम शतपथ ब्राह्मण में अग्नि के विशेषण रूप में उल्लिखित हैं।[२२] और भगवान् वृषभदेव को ही अग्नि के रूप में पूजा जाता है, यह पहले स्पष्ट किया जा चुका है, अतः रुद्र, महादेव, पशुपति आदि नाम ऋषभदेव के ही नामान्तर हैं।

इसके अतिरिक्त ऋग्वेद में रुद्र की जो स्तुति की गई है, वहाँ रुद्र के स्थान पर 'वृषभ'[२३] का उल्लेख पाँच बार आया है, वहाँ रुद्र को 'आर्हत्' शब्द से सम्बोधित किया है। यह आर्हत् उपाधि भगवान् ऋषभदेव की ही हो सकती है, क्योंकि उनका चलाया हुआ धर्म 'आर्हत धर्म' के नाम से विश्वविश्रुत है।

'शतरुद्रिय स्तोत्र' में रुद्र की स्तुति के छियासठ मंत्र हैं जहाँ रुद्र को 'शिव, शिवतर तथा शंकर'

---

१९ दिवस्परि प्रथमं जज्ञे अग्निरूप द्वितीय परि जातवेदाः।
तृतीयमप्सु नृमणा अजस्रमिंधान एवं जाते स्वाधीः।।
-ऋग्वेद १०।४५।१

२० विद्या ते अग्ने त्रेधा त्रयाणि विद्या ते धाम विभृता पुरुत्रा।
विद्या ते नाम परम गुहा यद्विद्या तमुत्सं यत आजगंथ।। -ऋग्वेद १०।४५।२

२१ केश्याग्निं विषं केशी विभति रोदसी।
केशी विश्व स्वर्दृशे केशीदं ज्योतिरुच्यते।। -ऋग्वदे १०।१२६

२२ तान्येतानि अष्टौ रुद्रः शर्वः पशुपति उग्रः अशनिः भवः।
महान देवः ईषानः अग्निरूपाणि कुमारो नवम्।।
- शतपथ ब्राह्मण ६/२/३१८

२३ एव वभ्रो वृषभ चेकितान यथा देव न हृणीयं न हंसि। -ऋग्वेद २।३३।१५

कहा गया है।[२४] श्वेताश्वतर उपनिषद् में रुद्र को 'ईश, महेश्वर, शिव और ईशान' कहा गया है। मैत्रायणी उपनिषद् में इन्हें 'शम्भु' कहा गया है। इसके अतिरिक्त पुराणों में वर्णीत 'माहेश्वर, त्र्यंबक, हर, वृषभध्वज, भव, परमेश्वर, त्रिनेत्र, वृषांक, नटराज, जटी, कपर्दी, दिग्वस्त्र, यती, आत्मसंयमी, ब्रह्मचारी, ऊर्ध्वरिता आदि विशेषण पूर्णरूपेण ऋषभदेव तीर्थङ्कर के ऊपर भी लागू होते हैं। शिवपुराण में शिव का आदि तीर्थंकर वृषभदेव के रूप में अवतार लेने का उल्लेख है।[२५] प्रभास पुराण में भी ऐसा ही उल्लेख प्राप्त होता है।[२६]

**५. ऋषभदेव और शिव**

शिव और ऋषभ की एकता को सिद्ध करने वाले कुछ अन्य लोकमान्य साक्ष्य भी हैं—

वैदिक मान्यता में शिव की जन्म तिथि शिवरात्रि के रूप में प्रतिवर्ष माघ कृष्णा चतुर्दशी के दिन व्रत रखकर मनायी जाती है। जैन परम्परा के अनुसार भगवान् ऋषभदेव के शिवगति गमन की तिथि भी माघ कृष्णा चतुर्दशी ही है, जिस दिन ऋषभदेव को शिवत्व उत्पन्न हुआ था। उस दिन समस्त साधु-संघ ने दिन को उपवास रखा तथा रात्रि में जागरण करके शिवगति प्राप्त ऋषभदेव आराधना की, इस रूप में यह तिथि 'शिवरात्रि' के नाम से प्रसिद्ध हुई।

वैदिक परम्परा में शिव को कैलाशवासी कहा गया है। जैन परम्परा में भी भगवान् ऋषभ की शिव-साधना रूप तप और निर्वाण का क्षेत्र कैलाश पर्वत है।

शिव के जीवन का एक प्रसंग है, कि उन्होंने तप में विघ्न उपस्थित करने वाले कामदेव को नष्ट कर शिवा से विवाह किया। शिव का यह प्रसंग भगवान् ऋषभ से पूर्णतः मेल खाता है, कि उन्होंने मोह को नष्ट कर शिवा देवी के रूप में 'शिव' सुन्दरी मुक्ति से विवाह किया।

उत्तरवैदिक मान्यता के अनुसार जब गंगा आकाश से अवतीर्ण हुई, तो चिरकालपर्यन्त वह शंकर की जटा में ही भ्रमण करती रही, पश्चात् वह भूतल पर आई। यह एक काल्पनिक तथ्य है, जिसका वास्तविक अभिप्राय यही है कि शिव अर्थात् भगवान् ऋषभदेव की स्वसंवित्ति रूपी ज्ञानगंगा असर्वज्ञ दशा तक उनके मस्तिष्क में ही प्रवाहित रही, तत्पश्चात् सर्वज्ञ होने के बाद वही धारा संसार का उद्धार करने के लिए वाणी द्वारा प्रवाहित हुई।

दिगम्बर जैन पुराणों में जैसे ऋषभदेव के वैराग्य का कारण नीलांजना नाम की अप्सरा थी उसी प्रकार वैदिक परम्परा में नारद मुनि के द्वारा शंकर-पार्वती के सम्मुख 'द्युत-प्रपञ्च' का वर्णन है और उससे प्रेरित होकर शिव की संसार से विरक्ति, परिग्रह-त्याग तथा आत्म-ध्यान में तल्लीनता का सविस्तृत उल्लेख किया है।

शिव के अनुयायी गण कहलाते हैं और उनके प्रमुख नायक शिव के पुत्र गणेश थे इसी प्रकार भगवान् ऋषभदेव के तीर्थ में भी उनके अनुयायी मुनि गण कहलाते थे और जो गण के अधिनायक होते थे वे गणाधिप, गणेश या गणधर कहलाते थे। भगवान् ऋषभदेव के प्रमुख गणधर भरतपुत्र वृषभसेन थे।

शिव को जैसे डमरु और नटराज की मुद्रा से गीत, वाद्य आदि कलाओं का प्रवर्तक माना जाता

---

२४ यजुर्वेद (तैत्तिरियां संहित) १।८।६; वाजसनेयी ३।५७।६३

२५ इत्थं प्रभाव ऋषभोऽवतारः शंकरस्य मे।
सतां गतिर्दीनबन्धुर्नवमः कथितवस्तव।।
ऋषभस्य चरित्रं हि परमं पावनं महत्।
स्वर्ग्यशस्यमायुष्यं श्रोतव्यं च प्रयत्नतः।। -शिवपुराण ४।४७-४८

२६ कैलाशे विमल रम्ये वृषभोऽयं जिनेश्वरः।
चकार स्वावतारः च सर्वज्ञः सर्वगः शिवः।। -प्रभास पुराण ४९
-शतपथ ब्राह्मण ६।१ १३१८

है उसी प्रकार भगवान् ऋषभदेव ने अपने पुत्र भरत आदि को सम्पूर्ण कलाओं में पारंगत बनाया।

वैदिक परम्परा में शिव को 'माहेश्वर' कहा है। पाणिनी ने 'अ इ उ ण' आदि सूत्रों को महेश्वर से प्राप्त हुए बताया है और जैन परम्परा ऋषभदेव को महेश्वर मानती है। उन्होंने सर्वप्रथम अपनी पुत्री 'ब्राह्मी' को 'ब्राह्मीलिपि' अर्थात् अक्षर विद्या का परिज्ञान कराया।

वैदिक परम्परा में शिव का वाहन 'ऋषभ' बतलाया है और जैन मान्यता के अनुसार भगवान् ऋषभदेव का चिह्न 'वृषभ' है।

वैदिक-परम्परा में शिव को त्रिशूलधारी बतलाया है। जहाँ भी शिव की मूर्तियाँ उपलब्ध होती हैं वहाँ उनका चिह्न स्वरूप त्रिशूल अंकित किया जाता है। जैन-परम्परा के अनुसार वह त्रिशूल सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र का प्रतीक है।

इस प्रकार शिव और ऋषभदेव के सम्बन्ध में तुलनात्मक दृष्टि से विचार करने पर मात्र इन दोनो में समानता ही दृष्टिगोचर नहीं होती वरन् यह निष्कर्ष निकलता है कि यह ऐक्य, किसी एक ही व्यक्ति की ओर इंगित करता है, और वह व्यक्ति भगवान् ऋषभदेव ही हैं, अन्य कोई नहीं।

**६. ऋषभदेव और हिरण्यगर्भ**

ऋग्वेद की एक ऋचा सें भगवान् ऋषभदेव को 'हिरण्यगर्भ' बताया है। वे प्राणीमात्र के स्वामी थे, उन्होंने आकाश सहित पृथ्वी को धारण किया, हम हवि के द्वारा किस देव की आराधना करें ?[२७]

आचार्य सायण ने इस पर भाष्य करते हुए लिखा है -'हिरण्यगर्भ अर्थात् हिरण्यमय अण्डे का गर्भभूत। अथवा जिसके उदर में हिरण्यमय अण्डा गर्भ की तरह रहता है, वह हिरण्यगर्भ प्रपञ्च की उत्पत्ति से पूर्व, सृष्टि-रचना के इच्छुक परमातमा से उत्पन्न हुआ।'[२८] इस प्रकार सायण ने हिरण्यगर्भ का अर्थ प्रजापति लिया है।

महाभारत में हिरण्यगर्भ को योग का वक्ता बताया है-'हिरण्यगर्भ योगमार्ग के प्रवर्तक हैं, उनसे और कोई पुरातन नहीं।'[२९] ऋग्वेद भी 'हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे' लिखकर हिरण्यगर्भ की प्राचीनता को सूचित करता है।

जैन परम्परा के अनुसार भगवान् ऋषभदेव पूर्वभव में सर्वार्थसिद्ध विमान में सर्वोत्कृष्ट ऋद्धि-सम्पन्न देव थे। वहाँ से च्यव कर जब मरुदेवी की कुक्षि में आये, तो कुबेर ने नाभिराय का भवन हिरण्य की वृष्टि से भरपूर कर दिया, अतः जन्म के पश्चात् भगवान् 'हिरण्यगर्भ' के रूप में प्रसिद्ध हो गये।[३०]

**७. ऋषभदेव और ब्रह्मा**

लोक में ब्रह्मा नाम से प्रसिद्ध जो देव है, वह भगवान् ऋषभदेव को छोड़कर दूसरा नहीं है। ब्रह्मा के अन्य अनेक नामों में निम्नलिखित नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं-

---

२७ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।
-ऋग्वेद १०।१२१।१

२८ 'हिरण्यगर्भः हिरण्यमयस्याण्डस्य गर्भभूतः प्रज्ञापतिर्हिरण्यगर्भः। तथा च तैत्तिरीयकं -प्रजापतिर्वे हिरण्यगर्भः प्रजापतेरनुरूपाय। यद्धा हिरण्यमयोऽण्डो गर्भवद्यस्योदरे वर्तते सोऽसौ सूत्रात्मा हिरण्यगर्भ उच्यते। अग्रे प्रपञ्चोत्पत्तेः प्राक् समवर्तत् मायाध्यक्षात् सिसृक्षोः परमात्मनः साकाशात् समजायत।... सर्वस्य जगतः परीश्वर आसीत्...।' -तैत्तिरिधारण्यक भाष्य-सायणाचार्य, ५।५।१।२

२९ हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः। -महाभारत, शान्तिपर्व, ३४९

३० (क) सैषा हिरण्यमयी वृष्टिः धनेशेन निपातिता।
विभोहिरण्यगर्भत्वमिव बोधयितुं जगत्।। -महापुराण१२।९५
(ख) गब्भट्ठिअस्स जस्स उ हिरण्णवुट्ठी सकचणा पडिया।
तेणं हिरण्णगब्भो जयम्मि उवगिज्जए उसभो।। -पद्मपुराण३।६८

हिरण्यगर्भ, प्रजापति, लोकेश, नाभिज, चतुरानन, स्रष्टा, स्वयंभू। इन सबकी यथार्थ संगति भगवान् ऋषभदेव के साथ ही बैठती है, जैसे-

**हिरण्यगर्भ** - जब भगवान् ऋषभदेव माता मरुदेवी के गर्भ में आये थे उसके छह माह पूर्व ही अयोध्या नगरी में हिरण्य-सुवर्ण तथा रत्नों की वृष्टि होने लगी थी, अतः आपका हिरण्यगर्भ नाम सार्थक है।

**प्रजापति** - कल्पवृक्षों के नष्ट हो जाने के बाद भगवान् ने असि, मषि, कृषि आदि का उपदेश देकर प्रजा की रक्षा की, अतः भगवान् 'प्रजापति' कहलाते थे।

**लोकेश** - अखिल विश्व के स्वामी होने से भगवान् 'लोकेश' कहलाते थे।

**नाभिज** - नाभिराय के पुत्र होने से भगवान् 'नाभिज' कहलाए।

**चतुरानन** - समवसरण में चारों दिशाओं में भगवान् का दर्शन होता था, अतः भगवान् 'चतुरानन' कहलाए।

**स्रष्टा** - भोगभूमि के नष्ट होने के बाद देश, नगर आदि का विभाग, राजा, प्रजा, गुरु, शिष्य आदि का व्यवहार, विवाह-प्रथा आदि के भगवान् ऋषभदेव आद्य प्रवर्तक थे, अतः 'स्रष्टा' कहे जाते थे।

**स्वयम्भू** - दर्शन-विशुद्धि आदि भावनाओं से अपने आत्म-गुणों का विकास कर स्वयं ही आद्य तीर्थङ्कर हुए थे, अतः 'स्वयम्भू' कहलाते थे।

### ८. ऋषभदेव और विष्णु

वैदिक साहित्य में विष्णु देव का मुख्य स्थान है। भागवतपुराण में विष्णु का ही आठवाँ अवतार ऋषभ को माना है, अतः विष्णु और ऋषभ एक ही व्यक्ति सिद्ध होते हैं।

जैन अनुश्रुतियों में विष्णु के इसी लोकोत्तर परमोपकारी व्यक्तित्व की स्तुति की गई है, जहाँ विष्णु के सत्ताईस नामों का उल्लेख किया गया है[३१] जिनकी व्याख्या इस प्रकार की गई है—

१. **विष्णु-** केवलज्ञान से व्यापक।
२. **त्रिविक्रम-** सम्यग्दर्शन, और सम्यग्चारित्र रत्नत्रय रूप तीन शक्तियों से सम्पन्न अथवा तीन लोक में विशिष्ट क्रम सर्वोच्च स्थान को प्राप्त।
३. **शौरि-** शूरवीर।
४. **श्रीपति-** अभ्युदय-निश्रेयस्रूप श्री के अधिपति।
५. **पुरुषोत्तम-** त्रेसठ शालाका पुरुषों में उत्तम।
६. **वैकुण्ठ-** गूढ़ज्ञानशालिनी माँ के पुत्र।
७. **पुण्डरीकाक्ष-** आपकी अक्ष-आत्मा पुण्डरीकवत् श्रेष्ठ है।

---

३१ विष्णुस्त्रिविक्रमः शौरिः श्रीपतिः पुरुषोत्तमः।
वैकुण्ठः पुण्डरीकाक्षो हृषीकेशो हरिः स्वभूः।।
विश्वंभरोऽसूरध्वंशी माधवो बलिबन्धनः।
अधोक्षजो मधुद्वेषी केशवो विष्टरश्रवाः।।
श्रीवत्सलाञ्छनः श्रीमानच्युतो नरकान्तकः।
विष्वक्सेनश्चक्रपाणिः पद्मनाभो जनार्दनः।।
श्रीकण्ठ...
-पं. आशाधर विरचित सहस्रनाम ब्रह्मशातकम् श्लोक-१००-१०२

८. **हृषीकेश-** हृषीक-इन्द्रियों को वश में करने वाले।

९. **हरि-** पापों का हरण करने वाले।

१०. **स्वभू-** ज्ञातव्य वस्तु के स्वयं ज्ञाता हैं।

११. **विश्वम्भर-** विश्व का भरण-पोषण, चतुर्गति के दुःखों से बचाने वाले हैं।

१२. **असुरध्वंसी-** मोहकर्म रूप असुर का नाश करने वाले।

१३. **माधव-** मा-बाह्य और आन्तरिक लक्ष्मी के धव-स्वामी हैं।

१४. **बलिबन्धन-** बलि-कर्म बन्धन को नष्ट करने वाले हैं।

१५. **अधोक्षज-** अक्ष-इन्द्रियों को, अधः जीतने वाले साधुओं को ध्यान से प्राप्त होते हैं।

१६. **मधुद्वेषी–** मधु-मोहरूप परिणाम में दुःखदायी शहद का सेवन नहीं करने वाले हैं।

१७. **केशव–** क-आत्म-स्वरूप की प्राप्ति में ईश-समर्थ मुनियों के, वं-आश्रयभूत हैं।

१८. **विष्टरश्रवा–** विस्तृत श्रुतज्ञानसम्पन्न हैं।

१९. **श्रीवत्सलांछन–** श्रीवत्स के चिन्ह से युक्त हैं। अथवा श्रीवत्स-कामदेव को अपने सौन्दर्य से लांछित-तिरस्कृत करने वाले हैं।

२०. **श्रीमान्–** अन्तरङ्ग तथा बहिरङ्ग लक्ष्मी के स्वामी।

२१. **नरकान्तक–** नरक के विनाशाक हैं।

२२. **विष्वक्सेन–** सम्यक् रूप से उनकी शरण में सभी प्रकार के जीव वैर-विरोध रहित होकर रहते हैं।

२३. **अच्युत–** स्व-स्वरूप से च्युत नहीं होने वाले।

२४. **चक्रपाणि–** हाथ में चक्र का चिन्ह है, अथवा धर्मचक्र के प्रवर्तक होने से सर्वशिरोमणि हैं।

२५. **पद्मनाभ–** पद्मवत् नाभि युक्त हैं।

२६. **जनार्दन–** भव्य जीवों को उपदेश देने वाले।

२७. **श्रीकण्ठ–** मुक्तिरूपी लक्ष्मी के धारक।

आचार्य जिनसेन ने भी ऐसे ही साभिप्राय सार्थक शब्दों द्वारा विष्णु के रूप में भगवान् ऋषभदेव की स्तुति की है।

### ९. ऋषभदेव और गायत्री मंत्र

वैदिक दर्शन में गायत्री-मंत्र को सर्वाधिक प्रधानता प्राप्त है।[३२] छान्दोग्योपनिषद् में गायत्री की उपासना को सर्वश्रेष्ठ बतलाया गया है। उपासना की विभिन्न मुद्राओं तथा जप की प्रणालियों का भी वहाँ विस्तृत वर्णन मिलता है।[३३] ऋक तथा सामदेव के भाष्यानुसार उक्त मंत्र का अर्थ निम्न प्रकार से किया है-'जो सवितृ-देव (सूर्यदेव) हमारी धी शक्ति को प्रेरणा करते हैं, हमें उन्हीं सवितृ-देव के प्रसाद से प्रशंसनीय अन्नादि रूप फल मिलता है।'

प्रस्तुत गायत्री-मंत्र की व्याख्या को ध्यानपूर्वक देखा जाय तो प्रतीत होता है, कि उसमें सूर्य की

---

३२ ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो यो नः प्रचोदयात् आपो ज्योतिरसोमृतं ब्रह्माः।।
-गायत्री मंत्र, ऋग्वेद ३।६२।१०

३३ छान्दोग्योपनिषद् ३।१२।१

पूजा के रूप में भगवान् ऋषभदेव की ही पूजा सिद्ध होती है। यथा-'ॐ-पञ्च परमेष्ठी; भूः-सर्वश्रेष्ठ; भुवः-जन्म-जरा-मरण आदि दुःखों के मुक्त होने के लिए रत्नत्रय मार्ग के उपदेष्टा; स्वः-शुद्धोपयोग में स्थित; तत्-उस ॐ वाचक परमेष्ठी को; जो सवितुः —हिताहित का मार्ग बतलाने के कारण त्रिलोक के लिये सुखदायक है; वह वरेण्यम् -उपासना के योग्य है। भर्गोः —रागादि दोष से दूषित हम लोगों के लिए प्रतिपादित कल्याण-मार्ग को; देवस्य —तीर्थङ्कर देव को, धीमहि —धारण करते हैं; उन तीर्थङ्कर ऋषभदेव के उपदेश से; नः -हमारी, धियः-बुद्धि प्रचोदयात् —सत्कार्यों में प्रवृत्त हो। अर्थात् पञ्चपरमेष्ठी स्वरूप आदि ब्रह्म श्री ऋषभदेव के प्रसाद से हमारी बुद्धि राग-द्वेष से रहित होकर शुद्धोपयोग में लगे।

इस प्रकार सूर्यदेव के रूप में भगवान् ऋषभदेव की ही स्तुति की गई है। अग्नि (ब्रह्मा) के पर्यायवाची नामों में सूर्य को भी अग्नि कहा है, जो स्पष्टतया ऋषभदेव की ओर संकेतित किया गया है। इस प्रकार अग्निदेव, विष्णुदेव, सूर्यदेव और ऋषभदेव सभी एकार्थक हैं।

### १०. ऋषभदेव और ऋषि पंचमी

भाद्रपद शुक्ला पंचमी जैनेतर वर्ग में 'ऋषि पञ्चमी' के नाम से सर्वत्र मनाई जाती है। यही पञ्चमी जैन परम्परा में 'संवत्सरी' के नाम से विश्रुत है। जैन परम्परा में इस पर्व को सब पर्वों का राजा कहा गया है। जैनों का आध्यात्मिक पर्व होने से यह 'पर्वाधिराज' है। इस दिन सर्वोतम आध्यात्मिक जीवन बिताने के लिए प्रत्येक जैन यत्नशील रहता है, त्याग-तपस्या, क्षमा, निष्परिग्रहता आदि आत्मिक गुणों को विकसाने वाला, स्नेह और प्रेम की गंगा बहानेवाला यह सर्वोत्कृष्ट पर्व है। वैदिक और ब्राह्मण परम्परा ने भी इस दिवस को सर्वोच्च प्रधानता दी है। एक ही दिन भिन्न-भिन्न नामों से प्रसिद्ध ये दोनों पर्व किसी समान तत्त्व को लेकर हैं, और वह तत्त्व ऋषभदेव का स्मरण ही हो सकता है। आर्यजाति आरम्भ से ही ऋषभदेव की भक्ति में ओत-प्रोत होकर उनका स्मरण करती थी, और इस निमित्त से भाद्रपद शुक्ला पञ्चमी पर्व के रूप में मनाई जाती थी। आगे चलकर जैन परम्परा निवृत्ति मार्ग की ओर मुड़ी, तब उसने इस पञ्चमी को आत्मिक शुद्धि का रूप देने के लिए 'संवत्सरी' पर्व के रूप में मनाना शुरू कर दिया; जबकि वैदिक परम्परा के अनुयायियों ने अपनी पूर्व परम्परा को ही चालू रखा। वस्ततुः 'ऋषि पञ्चमी' और 'ऋषभ' इस नाम में एक ही ध्वनि समाई हुई है। ऋषि पञ्चमी के स्थान पर 'ऋषभ पञ्चमी' शुद्ध नाम होना चाहिये और उसी का अपभ्रंश होकर कालान्तर में यह पर्व 'ऋषभ पञ्चमी' के स्थान पर 'ऋषि पञ्चमी' के रूप में बोला जाने लगा होगा। यदि यह कल्पना ठीक है, तो जैन और जैनेतर दोनों परम्पराओं में ऋषभदेव की समान मान्यता की पुष्टि होती है।[३४]

### ११. वातरशना श्रमण

जैनधर्म भारत का बहुत ही प्राचीन धर्म है। यह धर्म श्रमण परम्परा का प्राचीनतम रूप है। हजारों वर्षों के अतीत में वह विभिन्न नामों द्वारा अभिहित होता रहा है। वैदिककाल में वह 'वातरशना मुनि' के नाम से विश्रुत रहा है।

'ऋग्वेद' में न केवल इन मुनियों का नाम आया है, अपितु उनको या उनकी एक विशेष शाखा को 'वातरशना मुनि' कहा गया है।

'अतीन्द्रियार्थदर्शी वातरशन मुनि मल धारण करते हैं, जिससे पिंगलवर्ण वाले दिखायी देते हैं। जब वे वायु की गति को प्राणोपासना द्वारा धारण कर लेते हैं, अर्थात् रोक देते हैं तब वे अपनी तप की महिमा से दीप्तिमान होकर देवता स्वरूप को प्राप्त हो जाते हैं। सर्व लौकिक व्यवहार छोड़कर वे मौनेय की अनुभूति में कहते हैं ''मुनिभाव से प्रमुदित होकर हम वायु में स्थित हो गये है। मर्त्यो ! तुम हमारा शरीर मात्र

३४ चार तीर्थङ्कर-पं. सुखलालजी संघवी, पृ.५।

देखते हो।''[३५] वे ध्यान में तल्लीन रहने के कारण उन्मतवत् प्रतीत होते थे। वातरशना से अभिप्राय है- वात-वायु, रशना-मेखला। अर्थात् जिनका वस्त्र वायु हो यानि अचेलक मुनि। रामायण की टीका में जिन वातरशन मुनियों का उल्लेख किया गया है, वे ऋग्वेद में वर्णित वातरशन मुनि ही ज्ञात होते हैं। उनका वर्णन उक्त वर्णन से मेल भी खाता है।

तैत्तिरियाण्यक में भगवान् ऋषभदेव के शिष्यों को वातरशन ऋषि और ऊर्ध्वमंथी कहा है।[३६]

वातरशन मुनि वैदिक परम्परा के नहीं थे। क्योंकि वैदिक परम्परा में सन्यास और मुनि-पद को पहले स्थान ही नहीं था।

श्रमण शब्द का उल्लेख तैत्तिरियारण्यक और श्रीमद्भागवत के साथ ही बृहदारण्यक उपनिषद्[३७] और रामायण[३८] में भी मिलता है। इण्डो-ग्रीक और इण्डो-सीथियन के समय भी जैनधर्म श्रमणधर्म के नाम से प्रचलित था। मैगस्थनीज ने अपनी भारत-यात्रा के समय दो प्रकार के मुख्य दार्शनिकों का उल्लेख किया है। श्रमण और ब्राह्मण उस युग के मुख्य दार्शनिक थे।[३९] उस समय उन श्रमणों का बहुत आदर होता था। कॉलब्रुक ने जैन सम्प्रदाय पर विचार करते हुए मैगस्थनीज द्वारा उल्लिखित श्रमण-सम्बन्धी अनुच्छेद को उद्धृत करते हुए लिखा है, कि श्रमण वन में रहते थे सभी प्रकार के व्यसनों से अलग थे, राजा लोग उनको बहुत मानते थे और देवता की भाँति उनकी पूजा-स्तुति करते थे।[४०]

वातरशना जैन परम्परा के श्रमणों से मिलता-जुलता है। जिनसहस्रनाम में उल्लेख आता है, कि वातरशना, निर्ग्रन्थ और निरम्बर ये पर्यायवाची शब्द हैं,[४१] इससे यह तो स्पष्ट होता है कि ऋग्वेद की रचना के समय जैन श्रमण विद्यमान थे, और ऐसे श्रमणों की ऋषि-सम्प्रदाय में इन्द्रादिवत् स्तुति की जाती थी।

सायण ने वातरशना श्रमण का उल्लेख किया है।[४२]

आचार्य सायण के अनुसार वातरशना मुनियों को श्रमण व ऋषि भी कहा जाता था। उनके मतानुसार केतु, अरुण और वातरशन ये तीनों ऋषि-संघ थे, जो चित्त को एकाग्र कर अप्रमत्त दशा को प्राप्त होते थे। इनकी उत्पत्ति प्रजापति से हुई थी। जब प्रजापति ब्रह्मा को सृष्टि रचने की इच्छा उत्पन्न हुई, तो उन्होंने तपस्या की, और शरीर को प्रकम्पित किया, उस प्रकम्पित तनु के मांस से तीन ऋषि उत्पन्न हुए- अरुण, केतु और वातरशना नखों से वैखानस और बालों से बालखिल्य मुनि उत्पन्न हुए।[४३]

उक्त सृष्टि-क्रम में सर्वप्रथम ऋषियों की उत्पत्ति बताई है, इससे प्रतीत होता है, कि यह धार्मिक

---

३५ मुनयो वातऽरशनाः पिशंगा वसते मला।
वातस्यानु घ्राजिम् यन्ति यद्देवासो अविक्षत्।
उन्मदिता मौनेयन वातां आ तस्थिमा वयम्।
शरीरेदस्माकं यूयं मर्तासो अभिपश्यथ।। -ऋग्वेद १०।१३६।२

३६ वातरशना हवा ऋषयः श्रमण ऊर्ध्वमन्थिनो बभूवुः।
-तैत्तिरियारण्यक २।७।१,पृ. १३७

३७ बृहदारण्यकोपनिषद् ४।३।२२

३८ तपसा भुञ्जते चापि, श्रमण मुञ्चते तथा- रामायण, बालकाण्ड १४।२२

३९ एन्शियेन्ट इण्डिया एज डिस्काइब्ड बाय मैगस्थनीज एण्ड एरियन, कलकत्ता, १९१६, पृ. ९७-६८

४० ट्रान्सलेशन आफ द फ्रेग्मेन्टस आफ द इण्डिया आफ मेगस्थनीज, बान १८४६, पृ. १७५

४१ दिग्वासा वातरशनो निर्ग्रन्थेज्ञोनिरम्बरः। -महापुराण, जिम. २५।२०४

४२ वातरशना वातरशनस्य पुत्रा मुनयोऽतीन्द्रियार्थदर्शिनो जूतिवातजूति प्रभृतयः पिशंगाः, पिशंगानिः कपिलवर्णानि मला मलिनानि वल्कलरूपाणि वासांसि वसते आच्छादयन्ति। -आचार्य सायण

४३ स तपो तप्यत। स तपस्तप्त्वा शरीरमधुनुत। तस्य यन्मांसमासीत। ततोऽरुणाः केतवो वातरशना। ऋषय उद्तिष्ठन् ये नखाः, ते वैखानसा ये बालाः ते बाल-खिल्या। -तैत्तिरियारण्यक भाष्य, सायण १।२३।२-३

सृष्टि का उत्पत्ति-क्रम है। भगवान् ऋषभदेव ने धर्म की संस्थापना की थी; तभी अनेकों मतों की उत्पत्ति हो चुकी थी। यद्यपि उस समय वे सब मत भिन्न होते हुए भी भगवान् ऋषभदेव को सर्वश्रेष्ठ समझते थे और स्वयं को कायर तथापि बाह्य वेष-भूषा और साध्वाचार में अन्तर आ जाने से उनका भगवान् से सीधा सम्बन्ध नहीं रहा। उनकी परम्परा वातरशना ऋषियों से सम्बन्धित रही होगी। श्रीमद्भागवतपुराण से भी इसी तथ्य की पुष्टि होती है, कि वातरशना श्रमण ऋषियों के धर्मों को प्रकट करने की इच्छा से ही भगवान् विष्णु नाभिराज की पत्नी मरुदेवी के गर्भ में अवतरित हुए।

श्रीमद्भागवत के उक्त कथन में दो बातें विशेष महत्त्वपूर्ण हैं— प्रथम यह कि ऋषभदेव की मान्यता के सम्बन्ध में पुराण, वेद या जैन दर्शन के बीच कोई मतभेद नहीं है। जैनदर्शन यदि भगवान् ऋषभदेव को आदि तीर्थंकर के रूप में स्वीकार करता है तो वैदिक दर्शन भगवान् विष्णु के अवतार रूप में साक्षात् ईश्वर मानता है। द्वितीय बात जो अत्याधिक महत्त्वपूर्ण है, वह यह है कि पुराणकार ने इस अवतार को राम और कृष्ण के अवतारों से भी प्राचीन स्वीकार किया है। जैनदर्शन भी राम और कृष्ण से असंख्य वर्षों पूर्व भगवान् के जन्म को मान्यता देता है।

भागवतकार ने भगवान् ऋषभ के नौ पुत्रों को भी वातरशना बताया है।[४४] केशी मुनि भी वातरशना की श्रेणी के ही थे।[४५]

उक्त वातरशना मुनियों की जो मान्यताएँ एवं साधनाएँ वैदिक ऋचाओं में उपलब्ध होती हैं, उनसे श्रमण-निर्ग्रन्थों के साथ एकदम साम्यता प्रतीत होती है। वैदिक ऋषि वैसे त्यागी और तपस्वी नहीं होते जितने वातरशना मुनियों के त्याग का उल्लेख किया गया है। वैदिक ऋषि लौकिक कामनाओं की सम्पूर्ति-हेतु यज्ञ-यागादि कर्म करके इन्द्रादि देवी-देवताओं को बुलाते हैं, पर वातरशना मुनि उक्त क्रियाओं से विरत होते थे, वे समस्त गृह, परिवार, पत्नी, धन-धान्यादि का परित्याग कर भिक्षावृत्ति से रहते थे, स्नानादि नहीं करते थे, मौनवृत्ति धारण कर केवल आत्म-ध्यान में तल्लीन रहते थे। वस्तुतः वातरशना मुनियों की यह शाखा श्रमण-परम्परा का ही प्राचीन रूप है।

## १२. केशी

जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति के अनुसार भगवान् ऋषभदेव जब श्रमण बने तो उन्होंने चार मुष्टि केशों का लोंच किया था। सामान्य रूप से पाँच मुष्टि केशलोंच की परम्परा है। भगवान् केशों का लोंच कर रहे थे; दोनों भागों के केशों का लोच करना अवशेष था। उस समय प्रथम देवलोक के इन्द्र शक्र ने भगवान् से निवेदन किया, कि इस सुन्दर केश-राशि को इतनी रहने दें। भगवान् ने इन्द्र की प्रार्थना से उन केशों को उसी प्रकार रहने दिया।[४६] यही कारण है, कि केश रखने से उनका एक नाम केशी या केशरियाजी हुआ। केशर, केश और जटा एक ही अर्थ के द्योतक हैं। 'सटा जटा केसरयोः' जैसे सिंह अपने केशों के कारण केशरी कहलाता है, वैसे ही भगवान् ऋषभ केशी, केशरी और केशरियानाथ के नाम से विश्रुत

४४ नवाभवन् महाभागा, मुनयो ह्यर्थशंसिनः।
श्रमण वातरशना, आत्माविद्या विशारदाः।।

४५ सायण भाष्य १०।१३५।७

४६ चउहिं मुट्ठाहिं लोअं करेइ-मूल सूत्र ''तीर्थकृतां पंचमुष्टिलोच सम्भवेऽवि अस्य भगवतश्चतुर्मुष्टिक लोच गोचरः श्री हेमाचार्यकृत ऋषभचरित्राद्यभिप्रायोऽयं प्रथममेकयामुष्टया श्मश्रुकूर्च्चयोलोंचे तिसृभिश्व शिरालोचे कृते एकां मुष्टिमवशिष्यमाणां पवनान्दोलितां कनकावदातयोः प्रभुस्कन्धयोरूपरि लुठन्तीं मरकतोप-मानभमाविभुतीं परमरमणीयां वीक्ष्य प्रमोदमानेन शक्रेण भगवन् ! मय्यनुग्रहं विधाय घ्रियतामियमित्थमेवेति विज्ञप्ते मगवतापि सा तथैव रक्षितेति। न ह्ये कान्तमक्तानां याञ्चामनुग्रहीतारः खण्डयन्तीति।''
-जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति वक्षस्कार २।३०

हैं। केशरियानाथ[४७] पर जो केशर चढ़ाने की मान्यता लोक में विशेष रूप से प्रचलित है, वह नामसाम्य के कारण ही उत्पन्न हुई प्रतीत होती है। जैन पुराणों में भी ऋषभदेव की जटाओं का उल्लेख किया है।[४८]

ऋग्वेद में भगवान् ऋषभ की स्तुति केशी के रूप में की है। वहाँ कहा गया है- 'केशी, अग्नि, जल, स्वर्ग तथा पृथ्वी को धारण करता है। केशी विश्व के समस्त तत्त्वों का दर्शन कराता है, और केशी ही प्रकाशमान 'ज्ञान' ज्योति कहलाता है।[४९]

ऋग्वेद में उल्लिखित केशी व वातरशना मुनियों की तुलना भागवत पुराण में कथित वातरशना श्रमण ऋषि, उनके अधिनायक ऋषभ व उनकी साधनाओं के साथ करने योग्य है। ऋग्वेद के 'वातरशना मुनि' और भागवत पुराण में उल्लिखित 'वातरशना श्रमण ऋषि' तो एक ही परम्परा के वाचक हैं। इस कथन में तो तनिक भी संदेह को अवकाश नहीं रहता। परन्तु केशी का अर्थ केशधारी होता है, जिसका अर्थ तैत्तिरिय आरण्यक भाष्यकार आचार्य सायण ने 'केश स्थानीय किरणों का धारक' कहकर 'सूर्य' अर्थ निकाला है। प्रस्तुत सूक्त में जिन वातरशना साधुओं की साधना का उल्लेख है, उनसे इस अर्थ की कोई संगति नहीं बैठती। केशी, वस्तुतः वातरशना मुनियों के प्रधान नेता ही हो सकते हैं, जो मलधारी, मौनवृत्ति और उन्मत्तावस्था के रूप में उल्लिखित है, जिन्हें आगे के सूक्त में देवों के ऋषि व उपकारी, हितचिन्तक सखा कहा है।[५०]

भागवतपुराण में वर्णित ऋषभदेव का जीवन चरित्र और उक्त केशी सम्बन्धी सूक्त का तुलनात्मक अध्ययन किसी एक व्यक्ति में पाये जाने वाले गुणों को प्रकट करता है।

अन्यत्र केशी और ऋषभ के एक ही साथ का उल्लेख ऋग्वेद की एक ऋचा में भी प्राप्त होता है, जिसमें कहा है—

'मुद्गल ऋषि की गायें (इन्द्रियों) जो जुते हुए दर्धर रथ (शरीर) के साथ दौड़ रही थीं वे मुद्गल ऋषि के सारथी ऋषभ जो शत्रु-विनाश (कर्म रूपी शत्रु) के लिये नियुक्त, थे, उनके वचन से अपने स्थान पर लौट आयीं।'

इस प्रकार ऋग्वेद से ही केशी और ऋषभ के एकत्व का पूर्णतया समर्थन प्राप्त हो जाता है। वातरशना मुनि, निर्ग्रन्थ साधुओं के साथ और केशी, भगवान् ऋषभदेव के साथ एकीकरण को प्राप्त होते हैं।[५१]

### * भागवत में ऋषभावतार का चित्रण :

श्रीमद्भागवत में भक्ति की भागीरथी का अमर स्रोत प्रवाहित है। श्री वल्लभाचार्य भागवत को महर्षि व्यासदेव की समाधि भाषा कहते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि व्यासजी ने भागवत् के तत्त्वों का वर्णन समाधि दशा में अनुभूत करके किया था। रामानुजाचार्य, वल्लभाचार्य, मध्वाचार्य, निम्बार्काचार्य, चैतन्य महाप्रभु प्रभृति विज्ञों की भक्ति साधनाओं का मूल आधार भागवत ही था।

वैष्णव परम्परा का बहुमान्य और सर्वत्र अतिप्रसिद्ध ग्रन्थ भागवत है, जिसे भागवत-पुराण भी कहते

---

४७ राजस्थान के उदयपुर जिले का एक प्रसिद्ध तीर्थ जो 'केसरिया तीर्थ' के रूप में प्रसिद्ध है। वह दिगम्बर, श्वेताम्बर एवं वैष्णव आदि सभी सम्प्रदाय वालों को समान रूप से मान्य है।

४८ (क) वातोद्धता जटास्तस्य रेजुराकुलमूर्तयः -पद्मपुराण ३।२८८

(ख) स प्रलम्बजटाभ्रारभ्राजिष्णुः -हरिवंशपुराण ६।२०४

४९ केश्यग्नि विषं केशी विभति रोदसी।

केशी विश्व स्वर्दुशे केशीदं ज्योतिरूच्यते। ऋग्वेद १०।१३६।१

५० मुनिर्देवस्य देवस्य सोकृत्याय सखा हितः। -ऋग्वेद १०।१३६।४

५१ साहित्य और संस्कृति-लेखक देवेन्द्र मुनि, प्रकाशक-भारतीय प्रकाशन, वाराणसी।

हैं। उसमें ऋषभदेव का बहुत सुन्दर और सुविस्तृत वर्णन प्राप्त होता है, जो कि जैन परम्परा से बहुत कुछ मिलता जुलता है। जैन परम्परा की तरह ही वहाँ पर ऋषभदेव और भरत का जीवनदर्शन, माता-पिता के नाम, उनके सौ पुत्रों का उल्लेख, उनकी ज्ञान-साधना, उपदेश तथा धार्मिक, सामाजिक नीतियों का प्रवर्तन और भरत के अनासक्ति-योग का विस्तृत वर्णन किया गया है।

श्रीमद्भागवत-पुराण में तीन स्थलों पर अवतारों का निर्देश किया है— प्रथम स्कन्ध के तृतीय अध्याय में उनकी संख्या बाईस है। द्वितीय स्कन्ध के सप्तम अध्याय में तेईस संख्या गिनाई है, और ग्यारहवें स्कन्ध के चतुर्थ अध्याय में सोलह अवतारों का निर्देश किया है।

बाईस अवतारों में ऋषभदेव की परिगणनाक आठवें अवतार के रूप में करते हुए बताया है, कि- ''आठवीं बार नाभि राजा की मरूदेवी नामक पत्नी के गर्भ से ऋषभ ने अवतार ग्रहण किया और सभी आश्रम जिसे नमस्कार करते हैं, ऐसे परमहंसधर्म का उन्होंने अपदेश दिया।''[५२]

द्वितीय स्कन्ध के सप्तम अध्याय में जहाँ तेईस अवतार गिनाये हैं; लीलावतारों का वर्णन करते हुए लिखा हैः ''राजा नाभि की पत्नी सुदेवी के गर्भ से विष्णु भगवान् ने ऋषभ के रूप में जन्म लिया, और इस अवतार में वे अनासक्त रहकर, इन्द्रिय तथा मन की शांति हेतु स्व-स्वरूप में अवस्थित रहकर समदर्शी के रूप में योग-साधना में संलग्न रहे। इस स्थिति को महर्षियों ने 'परमहंसपद' अवस्था या 'अवधूत-चर्या' कहा है।[५३]

भागवत के पञ्चम स्कन्ध में द्वितीय अध्याय से चतुर्दश अध्याय पर्यन्त ऋषभदेव तथा भरत का सविस्तार वर्णन किया है और ऋषभावतार के प्रति विशेष आदर-भाव द्योतित किया गया है। ऋषभावतार का वर्णन करते हुए वहाँ पर लिखा है—

ब्रह्मा ने देखा, कि अभी तक मानवों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई, तो उन्होंने मानवों की संख्या बढ़ाने के लिये सर्वप्रथम स्वयम्भू, मनु और सतरूपा को उत्पन्न किया। उनके प्रियव्रत नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। प्रियव्रत के आग्नींध्र आदि नौ पुत्र हुए। प्रियव्रत ने आग्नींध्र को राज्य देकर तापस-वृत्ति अंगीकार कर ली। पिता के तपस्या में संलग्न हो जाने पर आग्नींध्र ने प्रजा का पुत्रवत् पालन किया। एक बार आग्नींध्र पुत्र-प्राप्ति की अभिलाषा से पूजा की सामग्री एकत्र कर मन्दराचल की एक गुफा में चला गया, और वहाँ तपस्या में लीन होकर ब्रह्मा की आराधना करने लगा। आदिपुरूष ब्रह्मा ने उसके मनोगत भावों को जानकर पूर्वचित्ति नामक अप्सरा को भेजा। अप्सरा आग्नींध्र के समीपवर्ती रमणीय उद्यान में विचरण करने लगी।

## १. पुत्र-याचना

आग्नींध्र बड़ा तेजस्वी और प्रतिभासम्पन्न था, उसने पूर्वचित्ति अप्सरा को अपनी ओर आकृष्ट कर लिया। अप्सरा उसके साथ हजारों वर्ष तक रही। तत्पश्चात् उसके नाभि, किंपुरुष, हरिवर्ष, इलावृत्त, रम्यक्, हिरण्यमय, कुरू, भद्राश्व और केतुमाल ये नौ पुत्र क्रमशः हुए। पूर्वचित्ति अप्सरा इसके बाद आश्रम से ब्रह्मा के पास चली गई। आग्नींध्र ने जम्बूद्वीप को नौ भागों में विभाजित कर एक-एक खण्ड सभी को समान रूप से बांट दिया और स्वयं परलोकवसी हो गया। पिता के परलोकगमन के पश्चात् नाभि ने मरुदेवी से, किंपुरुष ने प्रतिरूपा से, हरिवर्ष ने उग्रदंष्ट्री से, इलावृत्त ने लता से, रम्यक् ने रम्या से, हिरण्यमय ने श्यामा से, कुरू ने नारी से, भद्राश्व ने भद्रा से और केतुमाल ने देवतीति के साथ पाणिग्रहण किया।

---

५२ अष्टमे मरूदेव्यां तु नाभेजति ऊरुक्रमः।
दर्शयन् वर्त्म धीराणां, सर्वाश्रम नमस्कृतम्।। -श्रीमद्भागवत १।३।१३

५३ नामेरसावृषभ आस सुदेविसूनु,
र्यो वैनचार समदृक् जडयोगचयाम्।
यत् पारमहंस्यमृषयः पदमामनन्ति,
स्वस्थः प्रशान्तकरणः परिमुक्तसङ्गः।। -श्रीमद्भागवत २।७।१०

## २. पुत्र के लिए यज्ञ

नाभि को भी अपने पिता आग्नींध्र की तरह कई वर्षों तक सन्तान नहीं हुई, तो उसने पुत्र-कामना से अपनी पत्नी के साथ एकाग्रचित्त् होकर भगवान् यज्ञ-पुरुष का पूजन किया। यद्यपि भगवान् विष्णु की प्राप्ति होना कोई सरल बात नहीं थी तथापि भगवान् भक्त-वत्सल होते हैं। अतएव जब नाभि के यज्ञ में 'प्रवर्ग्य' कर्मों का अनुष्ठान होने लगा, तब नाभि की श्रद्धा-भक्ति और विशुद्ध भावना का अवलोकन कर स्वयं भगवान् विष्णु भक्ति के परवश हुए भक्त का अभीष्ट सिद्ध करने के लिये प्रकट हुए। साक्षात् भगवान् को अपने समक्ष निहारकर ऋत्विज, सदस्य और यजमान अत्यन्त आल्हादित हुए और स्तुति करते हुए कहने लगे-भगवन् ! यह राजर्षि पुत्र प्राप्ति हेतु यज्ञ कर रहा है, और आप सदृश पुत्र-प्राप्ति की इच्छा से आपकी निर्मल भाव से आराधना कर रहा है।

विष्णुजी ने कहा— 'ऋषियो ! आपने मुझे असमंजस में डालने वाला वर मांगा है। मेरे समान तो में ही हूँ, अखिल-सृष्टि में मैं अद्वितीय हूँ, मैं ही मेरे सदृश हूँ तो फिर मेरे जैसा पुत्र मैं कैसे भेज सकता हूँ। तथापि ब्राह्मणों के वचन मिथ्या नही होते, क्योकि द्विजों में देवतुल्य पूजनीय विद्वान ब्राह्मण मेरा ही मुख हैं, अतः मैं स्वयं अपनी अंशकला से आग्नींध्रनन्दन नाभि के यहाँ अवतार लूँगा।'

महारानी मरुदेवी के समक्ष नाभि-राजा से कृतप्रतिज्ञा होकर भगवान् अन्तर्ध्यान हो गये।

महर्षियों द्वारा पूर्णतः प्रसन्न किये जाने पर स्वयं भगवान् नाभिराज को सन्तुष्ट करने के लिये, तथा संन्यासी और ऊर्ध्वरिता वातरशना मुनियों के धर्म को प्रकट करने के लिए महारानी मरुदेवी के गर्भ में शुद्ध सत्त्वमय शरीर से प्रकट हुए।[५४]

नाभिनन्दन के अंग जन्मना वज्र, अंकुश आदि श्रेष्ठ चिह्नों से युक्त थे। समता, शान्ति, वैराग्य और ऐश्वर्य आदि महाविभूतियों के कारण उनका प्रभाव अनुदिन वृद्धिगत होने लगा। उनके सुन्दर, सुडोल शरीर, विपुल कीर्ति, तेज, यश व पराक्रम आदि अनुपम गुणों को देखकर नाभिराज ने उनका नाम 'ऋषभ' श्रेष्ठ रखा।[५५]

एक बार ईर्ष्यावश इन्द्र ने उनके राज्य में वर्षा नहीं की, तब योगेश्वर भगवान् ऋषभ ने उनकी मूर्खता पर हँसते हुए अपनी योगमाया के प्रभाव से अपने 'अजनाभखण्ड' में खूब जल बरसाया।[५६] इससे इन्द्र अपने कृत्य पर अत्यन्त लज्जित हुआ।

## ३. राज्याभिषेक

महाराजा नाभि मनोनुकूल पुत्र को प्राप्त कर अत्यन्त प्रसन्न हुए। जब उन्होंने देखा कि मंत्रिमंडल, नागरिक व राष्ट्र की जनता ऋषभदेव का बहुमान करते हैं तो उन्होंने ऋषभ को धर्म-मर्यादा की रक्षा हेतु राज्याभिषिक्त कर ब्राह्मणों की देख-रेख में छोड़ दिया और स्वयं स्वपत्नी सहित 'बदरिकाश्रम' चले गये। वहाँ अनुद्वेगपूर्ण अहिंसा की कठोर साधना कर अन्त में नर-नारायण रूप स्वरुप में लीन हो गये।[५७]

भगवान् ऋषभदेव ने अपने देश अजनाभखण्ड को कर्मभूमि मानकर लोक-संग्रह के लिए कुछ काल में गुरुकुलवास किया। गुरुदेव को यथोचित दक्षिणा देकर गृहस्थाश्रम में प्रवेश की आज्ञा ली। जनता को गृहस्थ-धर्म की शिक्षा देने के लिये देवेन्द्र प्रदत्त कन्या जयन्ती से विवाह किया, तथा शास्त्रोपदिष्ट कर्मों

---

५४ बर्हिषि तस्मिन्नेव विष्णुदत्त भगवान् परमर्षिभिः प्रसादितो नाभेः प्रिय चिकीर्षया तदवरोधायने मरुदेव्यां धर्मान् दर्शयितुकामो वातरशनानां श्रमणनामृषीणामूर्ध्व-मन्थिनां शुक्लया तन्वावतार। -श्रीमद्भागवत् ५।३।२०

५५ तस्य ह वा इत्थं वर्ष्मणा वरीयसा बहच्छलोकेन चौजसा बलेन श्रिया यशसा वीर्यशौर्याभ्यां च पिता 'ऋषभ' इतीदं नाम चकार। -वही ५।४।२

५६ वही ५।४।३

५७ श्रीमद्भागवत ५।४।५

का समाचरण करते हुए स्वसदृश गुणवान् सौ पुत्रों के पिता बने।[५८] उनमें महायोगी भरत ज्येष्ठ और श्रेष्ठ थे, अतः उनके नाम से इस अजनाभखण्ड को भारतवर्ष कहने लगे। उनके छोटे कुशावर्त, इलावर्त, ब्रह्मावर्त, मलय, केतु, भद्रसेन, इन्द्रस्पृक, विदर्भ और कीकट ये नौ राजाकुमार थे। उनसे छोटे कवि, हरि, अन्तरिक्ष, प्रबुद्ध, पिप्पलायन, आविर्होत्र द्रुमिल, चमस और करभाजन; ये नौ राजकुमार भागवत धर्म का प्रचार करने वाले, परम शान्त और भगवद्भक्त थे। इनके छोटे जयन्ती के इक्यासी पुत्र अति विनीत, महान् वेदज्ञ और आज्ञाकारी थे, वे पुण्यकर्मों का अनुष्ठान करने से ब्राह्मण हो गये ।[५९]

यद्यपि भगवान् ऋषभदेव परम स्वतन्त्र होने के कारण स्वयं सर्वदा सर्व प्रकार की अनर्थ परम्परा से रहित, केवल आनन्दानुभव स्वरूप और साक्षात् ईश्वर ही थे तथापि उन्होंने कालानुसार धर्म का आचरण करके उसका तत्त्व न जाननेवाले अज्ञानी मानवों को धर्म की शिक्षा दी, साथ ही सम, शान्त, सुहृद् और कारुणिक रहकर धर्म, अर्थ, कीर्ति, पुत्रादि-संतति और विषय-भोग से प्राप्त होने वाले यथेष्ट आचरण से हटाकर समस्त संसार को शास्त्रोक्त आचरण में लगाया। क्योंकि 'महाजनो येन गतः सः पन्थाः' महापुरुष जैसा आचरण करते हैं, वही विश्व के लिए शास्त्ररूप बन जाता है। यद्यपि वे स्वयं धर्म के रहस्य को जानते थे, तथापि ब्राह्मणों द्वारा कथित साम-दाम आदि उपायों से जनता का पालन करने लगे, और शास्त्रोक्त विधि के अनुसार सौ बार यज्ञेश्वर प्रभु का यज्ञों से पूजन किया। उनके राज्य में ब्राह्मण से लेकर चाण्डाल तक एक भी पुरुष ऐसा नहीं था। जो अपने परमपिता ऋषभराज की प्रसन्नता के अलावा अन्य किसी वस्तु की कामना करता हो। यही नहीं, आकाशकुसुमादि अविद्यमान वस्तु की भाँति कोई किसी वस्तु की ओर दृष्टिपात भी नहीं करता था।

## ४. पुत्रों को उपदेश

एक बार भगवान् ऋषभदेव परिभ्रमण करते हुए 'ब्रह्मावर्त' देश में पहुँचे। वहाँ उद्भट विद्वानों और ब्रह्मर्षियों के समक्ष अपने विनीत पुत्रों को मोक्ष-मार्ग का सुन्दर उपदेश देते हुए कहा- पुत्रो ! यह मनुष्य शरीर, दुःखमय विषयभोगों के लिये ही नहीं है, ये भोग तो विष्ठाभोजी कूकर शूकरादि को भी मिलते हैं, इस नश्वर देह से अन्तःकरण की शुद्धि हेतु दिव्य-तप का ही आचरण करना चाहिये, इसी से ब्रह्मानन्द की संप्राप्ति होती है। जब तक आत्मा को स्वात्मतत्त्व की जिज्ञासा नहीं होती, तभी तक अज्ञानवश देहादिक द्वारा उसका स्वरूप आवृत्त रहता है, और तब तक मन में कर्मवासनाएँ भी बनी रहती हैं, तथा इन्हीं से देह-बन्धन की प्राप्ति होती है। स्वात्मकल्याण किसमें है ? इस बात से अनभिज्ञ पुरुष विविध कामभोगों में फंसकर परस्पर वैरभाव की वृद्धि कर लेते हैं, वे यह नहीं सोचते कि इन वैर विरोधों के कारण नरकादि घोर दुःखों की प्राप्ति होगी।[६०]

मेरा यह अवतार-शरीर सर्वदा अचिन्तनीय है। शुद्ध सत्त्व हृदय में ही धर्म की स्थिति है, मैंने अधर्म को अपने से बहुत दूर ढ़केल दिया है इसी से सत्पुरुष मुझे 'ऋषभ' कहते हैं।[६१]

इस प्रकार भगवान् ने अपने पुत्रों को शरीर, धन आदि की नश्वरता व स्वात्म-तत्परता का सुन्दर उपदेश दिया और अन्त में कहा कि तुम सब मेरे शुद्ध सत्त्वमय हृदय से उत्पन्न हुए हो अतः ईर्ष्या भाव

---

५८ वही ५।४।८ ५९ वही ५।४।९-१३

६० 'लोकः स्वयं श्रेयसि नष्टदृष्टि-
योऽर्थान् समीहेत निकामकामः।
अन्योन्यवैरः सुखलेशहेतो-
रनन्तदुःखं च न वेद मूढः।। -श्रीमद्भागवत ५।५।१६

६१ इदं शरीरं मम दुर्विभाव्यं
सत्त्वं हि मे हृदयं यत्र धर्मः।
पृष्ठे कृतो मे यदधर्म आराद्
अतो हि मामृषभं प्राहुरार्याः।। -वही ५।५।१९

का परित्याग कर अपने ज्येष्ठ बन्धु भरत की निष्कपट बुद्धि से सेवा करो, यही मेरी सच्ची पूजा है।

इस तरह सुशिक्षित कर सौ पुत्रों में ज्येष्ठ भरत को भगवद् भक्त परायण जानकर और शासन-सूत्र का निर्वाह करने में सर्वथा योग्य समझकर राज्य पदासीन कर दिया।[६२]

## ५. पूर्ण त्यागी

भरत को राज्यभार सौंपकर भगवान् ऋषभ स्वयं उपशमशील निवृत्तिपरायण महामुनियों को भक्ति, ज्ञान और वैराग्यरूप परमहंसोचित धर्मों की शिक्षा देने के लिये पूर्णतः विरक्त हो गये। उन्होंने केवल शरीर मात्र का परिग्रह रखा, अन्य सब कुछ छोड़कर वे सर्वथा पूर्ण त्यागी हो गये। उस समय उनके बाल बिखरे हुए थे, उन्मत्त का सा वेष था, इस स्थिति में वे अग्निहोत्र की अग्नियों को अपने में ही समाहित करके संन्यासी बनकर 'ब्रह्मावर्त' देश से बाहर निकल गये। वे सर्वथा मौन हो गये थे, कोई बात करना चाहता तो उससे बात भी नहीं करते थे। अवधूत का वेश बनाकर जड़, अंध, बधिर, गूंगे अथवा पिशाचग्रस्त मनुष्य की भाँति पागलों की तरह यत्र-तत्र विचरने लगे। मार्ग में अधम पुरुष उन्हें ललकार कर, ताड़ना देकर, उनके शरीर पर मल-मूत्र कर, धूल और पत्थर आदि मारकर अनेक प्रकार के दुर्वचन कहकर उन्हें सताते, परन्तु जिस प्रकार वनहस्ती मक्षिकाओं के आक्रमण की परवाह नहीं करता, तथैव वे भी इन कष्टों से तनिक भी विचलित नहीं होते और सदा आत्मस्थ रहते थे।

## ६. अजगर वृत्ति

जब भगवान् ऋषभदेव ने देखा, कि यह मानव-मेदिनी योग-साधना में विघ्न रूप है अतः अब बीभत्सवृत्ति से रहना ही उचित है, तब उन्होंने अजगर वृत्ति (एक ही स्थान पर स्थित रहकर प्रारब्ध कर्मों का भोग करना) धारण की। वे लेटे-लेटे ही अन्नादि का भोजन करते और पड़े-पड़े ही मल-मूत्रदि का त्याग करते, जिससे उनका शरीर मल-मूत्र से सन जाता था। परन्तु उनके मल-मूत्र से ऐसी सुगन्ध निकलती थी, कि उससे दस योजन पर्यन्त देश सुगन्धित हो उठता था। इसी प्रकार कुछ दिन तक उन्होंने गौ, मृग व कौओं की वृत्ति को धारण किया और उन्हीं की भांति कभी खड़े हुए, कभी बैठे हुए अथवा कभी लेटकर आहार-निहार आदि व्यवहार करने लगे। इस प्रकार नानाविध योगों का आचरण करते हुए भगवान् ऋषभदेव को अनेकों अणिमादि सिद्धियाँ प्राप्त हुईं, पर उन्होंने उनकी ओर आँख उठाकर भी नहीं देखा।

## ७. अद्भुत अवधूत

भगवान् ऋषभदेव लोकपाल शिरोमणि होकर भी सब ऐश्वर्यों को तृणतुल्य त्याग कर अकेले अवधूतों की भाँति विविध वेष, भाषा और आचरण से अपने ईश्वरीय प्रभाव को छिपाये रहते थे। वे दक्षिण प्रान्त के कर्णाटक देश में जाकर कूटक पर्वत के बगीचे में मुख में पत्थर का ग्रास लेकर चिरकाल तक उन्मत्तवत् केश खोले घूमते रहे। यद्यपि वे जीवन्मुक्त थे, तो भी योगियों को देह-त्याग की विधि सिखाने के लिये उन्होंने स्थूल शरीर का त्याग करना चाहा। जैसे कुम्भकार का चाक घुमाकर छोड़ देने पर भी थोड़ी देर तक स्वयं ही घूमता रहता है, उसी तरह लिंग-शरीर का त्याग कर देने पर भी योगमाया की वासना द्वारा भगवान् ऋषभ का स्थूल शरीर संस्कारवश भ्रमण करता हुआ कूटकाचल पर्वत के उपवन को प्राप्त

६२ श्रीमद्भागवत ५।५।२८

हुआ। इसी समय वायुवेग से झूमते हुए बांसों के घर्षण से प्रबल दावाग्नि धधक उठी और उसने सारे वन को अपनी लाल-लाल लपटों में लेकर ऋषभदेवजी को शरीर सहित भस्म कर डाला। इस प्रकार ऋषभदेव ने संसार को परमहंसों के श्रेष्ठ आचरण का आदर्श प्रस्तुत कर अपनी लीला संवरण की।

## ८. महाराजा भरत

भगवान् ऋषभदेव की आज्ञा का पालन कर भगवद् भक्त भरत ने शासन-सूत्र संभाला और विश्वरूप की कन्या 'पञ्चजनी' के साथ विवाह किया। जिस प्रकार तामस अहंकार से शब्दादि पाँच भूत तन्मात्र उत्पन्न होते हैं उसी प्रकार पञ्चजनी के गर्भ से 'सुमति, राष्ट्रभृत, सुदर्शन, आवरण और धूम्रकेतु' नामक पाँच पुत्र उत्पन्न हुए। जो सर्वथा पितातुल्य थे। महाराजा भरत भी स्वकर्मनिरत प्रजा का अत्यन्त वात्सल्य भाव से पालन करने लगे। इन्होंने यज्ञ-पुरुषरूप भगवान् का समय-समय पर अपने अधिकार के अनुसार 'अग्निहोत्र, दर्श, पौर्णमास, चातुर्मास्य, सोमयाग' प्रभृति छोटे-बड़े यज्ञों द्वारा श्रद्धापूर्वक आराधन किया। उस यज्ञकर्म से होने वाले पुण्यरूप फल को वे यज्ञ-पुरुष भगवान् को अर्पित कर देते थे। इस प्रकार भक्तियोग का आचरण करते हुए उन्हें कई हजार वर्ष व्यतीत हो गये।

एक करोड़ वर्ष व्यतीत हो जाने पर राज्य-भोग का प्रारब्ध क्षीण हुआ और उन्होंने वंशपरम्परागत सम्पत्ति को यथायोग्य पुत्रों में बाँट दिया, स्वयं पुलस्त्य महर्षि के आश्रम (हरिक्षेत्र) को चले गये। महर्षि भरत गण्डकी नदी के किनारे पुलस्त्याश्रम की पुष्प-वाटिका में रहते हुए विषय-वासनाओं से मुक्त होकर अनेक प्रकार के पत्र, पुष्प, तुलसीदल, जल, कन्द, फल आदि सामग्रियों से भगवान् की अर्चना करने लगे। इस प्रकार सतत भगवदाराधना करने से उनका हृदय भगवत्प्रेम से भर गया, जिससे उनकी भगवद्आराधना ठीक तरह से नहीं हो पाती थी। वे भगवत्प्रेम में इतने मस्त हो जाते कि अर्चना-विधि विस्मृति के गर्त में खो जाती थी।

## ९. भरतजी की साधना

एक दिन भरतजी गंडकी नदी में स्नान-सन्ध्यादिक नित्य नैमित्तिक कर्म करके ओंकार का जाप करते हुए तीन घण्टे तक नदी-तट पर बैठे रहे। इतने में एक प्यासी हिरणी वहाँ आयी, उसने ज्योंही जल पीना प्रारम्भ किया, कि सिंह की गम्भीर गर्जना से वह भयाकुल हो गई। जल पीना छोड़कर उसने बड़े वेग से नदी के उस पार छलांग लगायी। छलांग मारते हुए असमय ही उसका गर्भपात हो गया। मृगी तो नदी के उस पार पहुँच गयी, किन्तु वह मृग-शावक बीच जल-धारा में ही गिर पड़ा। मृगी भी शारीरिक वेदना और भय से अभिभूत हुई एक गुफा में पहुँची और मर गई।

यह समस्त दृश्य प्रत्यक्ष निहारकर भरतजी का कोमलहृदय करुणा से भर गया। उन्होंने उस शावक को जल-धारा से बाहर निकाला, और उस मातृहीन मृग-छौने को अपने आश्रम में ले आये। मृग-शावक के प्रति भरतजी की ममता उत्तरोत्तर बढ़ती ही गयी, वे बड़े चाव से उसे खिलाते, पिलाते, हिंसक जन्तुओं से उसकी रक्षा करते, उसके शरीर को खुजलाते और सहलाते। इस प्रकार धीरे-धीरे उनकी मृग-शावक के प्रति अत्यन्त गाढ़ आसक्ति हो गई। इस कारण कुछ ही दिनों में उनके यम-निमय, और भगवत्पूजा आदि आवश्यक कृत्य छूट गये। उनकी आसक्ति कर्त्तव्य-बुद्धि के रूप में आकर उन्हें धोखा देने लगी। वे सोचते कि कालचक्र ने ही इस मृग-छौने को माता-पिता से छुड़वाकर मेरी शरण में पहुँचाया है, अतः मुझे अपने आश्रित की सेवा करनी चाहिये।

## १०. भरत की आसक्ति

शनैः-शनैः भरतजी की आसक्ति मृग-छौने के प्रति इतनी अधिक बढ़ गयी, कि बैठते, सोते, उठते, टहलते और भोजन करते उनका चित्त उसके दृढ़ स्नेहपाश से आबद्ध रहता। जब उन्हें पत्र-पुष्पादि लेने जाना होता तो भेड़ियों और कुत्तों के भय से उसे वे साथ ही लेकर जाते। मार्ग में कहीं कोमल धास देखकर हरिणशावक अटक जाता तो वे अत्यन्त प्रेम-पूर्ण हृदय से अपने कंधे पर चढ़ा लेते, कभी गोदी में उठाकर छाती से लगा लेते। नित्य-नैमित्तिक कर्मों को करते समय भी राज-राजेश्वर भरत बीच-बीच में उठकर उस मृग-शावक को देखते, और कभी दिखायी नहीं देता तो अत्यन्त उद्विग्नतापूर्वक दीन पुरुष की भाँति विलाप करते।

## ११. भरत का मृग बनना

एक दिवस भरत मृग-छौने के निकट ही बैठे हुए थे, कि अकस्मात् करालकाल उपस्थित हो गया, और उन्होंने मृग-शावक के ध्यान में ही प्राण त्याग दिये। 'अन्त मतिः सा गतिः' इस उक्ति के अनुसार वे मरकर मृग बने, परन्तु भगवदाराधना के प्रभाव से उनकी पूर्वजन्म की स्मृति नष्ट नहीं हुई। उन्होंने सोचा, 'अरे, मैंने यह क्या अनर्थ कर डाला। एक मृग-छौने के मोह में लक्ष्यच्युत होकर मैंने दुर्लभ मानव-जन्म को स्वयं ही खो दिया।' अब तो वे पूर्णतया सावधान हो गये। वे अपने परिवार को छोड़कर जन्मभूमि कालिञ्चर पर्वत से उसी पुलस्त्याश्रम में चले आये और वहाँ सर्वसंगों का परित्याग कर अन्त में अपने शरीर के अर्धभाग को गण्डकी नदी में डुबोये रखकर मृग-योनि का त्याग किया।

## १२. राजर्षि भरत की महत्ता

अन्त में राजर्षि भरत की श्रेष्ठता का बयान करते हुए भागवत-पुराणकार ने कहा है, 'जैसे गरूड़जी की होड़ कोई मक्खी नहीं कर सकती, उसी प्रकार राजर्षि भरत के पथ का अन्य कोई राजा मन से भी अनुसरण नहीं कर सकता।[६३] उन्होंने अति दुस्त्यज पृथ्वी, पुत्र, स्वजन, सम्पत्ति और नारी का तथा जिसके लिये बड़े-बड़े देवता भी लालायित रहते हैं, वह लक्ष्मी उन्हें सहज सुलभ थी, तथापि किसी भी वस्तु की लेशमात्र भी आकांक्षा नहीं की; क्योंकि जिसका चित्त भगवान् मधुसूदन की सेवा में अनुरक्त हो गया है, उनकी दृष्टि में मोक्षपद भी अत्यन्त तुच्छ है।

भागवतपुराण में भरती का पुत्र 'सुमति' बताया है। उसने ऋषभदेवजी के मार्ग का अनुसरण किया। इसीलिये कलियुग में बहुत से पाखण्डी अनार्य पुरुष अपनी दृष्ट-बुद्धि से वेद विरुद्ध कल्पना करके उसे देव मानेंगे।[६४]

## १३. स्मृति और पुराणों में

भगवान् ऋषभदेव की स्तुति मनुस्मृति में भी की गई है। वहाँ कहा है-अड़सठ तीर्थों में यात्रा करनें से जिस फल की प्राप्ति होती है, उतना फल एक आदिनाथ भगवान् के स्मरण से होता है।[६५]

लिंग पुराण में ऋषभदेव का सविस्तृत वर्णन मिलता है। नाभिराजा के खानदान का निरूपण करते

---

६३ आर्षमस्येह राजर्षेमनसापि महात्मनः।
नानुवर्त्मार्हती नृपो मक्षिकेव गरूत्मतः।।
यो दुस्त्यजान् क्षितिसुतस्वजनार्थदारान्।
प्राथ्यां श्रियं सुरवरैः सदयावंलोकम्।।
नैच्छन्नृपस्तदुचितं महतां मधुद्विट्-
सेवानुरक्तमनसामभवोऽपि फल्गुः।। -श्रीमद्भागवतपुराण, ५।१४।४२-४४

६४ भरतस्यात्मजः सुमतिर्नामाभिहितो यमु ह वाव केचित्पाखण्डीन ऋषभपदवी-मनुवर्तमानं चानार्या अवेदसमाम्नातां देवतां स्वमनीषया पापीयस्या कलौ कल्पयिष्यन्ति। -श्रीमद्भागवतपुराण, ५।१५।१

६५ अष्टषष्टिपु तीर्थेषु यात्रायां यत्फलं भवेत्।
श्री आदिनाथस्य देवस्य स्मरणेनापि तद्भवेत्।। -मनुस्मृति

हुए बताया है- नाभि के मरुदेवी रानी के गर्भ से महान् बुद्धिधारक, राजाओं में श्रेष्ठ, समस्त क्षत्रियों द्वारा पूज्य ऋषभ नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। ऋषभदेव अपने ज्येष्ठ पुत्र भरत को राज्य सौंपकर, तथा ज्ञान और वैराग्य का अवलम्बन लेकर इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करने लगे। अपनी आत्मा में ही आत्मा द्वारा परमात्मा की स्थापना करके निराहारी रहने लगे। ऐसे समय में उनके केश बढ़ गये थे। आशाओं से विप्रमुक्त सन्देह से रहित उनकी साधना उन्हें मोक्ष ले जाने में सहायक हुई।[६६]

शिवपुराण में ऋषभ का उल्लेख करते हुए लिखा है, कि नाभि के ऋषभादि मुनीश्वर पुत्र हुए और उन ऋषभदेव के सौ पुत्र हुए। उन सब पुत्रों में भरत बड़े थे। नौ पुत्रों ने दीक्षा धारण कर वीतराग पद को प्राप्त किया। भगवान् ऋषभदेव की कर्म-परायण बुद्धि ने शेष इक्यासी पुत्रों को कार्य-कुशल बना दिया और वे सब कार्य सम्हालने लगे। क्षत्रियोचित कर्त्तव्य का पालन कर अन्त में मोक्ष मार्ग के पथिक बने।[६७]

इसी प्रकार आग्नेपुराण,[६८] ब्रह्माण्ड-पुराण[६९], विष्णुपुराण,[७०] कूर्मपुराण[७१] नारदपुराण[७२], वाराहपुराण,[७३] स्कन्धपुराण[७४] आदि पुराणों में ऋषभदेव भगवान् का नामोल्लेख ही नहीं, वरन् उनके जीवन की घटनाएँ भी विस्तृत रूप से दी गई हैं।

इस प्रकार सभी हिन्दु-पुराण इस विषय में एकमत हैं, कि नाभि के पुत्र ऋषभदेव, उनकी माता मरुदेवी तथा पुत्र भरत थे जो अपने सौ भाइयों से ज्येष्ठ थे।

---

६६ नामेनिसर्ग वक्ष्यामि हिमांकेऽस्मिन्नबोधत।
नाभिस्त्वजनयत्पुत्रं मरुदेव्यां महामतिः।।
ऋषमं पार्थिवं श्रेष्ठं सर्वक्षत्रस्य पूजितम्।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताग्रजः।।
सोऽभिषिंच्याऽपि ऋषभो भरतं पुत्रवत्सलः।
ज्ञानवैराग्यगाश्रित्य जितेन्द्रिय महोरगान्।।
निराशस्त्यक्तसन्देहः शैवमाय परं पदम्। -लिंगपुराण, ४८।१९-२३

६७ तस्य पुत्रास्तदा जाता ऋषभाद्याः मुनीश्वराः।
तस्य पुत्रशतं ह्यासीदृषभस्य महात्मनः।।
सर्वेषां चैव पुत्राणां ज्येष्ठों भरत एव च।
नवयोगीन्द्रतां प्राप्ताः वीतरागास्तथाऽभवन्।।
जनकस्य तु विज्ञातं तैर्दत्तं तु महात्मनः।
एकाशीतिः ततो जाताः कर्ममार्गपरायणाः।
क्षत्रियाणां यथाकर्म कृत्वा मोक्षपरायणाः।
ऋषभश्वोर्वरिताना हिताय ऋषिसत्तमाः।। -शिवपुराण ५२।८५

६८ जरामृत्युभयं नास्ति धर्माधर्मो युगादिकम्ः।
नाधर्म मध्यमं तुल्या हिमादेशात्तु नाभितः।।
ऋषभो मरुदेव्यां च ऋषभाद् भरतोऽभवत्।
ऋषभोदात्त श्रीपुत्रे शाल्यग्रामें हरिं गतः।। -आग्नेयपुराण १०।११-१२

६९ नाभिस्त्वजनयत् पुत्रं मरुदेव्यां महाद्युतिम्।
ऋषभं पार्थिवं श्रेष्ठं सर्वक्षत्रस्य पूर्वजम्।। -ब्रह्माण्डपुराण पूर्व १४।५३

७० न ते स्वस्ति युगावस्था क्षेत्रेष्वष्टुस सर्वदा।
हिमाह्ययं तु वै वर्ष नाभेरासीन्महात्मनः।।
तस्यर्षमोऽवत्पुत्रो मरुदेव्यां महाद्युतिः।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे ज्येष्ठः पुत्रशतस्य सः।। -विष्णुपुराण, द्वितीयांश, अ. १।२६-२७

७१ हिमाह्ययं तु यद्वर्ष नाभेरासीन्महात्मनः।
तस्यर्षभोऽभवत्पुत्रो मरुदेव्यां महाद्युतिः।।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रः शताग्रजः।
सोऽभिषिच्यर्षमः पुत्रं भरतं पृथिवीपतिः।। -कूर्मपूराण ४१।३७।३८

७२ नारदपुराण, पूर्वखंड, अ. ४८

७३ नाभिर्मरुदेव्यां पुत्रमजनयत् ऋषभनामानं तस्य भरतः पुत्रश्च। -वाराहपुराण अ. ७४

७४ नामेः पुत्रश्च ऋषभः ऋषभाद् भरतोऽभवत्। -स्कन्धपुराण अ. ३७

# ◆ इतर साहित्य में ऋषभदेव

* बौद्ध साहित्य में ऋषभदेव
* इतिहास और पुरातत्व के आलोक में
* पाश्चात्य विद्वानों की खोज

## * बौद्ध साहित्य में ऋषभदेव :

बौद्ध-वाङ्मय में श्रमण भगवान् महावीर के जीवन-प्रसंग और निर्ग्रन्थ धर्म का उल्लेख अनेक स्थलों पर उपलब्ध होता है। यद्यपि जैन-आगम ग्रन्थों में महावीर के समकालीन व्यक्ति के रूप में बुद्ध का संकेत तक भी नहीं मिलता, किन्तु बौद्ध त्रिपिटकों में 'निगंठ नायपुत्त' का निर्देश, तथा एक प्रबल प्रतिद्वन्दी के रूप में उनका विवरण बहुतायत से मिलता है, अतः बुद्ध, भगवान् महावीर के समकालीन होने से उनका उल्लेख बौद्ध साहित्य में हुआ है। जैन साहित्य में तथागत बुद्ध का उल्लेख न होने का कारण यह है कि भगवान् महावीर कुछ पहले हुए हैं और बुद्ध बाद में हुए हैं। महावीर के समय बुद्ध का इतना प्रचार नहीं था पर बुद्ध के समय महावीर का पूर्ण प्रचार हो चुका था। अतः अपने प्रचार के लिये बुद्ध को महावीर का विरोध करना आवश्यक हो गया था। यह सत्य है कि भगवान् ऋषभदेव का वर्णन जैसा वैदिक साहित्य में सविस्तृत मिलता है, उतना बौद्ध साहित्य में नहीं। तथापि यत्र-यत्र भगवान् महावीर तथा भरत के साथ-साथ भगवान् ऋषभदेव का उल्लेख मिलता है। धम्मपद में ऋषभ और महावीर का एक साथ नाम आया है।[१]

जैन साहित्य में कुलकरों की परम्परा में नाभि और ऋषभ का जैसा स्थान है वैसा ही स्थान बौद्ध परम्परा में महासमंत्त का है।[२] सामयिक परिस्थिति भी दोनों में समान रूप से चित्रित हुई है। संभवतः बौद्ध परम्परा में ऋषभ का ही अपर नाम महासमत्त हो।

बौद्धग्रन्थ 'आर्य मञ्जुश्री मूलकल्प' में भारत के आदि-सम्राटों में नाभिपुत्र ऋषभ और ऋषभपुत्र भरत का उल्लेख किया गया है— उन्होंने हिमालय से सिद्धि प्राप्त की।[३] वे व्रतों का परिपालन करने में दृढ़ थे, वे ही निर्ग्रन्थ तीर्थंकर ऋषभदेव जैनों के आप्तदेव थे।[४] इसी ग्रन्थ में एक स्थान पर कपिल के

---

१ उसभं पवरं वीरं महेसिं विजिताविनं।
अनेजं नहातकं बुद्धं तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं।। धम्मपद ४२२

२ दीघनिकाय-(क) अग्गञ्ञसुत्त भाग ३ (ख) जैन साहित्य का बृहद् इतिहास, भाग १, प्रस्तावना, पृ० २२।

३ जैनदृष्टि से सिद्धि-स्थल अष्टापद है, हिमालय नहीं। -लेखक

४ प्रजापतेः सूतो नाभि तस्यापि आगमुच्यति।
नाभिनो ऋषभपुत्रों वै सिद्ध कमं दृढ़व्रत।।
तस्यापि मणिचरो यक्षः सिद्धो हैमवते गिरौ।
ऋषभस्य भरतः पुत्रः सोडपि मंजतान तदा जपेत।।
निर्ग्रन्थ तीर्थंकर ऋषभ निर्ग्रन्थ रूपि... -आर्य मंजुश्री मूलकल्प श्लो० ३९०-३९२

साथ भी उनका उल्लेख किया गया है।[5] धम्मपद में ऋषभ को सर्वश्रेष्ठ वीर अभिहित किया है।[6]

न्यायबिन्दु नामक ग्रन्थ में धर्मकीर्ति ने सर्वज्ञ के दृष्टान्त में भगवान् ऋषभदेव और भगवान् महावीर का नामोल्लेख देते हुए कहा है- 'जो सर्वज्ञ अथवा आप्त हैं, वे ज्योतिर्ज्ञानादिक के उपदेष्टा होते हैं, जैसे- ऋषभ, वर्धमान अदि।[7]

आर्यदेव विचरित षट्शास्त्र में भी ऋषभदेव का उल्लेख किया गया है। वहाँ कपिल, कणाद आदि ऋषियों के साथ ऋषभदेव की मान्यता का वर्णन है। उन्होंने लिखा है कपिल, ऋषभ और कणादादि ऋषि 'भगवत्' कहे जाते हैं। ऋषभदेव के शिष्य निर्ग्रन्थ धर्म-शास्त्रों का पठन करते हैं। ऋषभ कहते हैं 'तप का आचरण करो, केश-लुञ्चनादि क्रियाएँ करो, यही पुन्यमय हैं।' उनके साथ कुछ ऐसे अध्यापक थे जो व्रत, उपवास व प्रायश्चित्त आदि करते, अग्नि तपते, सदैव स्थिर रहते, मौन-वृत्ति धारण करते थे गिरि-शिखर से पथन करते अथवा ऐसी क्रियाओं का समाचरण करते थे जो उन्हें गौ-सदृश शुक्ल बनाती थीं। उन क्रियाओं को वे पुण्यशाली समझते थे, और वे समझते थे, कि इस प्रकार हम अति शुक्ल-धर्म का आचरण करते हैं।[8]

त्रिशास्त्र-संप्रदाय के संस्थापक श्री चि-त्संग ने उपर्युक्त कथन का विश्लेषण करते हुए कहा है- 'ऋषभ तपस्वी ऋषि हैं, उनका सदुपदेश है, कि हमारे देह को सुख-दुःख का अनुभव होता है। दुःख, पूर्व-संचित कर्म-फल होने से इस जन्म में तप-समाधि द्वारा नष्ट किया जा सकता है, दुःख का नाश होने से सुख तत्क्षण प्रकट हो जाता है। ऋषभदेव का धर्म ग्रन्थ 'निर्ग्रन्थ सूत्र' के नाम से विश्रुत है और उसमें सहस्रों कारिकाएँ हैं।'

इन्होंने स्वरचित उपाय हृदय शास्त्र में भगवान् ऋषभदेव के सिद्धान्तों का भी वर्णन किया है। उन्होंने बताया है, कि 'ऋषभदेव के मूल-सिद्धान्त में पञ्चविध ज्ञान, छह आवरण और चार कषाय हैं। पाँच प्रकार का ज्ञान-श्रुत, मति, अवधि, मनःपर्यव और केवल है। छह आवरण हैं— दर्शनावरणी, वेदनीय, मोहनीय, आयुष्य, गोत्र ओर नाम। इनकी विपक्षी शक्तियाँ छह ऐश्वर्य हैं। चार कषाय— क्रोध, मान, माया और लोभ हैं। इस प्रकार ये ऋषभदेव के मूलभूत सिद्धान्त हैं, इसी कारण वे 'भगवत्' कहे जाते हैं।[9]

श्री चि-त्संग ने यद्यपि जैनदर्शन सम्मत सिद्धान्तों का ही वर्णन प्रस्तुत किया है तथापि कुछ त्रुटियाँ क्रमापेक्षा और संख्यापेक्षा से हैं। उन्होंने षट्-शास्त्र में उल्लिखित उलूक, कपिल, आदि ऋषियों के बारे में अपना मन्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा है, कि ''इन सब ऋषियों के मत ऋषभदेव के धर्म की ही शाखाएँ हैं।[10] ये सब ऋषि ऋषभदेव के समान ही उपवासादि करते थे, परन्तु इनमें कुछ ऋषि फल के तीन टुकड़े दिन-भर में ग्रहण करते थे, कुछ ऋषि वायु का आसेवन करते थे और तृण, घास आदि का आहार करते थे तथा मौन-वृत्ति को धारण करते थे।''[11]

इनके अतिरिक्त बौद्ध साहित्य में ऋषभदेव के सम्बन्ध में अन्यत्र वर्णन नहीं मिलता है।

## ⁂ इतिहास और पुरातत्त्व के आलोक में :

भगवान् ऋषभदेव प्रागऐतिहासिक युग में हुए हैं। आधुनिक इतिहास उनके सम्बन्ध में मौन है। ऐतिहासिक

५ कपिल मुनिनाम ऋषिवरो, निर्ग्रन्थ तीर्थङ्कर... -वही ३९२

६ उसभं पवरं वीरं -धम्मपद ४२२

७ यः सर्वज्ञ आप्तो वा स ज्योतिर्ज्ञानादिकमुपदिष्टवान् तद्यथा ऋषभवर्धमानादिरिति।

८ तैशोत्रिपिटक ३३।१६८

9 A Commentary on the Sata Sastra, 1, 2. Taishotr. Vol. 42, p. 244.

10 These teachers are offshoots of the sect of Rishabha.

11 Vol. 42, p. 427.

दृष्टि से अर्हत् अरिष्टनेमि, पुरुषादानी पार्श्व और महावीर ये तीन ऐतिहासिक पुरुष हैं, किन्तु ऋषभदेव इतिहास की परिगणना के पूर्व हुए हैं, तथापि पुरात्व आदि सामग्री से ऋषभदेव के सम्बन्ध में पर्याप्त प्रकाश पड़ता है।

मोहनजोदड़ो की खुदाई से सम्प्राप्त मोहरों में एक ओर नग्न ध्यानस्थ योगी की आकृति अङ्कित है तो दूसरी ओर वृषभ का चिह्न है, जो भगवान् ऋषभदेव का लांछन माना जाता है, अतः विज्ञों का ऐसा अभिमत है, कि यह ऋषभदेव की ही आकृति होनी चाहिये, और वे उस युग में जन-जन के आराध्य रहे होंगे।

स्वर्गीय डॉ. रामधारीसिंह दिनकर लिखते हैं— मोहन-जो-दड़ो की खुदाई में प्राप्त मोहरों में से एक में योग के प्रमाण मिले हैं । एक मोहर में एक वृषभ तथा दूसरी ओर ध्यानस्थ योगी है और जैन धर्म के आदि तीर्थङ्कर ऋषभदेव थे। उनके साथ भी योग की परम्परा इसी प्रकार लिपटी हुई है। यह परम्परा बाद में शिव के साथ समन्वित हो गई। इस दृष्टि से कई जैन विद्वानों का यह मानना अयुक्ति युक्त नहीं दिखता कि ऋषभदेव वेदोल्लिखित होने पर भी वेद-पूर्व हैं।[१२]

मथुरा के संग्रहालय में जो शिलालेख उपलब्ध हुए हैं, वे दो सहस्र वर्ष पूर्व राजा कनिष्क और हुविष्क प्रभृति के शासन काल के हैं। डॉ० फूहरर उन शिलालेखों के गंभीर अनुसंधान के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुँचे, कि प्राचीन युग में ऋषभदेव का अत्यधिक महत्व था, वे जन-जन के मन में बसे हुए थे। उन्हें भक्ति-भावना से विभोर होकर लोग अपनी श्रद्धा अर्पित करते थे।

सी. विसेन्ट ए. स्मिथ का यह अभिमत है, कि मथुरा से जो सामग्री प्राप्त हुई है, वह लिखित जैन परम्परा के समर्थन में विस्तार से प्रकाश डालती है और साथ ही जैनधर्म की प्राचीनता के सम्बन्ध में अकाट्य प्रमाण भी प्रस्तुत करती है एवं इस बात पर बल देती है, कि प्राचीन समय में भी जैनधर्म इसी रुप में मौजूद था। ई. सन् के प्रारम्भ में भी अपने विशेष चिह्नों के साथ चौबीस तीर्थङ्करों की मान्यता में दृढ़तम विश्वास था।[१३]

अन्तर्राष्ट्रीय विद्वान डॉ. हर्मन जेकोबी ने तीर्थङ्करों की ऐतिहासिकता पर अनुसंधान करते हुए लिखा, कि पार्श्वनाथ को जैन धर्म का प्रणेता या संस्थापक सिद्ध करने के लिये कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। जैन परम्परा प्रथम तीर्थङ्कर ऋषभदेव को जैनधर्म का संस्थापक मानने में एकमत है। इस मान्यता में ऐतिहासिक सत्य की सम्भावना है।[१४]

श्री स्टीवेन्सन ने डॉ. हर्मन जेकोबी के अभिमत का समर्थन करते हुए लिखा है, कि जब जैन और ब्राह्मण दोनों ही ऋषभदेव को इस कल्प काल में जैनधर्म का संस्थापक मानते हैं तो प्रस्तुत मान्यता को अविश्वसनीय नहीं माना जा सकता।[१५]

श्री वरदाकान्त मुखोपाध्याय एम. एन. ए. ने विभिन्न ग्रन्थ और शिलालेखों के परिशीलन के पश्चात् दृढ़ता के साथ इस बात पर बल दिया है, कि लोगों का यह भ्रमपूर्ण विश्वास है, कि पार्श्वनाथ जैन धर्म

---

१२ आजकल, मार्च १९६२ पृ. ८।

13 The discoveries have to a very large extent supplied corroboration to the written Jain tradition and they offer tangible incontrovertible proof of the antiquity of the Jain religion and of its early existence very much in its present from. The series of twentyfour pontiffs (ThirthAnkaras), each with his distinctive emblem, was evidently firmly believed in at the beginig of the Christian era.

-The Jain Stup- Mathura, Intro., p. 6

14 There is nothing to prove that Parshva was the founder of Jainism. Jain tradition is unanimous in making Rishabha something historical in the tradition which makes him the first Tirthanakara.

-Indian Antiquary, Vol. IX, P. 163

15 It is so seldom that Jains and Brahmanas argee, that I do not see how we can refues them credit in this instance, Where they do so. -Kalpa Sutra. Intro., P. XVI

के संस्थापक थे, किन्तु सत्य यह है, कि इसका प्रथम प्रचार ऋषभदेव ने किया और उसकी पुष्टि में प्रमाणों का अभाव नहीं है।[१६]

कितने ही पुरातत्त्वविज्ञ तीर्थङ्करों के सम्बन्ध में अनुसंधान कर जैन धर्म के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखते हैं कि निस्संदेह जैन धर्म ही सम्पूर्ण विश्व में एक सच्चा धर्म है और यही समस्त मानवों का आदि धर्म है।[१७]

प्रोफेसर तान-युन-शान के शब्दों में 'अहिंसा का प्रचार वैज्ञानिक तथा स्पष्ट रुप से जैन तीर्थङ्करों द्वारा किया गया है जिसमें अन्तिम महावीर वर्धमान थे।'

केन्द्रीय धारा सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष षण्मुख चेट्टी का यह अभिमत है कि भारत के जैनी ही यहाँ के मूलनिवासी हैं क्योंकि आर्य लोग जब बाहर से भारत में आये थे उस समय भारत में जो द्रवीड़ लोग रहते थे उनका धर्म जैन धर्म ही था।

महामहोपाध्याय डॉ. शतीशचन्द्रजी विद्याभूषण, प्रिंसिपल संस्कृत कालेज, कलकत्ता का यह मन्तव्य है कि जैन धर्म तब से प्रचलित है जब से संसार में सृष्टि का आरम्भ हुआ है। मुझे इसमें किसी प्रकार का उज्र नहीं है कि वह वेदान्त आदि दर्शनों से पूर्व का है।

लोकमान्य बालगंगाधर तिलक लिखते हैं- ग्रन्थों एवं सामाजिक आख्यानों से जाना जाता है, कि जैन धर्म अनादि है-यह विषय निर्विवाद एवं मत-भेद से रहित है। सुतरां, इस विषय में इतिहास के सबल प्रमाण हैं...... जैन धर्म प्राचीनता में प्रथम नम्बर है। प्रचलित धर्मों में जो प्राचीन धर्म हैं, उनमें भी यह प्राचीन है।'[१८]

महामहोपाध्याय पं. राम मिश्र शास्त्री जैन धर्म की प्राचीनता को सप्रमाण प्रस्तुत करते हुए लिखते हैं- "जैन धर्म तब से प्रचलित हुआ जब से सृष्टि का प्रारम्भ हुआ। इसमें मुझे किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं है, कि जैन धर्म वेदान्तादि दर्शनों से पूर्व का है।"

सुप्रसिद्ध इतिहासज्ञ प्रो. मेक्समूलर जैन धर्म को अन्य धर्म की शाखा न मान कर लिखते हैं- "विशेषतः प्राचीन भारत में किसी भी धर्मान्तिर से कुछ ग्रहण करके एक नूतन धर्म प्रचार करने की प्रथा ही नहीं थी। जैन धर्म हिन्दूधर्म से सर्वथा स्वतन्त्र है, वह उसकी शाखा या रूपान्तर नहीं है।"

पाश्चात्य विचारक मेजर जनरल जे. सी. आर. फर्लांग, एफ. आर. एस. ई. ने लिखा है कि- "बौद्ध धर्म ने प्राचीन ईसाई धर्म को कौन से ऐतिहासिक साधनों से प्रभावित किया इसकी गवेषणा करते हुए यह निःसन्देह स्वीकार करना होगा कि इस धर्म ने जैन धर्म को स्वीकार किया था, जो वास्तव में अरबों, खरबों वर्षों से करोड़ों मनुष्यों का प्राचीन धर्म था।[१९] जैन धर्म के आरम्भ को जान पाना असम्भव है।[२०] भारतवर्ष का सबसे प्राचीन धर्म जैनधर्म ही है।"[२१]

सन १९५६ में जापान में जिमुजु विश्वधर्म परिषद का आयोजन हुआ था। उस आयोजन में बर्मा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति मा. यूचान. तुनआंग ने अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में कहा-"जैन

---

१६ जैनधर्म की प्राचीनता, पृ. ८

१७ Yea, his (Jain) religion is the only true one uponearth, the prinitive faith of all mankind.
- Description of the Character, Manners and Customs of the people of India and of their institutions religious and civil.

१८ अहिंसा वाणी, वर्ष ६, अंक ४, जुलाई ५६, पृ० १९७-१९८

१९ Through What Historical channels did Buddhism influence early Christianity, We must widen this enquiry by making it embrace Jainism the undoubtedly prior faith of comparative religion. -Intro, p. 1

२० It is impossible to find a beginning for Jainism -Ibid., p. 13

२१ Jainism thus appears an earliest faith of India. -Ibid., p. 15

धर्म संसार के ज्ञात सभी प्राचीन धर्मों में से एक है, और उसका घर भारत है।[२२]

डॉ. जिम्मर जैन धर्म को प्रागैतिहासिक तथा वैदिक धर्म से पृथक् धर्म है इसका प्रतिपादन करते हुए लिखते हैं ''ब्राह्मण आर्यों से जैन धर्म की उत्पत्ति नहीं हुई है, अपितु वह बहुत ही प्राचीन प्राक् आर्य उत्तर-पूर्वी भारत की उच्च श्रेणी के सृष्टि विज्ञान एवं मनुष्य के आदि विकास तथा रीति-रिवाजों के अध्ययन को व्यक्त करता है।[२३]

आज प्रागैतिहासिक काल के महापुरुषों के अस्तित्व को सिद्ध करने के साधन उपलब्ध नहीं हैं, इसका अर्थ यह नहीं है, कि वे महापुरुष हुए ही नहीं हैं। अवसर्पिणी काल में भोगभूमि के अन्त में अर्थात् पाषाण काल के अवसान पर कृषिकाल के प्रारम्भ में प्रथम तीर्थङ्कर ऋषभ हुए, जिन्होंने मानव को सभ्यता का पाठ पढ़ाया। उनके पश्चात् और भी तीर्थङ्कर हुए, जिनमें से कितनों का उल्लेख वेदादि ग्रन्थों में भी मिलता है, अतः जैन धर्म भगवान् ऋषभदेव के काल से चला आ रहा है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि, जैनधर्म प्रागैतिहासिक, अति प्राचीन और अनादि है। अतीत काल से प्रचलित धर्म है और उसके संस्थापक भगवान् ऋषभदेव हैं। सम्राट भरत उनके पुत्र थे। इन प्रमाणों के अतिरिक्त अन्य इतिहास के प्रमाण उपलब्ध नहीं होते, क्योंकि भगवान् ऋषभ प्रागैतिहासिक काल में हुए हैं।

पुरातात्विक दृष्टि से पृथ्वी पर मानव की उत्पत्ति लगभग अठारह लाख वर्ष पूर्व अफ्रिका में हुई थी, जबकि भारतवर्ष में मनुष्य जाति का आविर्भाव मध्य प्लायस्टोसिन (Middle Pleistocine) काल अर्थात् लगभग दो लाख वर्ष पूर्व माना गया है। प्रारम्भ के पाषाणयुगीन मानवों के औजार तो सरिता के तटों पर उपलब्ध हुए हैं। करीब पच्चीस हजार वर्ष पूर्व के मध्य पाषाणयुगीन मानवों ने शिकार के साथ कन्दमूल का आहार करना भी सीख लिया था, पर ईसा से चार सहस्र वर्ष पूर्व तक भारतीय मानव को मिट्टी के पात्रों का निर्माण करना और कृषि कर्म परिज्ञात नहीं था। क्वेटा के सन्निकट कीली गोल मोहम्मद के पुरातात्त्विक उत्खनन से ज्ञात मिट्टी के पात्र रहित ग्राम्य संस्कृति का समय कार्बन-१४ की प्रविधि से ३६९०-८५ ई. पू. व ३५१०—५१५ ई. पू. निश्चित किया गया है। इस समय तक पशुपालन और कृषि का प्रारम्भ हो चुका था। सिन्धु घाटी सभ्यता के पूर्व की कोटड़जी और कालीबंगा की संस्कृति का समय तीन हजार ई. पूर्व निश्चित किया गया है। जिस समय मिट्टी के पात्र एवं सुव्यवस्थित भव्य भवन बनाने का कार्य प्रारम्भ हो चुका था। सिन्धु घाटी सभ्यता का विस्तार सौराष्ट्र तथा पश्चिमी राजस्थान के अतिरिक्त गंगा घाटी में आलमगिरपुर तक था। जिसका समय पच्चीस सौ से अठारह ई. पूर्व माना जाता है। प्रस्तुत आर्येतर संस्कृति के प्रति घृणा के भाव ऋग्वेद के प्रारम्भिक सूक्तों में प्रकट हुए हैं। राजस्थान एवं मध्यप्रदेश की ताम्राश्मयुगीन ग्राम्य संस्कृति का काल १९०० से ६०० ई. पूर्व तथा गंगा-यमुना की घाटी में विकसित आकर वेयर की ग्राम्य संस्कृति अठारह सौ से ग्यारह सौ ई. पू. और उसी परम्परा में आर्यों से सम्बद्ध की जाने वाली चित्रित सिलेटी पात्रों की संस्कृति का काल ग्यारह सौ ई. पू. माना गया है।

भारत के सुप्रसिद्ध इतिहासज्ञ श्री जयचन्द विद्यालंकार ने लिखा है— ''जैनों का मत है, कि जैनधर्म अति प्राचीन है, और महावीर से पूर्व तेईस तीर्थङ्कर हो चुके हैं, जो उस धर्म के प्रवर्तक एवं प्रचारक थे। सर्वप्रथम तीर्थङ्कर सम्राट ऋषभदेव थे जिनके एक पुत्र भरत के नाम से इस देश का नाम भारतवर्ष प्रसिद्ध हुआ।''

जैनधर्म के आद्य-संस्थापक भगवान् ऋषभदेव के जन्म, राज्यशासन का मुख्य केन्द्र अयोध्या और

---

२२ अहिंसा वाणी, वर्ष ६, अंक ७, अक्टूबर १९५६, पृ. ३०५।

२३ Jainism, does not derive from Brahman Aryan sources but reflects the cosmology and anthropology of a much old, Pre-Aryan upper class of north-eastern India. -The Philosophies of India, p. 217

इक्ष्वाकुभूमि, हस्तिनापुर आदि बस्ती का समय ई. पू. अठारह सौ वर्ष मानते हैं। यह जो मन्तव्य है वह ऐतिहाजिसक विद्वानों का है।

ऋषभदेव और परवर्ती तीर्थङ्करों के वंश, जन्मस्थली, वर्ण, नाम एवं शासन क्षेत्र से उन्हें आर्यरक्त मानने की परम्परा उचित है। यद्यपि पुरातत्ववेत्ता गंगा घाटी की चित्रित सिलेटी पात्र संस्कृति को ही आर्यों से सम्बन्धित करते हैं, क्योंकि इसके पूर्व की आर्यों की भूमि के रूप में सप्तसिंधु प्रदेश और ब्रह्मवर्त प्रदेश की प्रतिष्ठा वैदिक साहित्य में प्रगट होती है।

सिन्धु घाटी की आर्येत्तर सभ्यता के प्राप्त ध्वंसाशेष और उत्खननों से भी यही प्रतीत होता है, कि जैनधर्म के आदि संस्थापक ऋषभदेव थे। यदि हम जैनेतर साहित्यिक प्रमाणों का विवेचन करें, तो उनका चरित्र पौराणिक मनु से मिलता है।

ऋग्वेद में वर्णित वातरशना मुनि व ऋषभदेव श्रमण संस्कुति से सम्बन्धित हैं।

ऋग्वेद हम्मुराबी (ई. पू. २१२३-२०१८) के अभिलेखों, सिन्धु सभ्यता, सूमेरू सभ्यता एवं ईरान में वृषभ को देव रूप माना गया था। सम्भवतः कृषि कर्म की महत्ता के कारण वृषभ को यह विशिष्ट गौरव प्रदान किया गया होगा। भारत की आर्येतर सिन्धु सभ्यता में बैल की मृण्मय मूर्तियाँ एवं मुद्रांकित श्रेष्ठ आकृतियों से ऋषभदेव की महत्ता स्पष्ट होती है।

### * पाश्चात्य विद्वानों की खोज :

जैन धर्म भारत के ही विविध अंचलों में नहीं अपितु वह एक दिन विदेशों में भी फैला हुआ था। हमारे प्रस्तुत कथन की पुष्टि महान् विचारक पादरी रेवरेण्ड एब्बे जे. ए. डुबाई ने अपनी फ्रान्सीसी भाषा की पुस्तक में एक जगह की है। वे लिखते हैं– ''एक युग में जैन धर्म सम्पूर्ण एशिया में साइबेरिया से राजकुमारी तक और केस्पीयन झील से लेकर केम्स चटका खाड़ी तक फैला हुआ था।'' रेवरेण्ड डुबाई के प्रस्तुत अभिमत की पुष्टि में भी अनेक प्रमाण हैं। विदेशों में अनेक स्थलों पर खुदाई करने पर तीर्थङ्करों की विभिन्न मुद्राएँ प्राप्त हुई हैं जो वहाँ की अनुश्रूतियों में भी विभिन्न घटनाओं एवं तथ्यों को उजागर करती हैं।

भगवान् ऋषभदेव विदेशों में भी परमाराध्य रहे हैं। वहाँ पर वे कृषि के देवता, वर्षा के देवता और सूर्य देव के रूप में उपास्य रहे हैं।

डॉ. कामताप्रसाद जैन ने सभी मान्यताओं और गवेषणाओं का वर्गीकरण करते हुए लिखा है– ''पूर्व में चीन और जापान भी उनके नाम और काम से परिचित हैं। बौद्ध-चीनी त्रिपिटक में उनका उल्लेख प्राप्त होता है। जापानियों ने (Rok' shab) कहकर आह्वान किया है। मध्य एशिया, मिश्र और युनान में वे सूर्यदेव ज्ञान की दृष्टि से आराध्य रहे हैं, और फोनेशिया में रेशेफ नाम से बैल के चिह्न में उट्टङ्कित किये गये हैं। मध्य एशिया में ऋषभदेव (Bull God) अर्थात् 'बाड आल' नाम से अभिहित किये गये हैं। फणिक लोगों की भाषा में रेशेफ शब्द का अर्थ 'सींगों वाला देवता' है, जो ऋषभ के बैल के चिह्न का द्योतक है। साथ ही 'रेशेफ' शब्द का साम्य भी 'ऋषभ' शब्द से है।''

प्रोफेसर आर. जी. हर्ष ने अपने अन्वेषणात्मक लेख[२४] में लिखा है- 'आलसिफ (साइप्रस) से प्राप्त अपोलो (सूर्य) की ई. पूर्व बारहवीं शती की प्रतिकृति का द्वितीय नाम 'रेशेफ' (Reshf) है। प्रस्तुत रेशेफ 'ऋषभ' का ही अपभ्रंश रूप हो सकता है और सम्भव है, कि यह ऋषभ ही ऋषभदेव होने चाहियें।

२४ बुलेटिन आफ दी डैक्कन कॉलेज रिसर्च इन्स्टीटयूट, भाग १४, खण्ड ३, पृ. २२६- २३६।

यूनान में सूर्यदेव अपोली को ऐसी प्रतिकृतियाँ प्राप्त हुई हैं, जिनका साम्य ऋषभदेव की प्रतिकृति के साथ हो सकता हैं।'

डॉक्टर कालीदास नाग ने मध्य एशिया में डेल्फी स्थल से संप्राप्त एक आर्गिव प्रतिमूर्ति का चित्र अपनी पुस्तक में दिया है, जिसे वे लगभग दस सहस्र वर्ष पुराना मानते हैं, जो भगवान् ऋषभदेव की आकृति से मिलता-जुलता है। इसमें कन्धों पर लहराती जटाएँ भी दिखाई गई हैं, जो उनके केश रखने का प्रतीक है। 'आर्गिव' शब्द का अर्थ सम्भवतः अग्रमानव या अग्रदेव के रूप में हो सकता है।

'फणिक लोग जैनधर्म के उपासक भी थे' प्रस्तुत कथन जैन कथा साहित्य में आये हुए फणिक लोगों के उदाहरणों से ज्ञात होता हैं। अतः फणिकों के बाडल (Bull God) ऋषभ ज्ञात होते हैं। यह नाम प्रतीकवादी शैली में है।

इस प्रकार भारत के अतिरिक्त बाह्य देशों में भी भगवान् ऋषभदेव का विराट् व्यक्तित्व विभिन्न रूपों में चमका है। सम्भव है, उन्होंने मानवों को कृषि कला का परिज्ञान कराया था अतः वे 'कृषि देवता' कहे गये हों। आधुनिक विज्ञ उन्हें 'एग्रीकल्चर एज' का मानते हैं। देशना रूपी वर्षा करने से वे 'वर्षा के देवता' कहे गये हैं। केवलज्ञानी होने से 'सूर्यदेव' के रूप में मान्य रहे हैं।

ऋषभदेव का जीवन व्यक्तित्व और कृतित्व विश्व के कोटी-कोटी मानवों के लिये कल्याणरूप, मंगलरूप व वरदानरूप रहा है। वे श्रमण संस्कृति व ब्राह्मण संस्कृति के आदि पुरुष हैं। वे भारतीय संस्कृति के ही नहीं; मानव संस्कृति के आद्य-निर्माता हैं। उनके हिमालय सदृश विराट् जीवन पर दृष्टिपात करने से मानव का मस्तिष्क ऊँचा हो जाता है और अन्तरभाव श्रद्धा से नत हो जाता है।

# 5

# ।। जैन धर्म का मौलिक इतिहास ।।

**आचार्य हस्तीमलजी**

जैन शास्त्रों के अनुसार इस अवसर्पिणीकाल में २४ तीर्थंकर, १२ चक्रवती, ९ वासुदेव, ९ प्रतिवासुदेव और ९ बलदेव- ये ६३ उत्तम पुरुष हुए हैं। इनको शास्त्रीय परिभाषा में त्रिषष्ठि शलाका पुरुष कहा जाता है। इनका विस्तृत चित्रण प्राचीन जैन-जैनेंतर ग्रन्थों के आधार से इस ग्रन्थ में सुन्दर रूप से प्रस्तुतिकरण किया गया है।

यहाँ इस ग्रन्थ में समाविष्ट भगवान् ऋषभदेव और अष्टापद विषयक कुछ तथ्यों का निदर्शन किया गया है।

*** देशना और तीर्थ स्थापना :**

केवलज्ञानी और वीतरागी बन जाने के पश्चात् ऋषभदेव पूर्ण कृतकृत्य हो चुके थे। वे चाहते तो एकान्त साधना से भी अपनी मुक्ति कर लेते, फिर भी उन्होंने देशना दी। इसके कई कारण बताये गये हैं। प्रथम तो यह कि जब तक देशना दे कर धर्मतीर्थ की स्थापना नहीं की जाती, तब तक तीर्थंकर नाम कर्म का भोग नहीं होता। दूसरा, जैसा कि प्रश्नव्याकरण सूत्र में कहा गया है, समस्त जगजीवों की रक्षा व दया के लिये भगवान् ने प्रवचन दिया।[१] अतः भगवान् ऋषभदेव को शास्त्र में प्रथम धर्मोपदेशक कहा गया है। वैदिक पुराणों में भी उन्हें दशविध धर्म का प्रवर्तक माना गया है।[२]

जिस दिन भगवान् ऋषभदेव ने प्रथम देशना दी, वह फाल्गुन कृष्णा एकादशी का दिन था। उस दिन भगवान् ने श्रुत एवं चारित्र धर्म का निरूपण करते हुए रात्रिभोजन विरमण सहित अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रहरूप पंचमहाव्रत धर्म का उपदेश दिया।[३]

प्रभु ने समझाया कि मानव-जीवन का लक्ष्य भोग नहीं योग है, राग नहीं विराग है, वासना नहीं साधना है, वृत्तियों का हठात् दमन नहीं अपितु ज्ञानपूर्वक शमन है।

---

१. प्रश्न प्र. संवर।

२. ब्रह्माण्ड पुराण...

३. (क) फग्गुणबहुले इक्कारसीई अह अट्ठमेणभत्तेण।
उप्पन्नंमि अणंते महव्वया पंच पन्नवए।।
-आवश्यक निर्युक्ति गाथा-३४०

(ख) सव्व जगजीव रक्खण दयट्ठयाए पावयणं भगवया सुकहियं।
-प्रश्न व्याकरण-२।१।

---

Rushabhdev Vol. I Ch. 2-C, Pg. 119-121

भगवान् की पीयूषवर्षिणी वाणी से निकले हुए इन विराग पूर्ण उद्गारों को सुन कर सम्राट् भरत के ऋषभसेन आदि पाँच सौ पुत्रों एवं सात सौ पौत्रों ने साधु-संघ में और ब्राह्मी आदि पाँच सौ सन्नारियों ने साध्वी-संघ में दीक्षा ग्रहण की।

महाराज भरत सम्यग्दर्शी श्रावक हुए।

इसी प्रकार श्रेयांशकुमार आदि सहस्रों नर-पुंगवों और सुभद्रा आदि सन्नारियों ने सम्यग्दर्शन और श्रावक-व्रत ग्रहण किया।

इस प्रकार साधु-साध्वी, श्रावक और श्राविका रूप यह चार प्रकार का संघ स्थापित हुआ। धर्म-तीर्थ की स्थापना करने से भगवान् सर्वप्रथम तीर्थङ्कर कहलाये।

ऋषभसेन ने भगवान् की वाणी सुनकर प्रव्रज्या ग्रहण की और तीन पृच्छाओं से उन्होंने चौदह पूर्व का ज्ञान प्राप्त किया।[४]

भगवान् के चौरासी गणधरों में प्रथम गणधर ऋषभसेन हुए। कहीं-कहीं पुडरीक नाम का भी उल्लेख मिलता है परन्तु समवायांग सूत्र आदि के आधार से पुंडरीक नहीं, ऋषभसेन नाम ही संगत प्रतीत होता है।

ऋषभदेव के साथ प्रव्रज्या ग्रहण करने वाले जिन चार हजार व्यक्तियों के लिये पहले क्षुधा, पिपासादि कष्टों से घबरा कर तापस होने की बात कही गई थी, उन लोगों ने भी जब भगवान् की केवल-ज्ञानोत्पत्ति और तीर्थ-प्रवर्तन की बात सुनी तो, कच्छ महाकच्छ को छोड़कर शेष सभी भगवान् की सेवा मे आये और आर्हती प्रव्रज्या ग्रहण कर साधु संघ में सम्मिलित हो गये।[५]

आचार्य जिनसेन[६] के मतानुसार ऋषभदेव के ८४ गणधरों के नाम इस प्रकार हैं :

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. वृषभसेन | १३. अग्निदेव | २५. सर्वसह | ३७. वसुसेन |
| २. कुम्भ | १४. अग्निभूति | २६. यज्ञ | ३८. साधुसेन |
| ३. दृढ़रथ | १५. तेजस्वी | २७. सर्वगुप्त | ३९. सत्यदेव |
| ४. शत्रुदमन | १६. अग्निमित्र | २८. सर्वप्रिय | ४०. सत्यवेद |
| ५. देवशर्मा | १७. हलधर | २९. सर्वदेव | ४१. सर्वगुप्त |
| ६. धनदेव | १८. महीधर | ३०. विजय | ४२. मित्र |
| ७. नन्दन | १९. माहेन्द्र | ३१. विजयगुप्त | ४३. सत्यवान् |
| ८. सोमदत्त | २०. वसुदेव | ३२. विजयमित्र | ४४. विनीत |
| ९. सुरदत्त | २१. वसुन्धर | ३३. विजयश्री | ४५. संवर |
| १०. वायशर्मा | २२. अचल | ३४. पराख्य | ४६. ऋषिगुप्त |
| ११. सुबाहु | २३. मेरु | ३५. अपराजित | ४७. ऋषिदत्त |
| १२. देवाग्नि | २४. भूति | ३६. वसुमित्र | ४८. यज्ञदेव |

४. तत्थ उसभसेणो णाम भरहस्स रन्नो पुतो सो धम्म सोऊण पव्वइतो तेण तिहिं पुच्छाहिं चोद्दसपुव्वाइं गहिताई उप्पन्ने विगते घुते, तत्थ बम्भीवि पव्वइया। -आ. चुर्णि पृ १८२

५. ''भगवओ सगासे पव्वइता।''

*-आ. नि. म. पृ. २३० (ब) त्रि. १/३/६५४*

६. हरिवंश पुराण, सर्ग १२, श्लोक ५४-७०

| | | | |
|---|---|---|---|
| ५०. यज्ञमित्र | ५८. प्रजापति | ६७. सुविशाल | ७६. भद्रावलि |
| ५१. यज्ञदत्त | ५९. सत्य यश | ६८. वज्र | ७७. नमि |
| ५२. स्वयंभुव | ६०. वरुण | ६९. वैर | ७८. विनमि |
| ५३. भागदत्त | ६१. धनवाहिक | ७०. चन्द्रचूड | ७९. भद्रबल |
| ५४. भागफल्गु | ६२. महेन्द्रदत्त | ७१. मेघेश्वर | ८०. नन्दी |
| ५५. गुप्त | ६३. तेजोराशि | ७२. कच्छ | ८१. महानुभाव |
| ५६. गुप्त फल्गु | ६४. महारथ | ७३. महाकच्छ | ८२. नन्दीमित्र |
| ५७. मित्र फल्गु | ६५. विजयश्रुति | ७४. सुकच्छ | ८३. कामदेव |
| | ६६. महाबल | ७५. अतिबल | ८४. अनुपम |

जबकि सुषम-दुःषम नामक तीसरे आरक के समाप्त होने में ८९ पक्ष (तीन वर्ष, आठ मास और पन्द्रह दिन) शेष रहे थे, उस समय प्रभु ऋषभदेव निर्वाण को प्राप्त हुए। प्रभु के साथ जिन १०,००० साधुओं ने पादपोपगमन संथारा किया था वे भी प्रभु के साथ सिद्ध-बुद्ध-मुक्त हुए।

*** निर्वाण महोत्सव :**

भगवान् ऋषभदेव का निर्वाण होते ही सौधर्मेन्द्र शक्र आदि ६४ इन्द्रों के आसन चलायमान हुए। वे सब इन्द्र अपने-अपने विशाल देव परिवार और अद्भुत दिव्य-ऋषि के साथ अष्टापद पर्वत के शिखर पर आये। देवराज शक्र की आज्ञा से देवों ने तीन चिताओं और तीन शिविकाओं का निर्माण किया। शक्र ने क्षीरोदक से प्रभु के पार्थिव शरीर को और दूसरे देवों ने गणधरों तथा प्रभु के शेष अन्तेवासियों के शरीरों को क्षीरोदक से स्नान करवाया। उन पर गोशीर्ष चन्दन का विलेपन किया गया। शक्र ने प्रभु के और देवों ने गणधरों तथा साधुओं के पार्थिव शरीरों को क्रमशः तीन अतीव सुन्दर शिविकाओं में रखा। ''जय जय नन्दा, जय जय भद्दा'' आदि जयघोषों और दिव्य देव वाद्यों की तुमुल ध्वनि के साथ इन्द्रों ने प्रभु की शिबिका को और देवों ने गणधरों तथा साधुओं की दोनों पृथक्-पृथक् शिबिकाओं को उठाया। तीनों चिताओं के पास आकर एक चिता पर शक्र ने प्रभु के पार्थिव शरीर को रखा। देवों ने गणधरों के पार्थिव शरीर उनके अन्तिम संस्कार के लिए निर्मित दूसरी चिता पर और साधुओं के शरीर तीसरी चिता पर रखे। शक्र की आज्ञा से अग्निकुमारों ने क्रमशः तीनों चिताओं में अग्नि की विकुर्वणा की और वायुकुमार देवों ने अग्नि को प्रज्वलित किया। उस समय अग्निकुमारों और वायुकुमारों के नेत्र अश्रुओं से पूर्ण और मन शोक से बोझिल बने हुए थे। गोशीर्षचन्दन की काष्ठ से चुनी हुई उन चिताओं में देवों द्वारा कालागरू आदि अनेक प्रकार के सुगन्धित द्रव्य ड़ाले गये। प्रभु के और उनके अन्तेवासियों के पार्थिव शरीरों का अग्नि-संस्कार हो जाने पर शक्र की आज्ञा से मेघकुमार देवों ने क्षीरोदक से उन तीनों चिताओं को ठण्डा किया। सभी देवेन्द्रों ने अपनी-अपनी मर्यादा के अनुसार प्रभु की डाढ़ों और दाँतों को तथा शेष देवों ने प्रभु की अस्थियों को ग्रहण किया।

तदुपरान्त देवराज शक्र ने भवनपति, वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देवों को सम्बोधित करते हुए कह- ''हे देवानुप्रियो ! शीघ्रता से सर्व-रत्नमय विशाल आलयों (स्थान) वाले तीन चैत्य-स्तुपों का निर्माण करो। उनमें से एक तो तीर्थङ्कर प्रभु ऋषभदेव की चिता पर, दूसरा गणधरों की चिता पर और तीसरा उन विमुक्त अणगारों की चिता के स्थान पर हो।'' उन चार प्रकार के देवों ने क्रमशः प्रभु की चिता पर, गणधरों की चिता पर और अणगारों की चिता पर तीन चैत्यस्तूपों का निर्माण किया।

आवश्यक निर्युक्ति में उन देवनिर्मित और आवश्यक मलय में भरत निर्मित चैत्यस्तूपों के सम्बन्ध में जो उल्लेख है, वह इस प्रकार है—

**मडयं मयस देहो, तं मरुदेवीए पढम सिद्धो त्ति।**
**देवेहिं पुरा महियं, झावणया अग्गिसक्कारो य।।६०।।**
**सो जिणदेहाईणं, देवेहिं कतो चितासु थूभा य।**
**सद्दो य रुण्णसद्दो, लोगो वि ततो तहाय कतो, ततो**
**तथा भगवदेहादिदगधस्थानेषु भरतेन स्तूपा कृता, ततो**
**लोकेऽपि तत आरभ्य मृतक दाह स्थानेषु स्तूपा प्रवर्तन्ते।। आवश्यक मलय।।**

भ० ऋषभदेव, उनके गणधरों और अन्तेवासी साधुओं की तीन चिताओं पर पृथक्-पृथक् तीन चैत्यस्तूपों का निर्माण करने के पश्चात् सभी देवेन्द्र अपने देव-देवी परिवार के साथ नन्दीश्वर द्वीप में गये। वहाँ उन्होंने भगवान् ऋषभदेव का अष्टाह्निक निर्वाण महोत्सव मनाया और अपने-अपने स्थान को लौट गये।[७]

वैदिक परम्परा के साहित्य में माघ कृष्णा चतुर्दशी के दिन आदिदेव का शिवलिंग के रूप में उद्भव होना माना गया है।[८] भगवान् आदिनाथ के शिव-पद प्राप्ति का इससे साम्य प्रतीत होता है। यह सम्भव है कि भगवान् ऋषभदेव की निषद्या (चिता स्थल) पर जो स्तूप का निर्माण किया गया वही आगे चल कर स्तूपाकार चिह्न शिवलिंग के रूप में लोक में प्रचलित हो गया हो।

## ⁕ Kevalgyan :

Rushabhdev traveled extensively for a period of 100 years into Arya and Anarya Desh to annihilate the four Ghati Karmas. All along, he led an austere life, walking barefoot and freeing his mind of evil thoughts, such as pride, greed, lust and fear. He observed perfect celibacy and exercised full control over mind and senses. Most of the time he maintained complete silence (Maun-vrat) as well as fasting for days. A considerable amount of his time was spent in the highest kind of meditation. Finally he observed Attam Tap (penace consisting of three consecutive days of fasting) sitting under a banyan tree in deep meditation and on the eleventh day in the second half of the Fagun he attained Kevalyan (absoute knowledge.)

Indra & other Gods thronged there to celebrate the fourth Kalyanak (Kevalgyan) They constructed a divine Assembly Hall known as Samovsarana for Adinath Bhagwan's first sermon. Samovsarana is either circular or square. There are three levels, lower is silver, middle is gold and upper is of precious stones. Lower one is for parking, middle one is for animals and uppermost for Sadhu-Sadhvis and Devta & human beings. During one of his sermons Adinath Bhagwan explained to Bharat about forth coming chovishi and 24 Tirthankars.

## ⁕ Moksha-Nirvana :

When he learnt that his life was to come to an end he went a top Mount Ashtapad along with 10000, Jain Munis for santhara (fasting unto death). When third era was short of three year & eight half month, on the thirteenth day of second half of Maha under the influence of Abhijeet Nakshatra -after six days of fasting, Bhagwan attained Nirvana (Salvation).

---

७. जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति और कल्पसूत्र १९९. सू.

८. ईशान संहिता

(क) माघे कृष्णे चतुर्दश्याभादिदेवो महानिशि
शिवलिंगगतयोदभूतः कीटिसूर्य-समप्रभः।।
तत्कालव्यापिनी ग्राह्या, शिवरात्रिवते तिथिः।

(ख) माघमासस्य शेषे या, प्रथमे फाल्गुनस्य च।
कृष्णा चतुर्दशी सा तु, शिवरात्रिः प्रकीर्तिता ।।
*(कालमाघवीय नागरखण्ड)*

# ॥ શ્રી ઋષભદેવ ચરિત્ર (સંક્ષિપ્ત) ॥

**દીપ્તિબેન કે. શાહ**
હાલમાં **પૂ.સા. હેમયશાશ્રીજી**

માતા - મરુદેવા

પિતા - નાભિરાજા

જન્મભૂમિ - અયોધ્યા




લંછન - વૃષભ

વર્ણ - સુવર્ણ

ઉંચાઈ - ૫૦૦ ધનુષ

આયુ - ૮૪ લાખ પૂર્વ (૧ પૂર્વ= ૭૦૫૬૦૦૦ કરોડ વર્ષ)

| ભવ | ૧ | ૨ | ૩ | ૪ | ૫ | ૬ | ૭ | ૮ | ૯ | ૧૦ | ૧૧ | ૧૨ | ૧૩ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| દેવ | | | ✔ | | લલિતાંગ | | | ✔ | | ✔ | | ✔ | |
| યુગલિક | | ✔ | | | | | ✔ | | | | | | |
| મનુષ્ય | ધન સાર્થ વાહ | | | વિદ્યાધર | | ✔ | | | જીવાનંદ વૈદ્ય | | વજનાભ ચક્રવર્તી | | શ્રી ઋષભ દેવ |

* પ્રથમ ભવ... ઘી વહોરાવતા સમ્યક્ત્વની પ્રાપ્તિ !
* પાંચમા ભવમાં... શ્રેયાંસકુમારનો જીવ પોતાની દેવી હતી.
* નવમા ભવમાં... ૫ મિત્રો સાથે મુનિની ચિકિત્સા કરી. દીક્ષા લીધી.
* અગ્યારમો ભવ... વીશ સ્થાનકની આરાધનાથી તીર્થંકર નામ કર્મની નિકાચના... કરી.
* સર્વાર્થસિદ્ધ વિમાનથી ચ્યવ્યા... માતાને વૃષભનું સ્વપ્ન... તેથી ઋષભ નામકરણ.
* ફાગણ વદ ૮- જન્મ ઈક્ષ્વાકુ વંશની સ્થાપના.
* સુનંદા અને સુમંગલા સાથે વિવાહ... સુમંગલાથી ભરત અને બ્રાહ્મીનું યુગલ અને બીજા ૪૯ યુગલ; અને સુનંદાથી બાહુબલી અને સુંદરીનું યુગલ... કુલ ૧૦૦ પુત્રો અને ૨ પુત્રી.
* રાજ્યકાળે... પુરુષોને ૭૨ કળા અને સ્ત્રીઓને ૬૪ કળા શીખવી.
* ફાગણ વદ ૮... દીક્ષા. છટ્ઠનો તપ... ૪ મુષ્ટિ લોચ... ૪૦૦૦ સાથે સંયમ...
* દીક્ષા કાળે... વરસીતપ ! હસ્તિનાપુરમાં શ્રેયાંસકુમારના હાથે શેરડીના રસથી પારણું.
* દીક્ષા પછી ૧૦૦૦ વર્ષે અટ્ઠમ તપ પૂર્વક કેવળજ્ઞાન-અલ્હાબાદમાં ૮૪ ગણધર.
* કેવળજ્ઞાન કાળે... પ્રત્યેક ફાગણ સુદ ૮ ઘેટીની પાયગેથી શત્રુંજય ઉપર, રાયણ વૃક્ષ નીચે પૂર્વ ૯૯ વાર સમોસર્યા !
* પોષ વદ ૧૩- નિર્વાણ કાળે... ૧૦૦૦૦ મુનિઓ સાથે ૬ દિવસના અણસણ પૂર્વક અષ્ટાપદ પર્વત ઉપર મોક્ષ.

# *Chapter 4*

# *Stories related to Ashtapad*

## શીતળ-શ્રેયાંસ-વાસુપૂજ્ય જિન વંદના...

सिरिसीयलो जिणेसो, नंदादेवीमणं बुहि-मंयको ।
दढरहनरिंदतणओ, मणवंछियदायगो मज्झ ।।१०।।

દઢરથ રાજાના પુત્ર, નંદાદેવીના હૃદયના આનંદરૂપ અને જગતને આહ્‌લાદ કરવામાં ચંદ્રસમાન એવા હે **શીતળસ્વામી** ! તમે અમને હર્ષકારી થાઓ. ૧૦

सिरिविण्हु माउतणओ, विण्हुनरिंदकुलमोत्तियाभरणं ।
नीसेयससिरिरमणो, सिज्जंसो देउ मे मोक्खं ।।११।।

શ્રી વિષ્ણુદેવીના પુત્ર, વિષ્ણુ રાજાના વંશમાં મોતી સમાન અને મોક્ષરૂપ લક્ષ્મીના ભરથાર એવા હે **શ્રેયાંસપ્રભુ** ! તમે કલ્યાણને માટે થાઓ. ૧૧

वसुपुज्जनरिंदसुओ, माइजयाहियपंकयाइच्चो ।
अरिहंतवासुपुज्जो, सिमस्सिरिं दिज्ज भव्वाणं ।।१२।।

વસુપૂજ્ય રાજાના પુત્ર, જયાદેવી રૂપ વિદૂર પર્વતની ભૂમિમાં રત્નરૂપ અને જગતને પૂજ્ય એવા હે **વાસુપૂજ્ય** ! તમે મોક્ષ લક્ષ્મીને આપો. ૧૨

1

# ॥ ભરત ચક્રવર્તી ॥

